


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025



4 जीएसटी सुधार से मजबूत होंगे एमएसएमई






मैट्रो
14 नर्मदा किनारे ग्राम सगडा झपनी .....


पीएम ने किया शिलान्यासः धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क से अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आधार, तीन लाख युवाओं को रोजगार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए, हर दुकान पर बोर्ड हो, गर्व से कहो- यह स्वदेशी है

# धार से 'स्वदेशी का शंखनाद'

## कारीगरों का हुनर अब पहुंचेगा वैश्विक बाजार स्वदेशी ही बनेगा विकसित भारत का आधार

**मोदी ने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत स्व-सहायता समूह की दीदी श्रीमती लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया**

**सुश्री आराधना कलमी को एक करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया**

प्रधानमंत्री मोदी ने मप्र के धार जिले से ट्रंप टैरिफ का जवाब स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करके दिया। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए। उसमें देशवासी के पसीने की खुशबू और देश की माटी की महक होनी चाहिए



रोड शो में जनता का अभिवादन करते पीएम मोदी



मोदी ने मंच के पीछे बने स्वास्थ्य जांच शिविर में नन्ही बिटिया जाह्नवी वर्मा को गोद में लेकर खूब दुलार किया



प्रधानमंत्री मोदी का राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ. यादव व पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल अभिवादन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के धार जिले से ट्रंप टैरिफ का जवाब स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करके दिया। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए। उसमें देशवासी के पसीने की खुशबू और देश की माटी की महक होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए।

हर दुकान पर बोर्ड हो, गर्व से कहो- यह स्वदेशी है। उन्होंने लोगों से नारा भी लगवाया कि गर्व से कहो, यह स्वदेशी है। प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) की सौगात देने बुधवार को धार जिले के भैंसोला गांव पहुंचे थे।

### तीन बड़े अभियानों को भी किया लांच

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया साथ ही राष्ट्रीय 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' महाअभियान, आठवें 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'आदि सेवा पर्व' का शुभारंभ कर 'सुमन सखी चैटवॉट' को लांच किया। प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना' योजना के तहत देशभर की 15 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की प्रसूति सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खाते में अंतरित की। मोदी ने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत स्व-सहायता समूह की दीदी श्रीमती लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया।

## पीएम मित्र पार्क देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पार्क पूरे मप्र के विकास को नई गति देगा। यहां होने वाले निवेश से प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश करेगी। मप्र विकास की नई इबारत भी लिखेगा। उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग से ही देश के विकास को नई मजबूती मिलेगी। पीएम मित्र पार्क देश की टैक्सटाइल इंडस्ट्री में नए ट्रांसफॉर्मेशन की राह खोलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि देश में 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित करने जा रहे हैं और इनके जरिए हम भारत को विश्व का टैक्सटाइल-हब बनाएंगे। इन पीएम मित्र पार्कों में बुना जाने वाला धागा, सिर्फ किसानों का ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा। महेश्वरी साड़ी मप्र की पहचान रही है। धार में पीएम मित्र पार्क के माध्यम से हम देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। मप्र में उच्च कोटि का कपास उपलब्ध है। पीएम मित्र पार्क की 80 प्रतिशत जमीन निवेशक कंपनियों को आवंटित की जा चुकी है। फाइव-एफ विजन - 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन से फॉरेन' पर काम जारी है।




### 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सुश्री आराधना कलमी को एक करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महाअभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा...पीएम मोदी ने गरीबों के जीवन में सुख-सुविधा और सम्मान दिया


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जो कभी कल्पना मात्र लगती थीं। जिस भारत की प्रगति को दुनिया असंभव मानती थी, वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने 'मोदी है तो मुमकिन है' की प्रतिबद्धता ने कर दिखाई। देश की बुनियादी सुविधाओं से लेकर बड़ी से बड़ी दुविधाओं का हल उन्होंने निकाला है। भारत की काया पलट दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर याद आ रहा है कि जिस तरह भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को गढ़ा, उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत की नींव रखकर नए भारत का निर्माण कर रहे हैं।

## मुकेश अंबानी... 2047 तक देश का नेतृत्व करें मोदी, वे अवतार पुरुष



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बधाई दी है। उन्होंने कामना की, कि पीएम मोदी 2047 तक यूं ही देश का नेतृत्व करते रहें। अंबानी ने पीएम को अवतार पुरुष बताते हुए कहा कि यह संयोग नहीं है कि पीएम मोदी का अमृत महोत्सव भी तब आया है, जब देश की आजादी का अमृत काल चल रहा है। ईश्वर ने खुद पीएम नरेंद्र मोदी को अवतार पुरुष के तौर पर भेजा है ।

## व्लादिमीर पुतिन ...भारत और रूस संबंधों को मजबूत करने में दिया योगदान



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। पुतिन ने मॉस्को तथा नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मजबूत करने में उनके अत्यंत व्यक्तिगत योगदान की सराहना की। पुतिन ने कहा कि आप हमारे देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी रूसी-भारतीय सहयोग विकसित करने में बड़ा व्यक्तिगत योगदान दे रहे हैं।

## जॉर्जिया मेलोनी...उनकी शक्ति उनका दृढ़ संकल्प प्रेरणा का स्त्रोत



**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के लिए एक खास संदेश लिखा और उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की। मेलोनी ने लिखा कि उनकी शक्ति, उनका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता प्रेरणा का स्रोत है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं उनके स्वास्थ्य और ऊर्जा की कामना करती हूं ।ताकि वे भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और हमारे राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें।







## नवरात्रि में शिफ्ट हो सकता है प्रधानमंत्री मोदी का दफ्तर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय नवरात्रि के दौरान साउथ ब्लॉक से शिफ्ट हो सकता है। 22 सितंबर से नवरात्रि शुरू हो रही है और इसी दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय नए पते पर शिफ्ट हो सकता है। वर्तमान में पीएमओ का पता रायसीना हिल्स पर स्थित राष्ट्रपति भवन के साउथ ब्लॉक में है। एग्ज़ीक्यूटिव एन्क्लेव परियोजना के तहत प्रधानमंत्री, कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के नए कार्यालय तीन इमारतों में होंगे। इस प्रोजेक्ट पर काम लंबे समय से चल रहा था। पुरानी इमारत नई सुविधाओं से लैस नहीं थी, जगह की कभी भी एक समस्या बन रही थी, इसी वजह से अब इसे शिफ्ट किया जा रहा है। कुछ दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने कर्तव्य भवन 3 का उद्घाटन भी किया था। उस मौके पर उन्होंने जोर देकर बोला था कि ब्रिटिश कालीन की जो इमारतें हैं। वहां पर जगह पर्याप्त नहीं है और रोशनी और वेंटिलेशन भी नहीं रहता। वैसे आगे चलकर पीएमओ का नाम भी बदला जा सकता है। सेवा को दर्शाने के लिए किसी दूसरे नाम पर विचार किया जा सकता है। नया ऑफिस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा ।

### एसएफजे का भारत विरोधी प्रदर्शन

# वैंकूवर दूतावास को घेरने की खालिस्तानी साजिश भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर (कनाडा)

अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे)' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है।

**आज वाणिज्य दूतावास पर कब्जा करने का ऐलान**

**भारतीय मूल के नागरिकों को दूतावास न आने की अपील**



### निज्जर की हत्या का उल्लेख

*संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितंबर 2023 को तत्कालीन कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी। पूर्व पीएम के बयान के करीब दो साल बाद सितंबर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन- एसएफजे ने कहा, दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंदरजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी।*

### एसएफजे ने लगाए बेतुके आरोप



एसएफजे ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर निशाना साधते हुए दिखाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं। एसएफजे का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे।

### खालिस्तान की मांग कर रहे

हाल ही में कनाडाई सरकार ने एक आंतरिक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें स्वीकार किया गया है कि चरमपंथी खालिस्तानी समूहों को कनाडा में रहने वाले कुछ लोगों और नेटवर्क से आर्थिक मदद मिल रही है। 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' और 'इंटरनेशनल एसवाईएफ' जैसे संगठनों का नाम शामिल है। कनाडाई कानून के तहत इन्हें आतंकी संगठन घोषित किया गया है। अब ये उग्रवादी समूह छोटे-छोटे गुटों के रूप में काम कर रहे हैं, जो किसी बड़े संगठन से सीधे जुड़े नहीं हैं, लेकिन खालिस्तान के समर्थन में सक्रिय हैं।

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री डार के बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ का तंज

# कुछ लोग कहते थे भारत-पाक संघर्ष उन्होंने रुकवाया, अब पता चल गया न

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बिना नाम लिए निशाना साधा**

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा*

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं।

लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री और डिप्टी पीएम इशाक डार ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं।

**भारत डिक्टेशन नहीं लेता अपनी स्क्रिप्ट खुद लिखता**

**भारत किसी के सामने झुका नहीं, न ही भविष्य में झुकेगा**

**आज का भारत धैर्यवान बलवान और सामर्थ्यवान भी**

### पटेल के अखंड भारत को मोदी आगे बढ़ा रहे



*रक्षा मंत्री ने कहा कि आज का भारत किसी से डिक्टेशन नहीं लेता, भारत अपनी स्क्रिप्ट खुद लिखता है। आज भारत एक ऐसे वर्ल्ड ऑर्डर की स्क्रिप्ट लिखने के लिए तैयार है, जिसे पूरी दुनिया हर्ष और स्वेच्छा से फॉलो करेगी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस अखंड भारत का निर्माण किया था, उसे आगे बढ़ाने का कार्य आज पीएम मोदी कर रहे हैं। आज भी दुनिया के सबसे धनी और सबसे शक्तिशाली लोगों को यह समझ लेना चाहिए कि भारत ने कभी किसी शक्ति के सामने सिर नहीं झुकाया और न ही भविष्य में कभी झुकाएगा।*

### देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद

राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन पोलो को भी याद किया और कहा कि रजाकारों का आतंक लगभग पहलगाम के आतंक के समान ही था जहां लोगों से धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भी रजाकारों की तरह भारत के सामाजिक सौहार्द्र पर प्रहार था। आज भी देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद हैं। मैं साफ कहना चाहता हूं, ये ही हमारे सबसे बड़े दुश्मन हैं। पर हम दृढ़ संकल्पित हैं कि इस सोच, इस विचारधारा और इस मानसिकता को भारत से पूरी तरह समाप्त करेंगे। भारत की अखंडता और एकता से बड़ा कोई मूल्य नहीं है।

### पटेल के ऋणी रहेंगे


*राजनाथ सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने राजनीतिक परिपक्वता और कुशल रणनीति के बल पर रियासतों को शांति से भारत में मिला लिया। भारत और भारत के लोग सदैव सरदार पटेल के ऋणी रहेंगे। सरदार पटेल के नेतृत्व में भारत ने ऑपरेशन पोलो शुरू किया। आज उस ऑपरेशन के विजय की वर्षगांठ है।*

### कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की फंडिंग रोकी

# कानून के दुरुपयोग पर ट्रंप प्रशासन के खिलाफ यूसी ने दायर किया केस

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन





कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के छात्रों, प्रोफेसरों और स्टाफ ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि प्रशासन शैक्षणिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी को कमजोर करने के लिए नागरिक अधिकार कानूनों का दुरुपयोग कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया (यूसी), लॉस एंजेलिस पर 1.2 बिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया और रिसर्च फंडिंग रोक दी। प्रशासन ने विश्वविद्यालय से कई शर्तें मानी जाने की मांग की है, जिनमें छात्रों और स्टाफ का डेटा सौंपना, डाइवर्सिटी स्कॉलरशिप खत्म करना, यूनिवर्सिटी कैंपस पर रातभर प्रदर्शन पर रोक और इमिग्रेशन एजेंसियों से सहयोग करना शामिल है।

### रूस का यूक्रेन पर हमला दागे 100 ड्रोन व 150 बम



**कीव।** रूसी सेना ने मंगलवार को यूक्रेन के जपोरिजिया शहर पर बड़े हमले किए। रूसी सैनिकों ने 100 से अधिक ड्रोन और लगभग 150 ग्लाइड बम दागे। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि अन्य यूक्रेनी शहरों पर भी हमले हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो हफ्तों में रूस ने 3,500 से अधिक ड्रोन, 2,500 से अधिक शक्तिशाली ग्लाइड बम और लगभग 200 मिसाइलें यूक्रेन के अंदर दागी हैं। समय आ गया है कि हम यूरोप की संयुक्त सुरक्षा बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली से करें। इसके लिए तकनीकें उपलब्ध हैं। सभी भागीदारों को मजबूत कार्रवाई करनी होगी। वहीं, ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन के लिए अमेरिकी हथियार सहायता के पहले पैकेज को मंजूरी दे दी गई है।



जबलपुर
गुरुवार, 18 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-12
वर्ष : 20, अंक : 142
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



**84.85 मीटर** की दूरी पर भाला फेंका

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे नीरज चोपड़ा

**पहले ही थ्रो में किया क्वालिफाई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 84.85 मीटर की दूरी का भाला फेंककर टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को क्वालिफाइंग राउंड में नीरज चोपड़ा ने अपने पहले ही थ्रो में ये कमाल किया। दरअसल, 84.50 मीटर क्वालीफिकेशन मार्क था। लेकिन नीरज चोपड़ा ने 84.85 मीटर की दूरी का भाला फेंका। गुरुवार को फाइनल खेला जाएगा। जहां नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम का आमना-सामना हो सकता है। दिलचस्प बात यह रही कि नीरज चोपड़ा के अलावा किसी भी एथलीट ने पहले राउंड में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल नहीं किया। बता दें कि नीरज चोपड़ा के ग्रुप में कुल 6 एथलीट हैं।

### आर्थिक स्थिति से ज्यादा बच्चे का कल्याण और उसकी बेहतरी प्राथमिकता


कोर्ट ने खारिज की मुस्लिम पर्सनल लॉ वाली दलील

## पिता अमीर हो तो भी मां से नहीं छीने जाएंगे बच्चे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी मां को केवल इसलिए बच्चे की कस्टडी से वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि वह आर्थिक रूप से पिता जितनी सक्षम नहीं है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चे की कस्टडी तय करते समय माता-पिता की आर्थिक स्थिति से ज्यादा बच्चे का कल्याण और उसकी बेहतरी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**मां की भावनात्मक देखभाल कहीं अधिक**



कोर्ट ने कहा कि मां की आर्थिक स्थिति कमजोर होने का मतलब यह नहीं है कि वह बच्चे की देखभाल करने में असमर्थ है। न्यायमूर्ति जावेद इकबाल वानी ने कहा कि बच्चों के लिए मां की भावनात्मक देखभाल और निरंतर संगति, पिता की आर्थिक संपन्नता से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह आदेश उस अपील पर आया जिसमें एक मां ने श्रीनगर की निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने मां द्वारा पूर्व में दिए गए एक आश्वासन का हवाला देते हुए बच्चों की कस्टडी पिता को सौंपने का आदेश दिया था।

## माता-पिता के जीवित रहते दादा-दादी की संपत्ति में नहीं मांग सकते हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि माता-पिता के जीवित रहते दादा-दादी की संपत्ति में हिस्से का दावा नहीं किया जा सकता। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 के आधार पर यह फैसला दिया गया। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि कोई पुरुष हिंदू बिना वसीयत के मृत्यु को प्राप्त होता है और उसके पीछे अनुसूची के प्रथम वर्ग में उल्लिखित वारिस छोड़ जाता है, तो उसकी संपत्ति केवल उन वारिसों को हस्तांतरित होगी।

**मुकदमा खारिज किया**



कोर्ट ने कहा कि पोते-पोतियां, जो किसी मृत संतान के बच्चे नहीं हैं, प्रथम वर्ग के वारिसों की सूची में शामिल नहीं हैं। इस आधार पर, एक हिंदू महिला द्वारा अपने पिता और पितृ पक्ष की चाची के खिलाफ दायर मुकदमे को खारिज कर दिया गया, जिसमें उसने अपने मृत दादा की संपत्ति में हिस्से की मांग की थी। महिला ने तर्क दिया था कि संपत्ति पैतृक थी, क्योंकि इसे उनके दादा ने स्वयं अर्जित किया था।

### खबर संक्षेप

**नीट यूजी काउंसलिंग राउंड 2 सीट आवंटन रिजल्ट जारी**



**नई दिल्ली।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने नीट यूजी काउंसलिंग 2025 के लिए राउंड 2 सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने दूसरे राउंड के लिए पंजीकरण कराया है, वे एमसीसी के पोर्टल mcc.nic.in के माध्यम से अपना आवंटन रिजल्ट देख सकते हैं। इस राउंड में सीटें आवंटित किए गए उम्मीदवारों को 18 से 25 सितंबर, 2025 के बीच अपने संबंधित कॉलेजों में रिपोर्ट करना होगा।

**मुंह में कपड़ा ठूंसा, गला दबाया, मां-बच्चे की हत्या**



**पन्ना।** अजयगढ़ थाना के माधोगंज इलाके मे मां और उसके मासूम बच्चे की निर्मम हत्या से इलाके मे हड़कंप मच गया माधोगंज के रहूनिया मे रहने वाली 25 वर्षीय सोनू कुशवाहा पति रामनारायण कुशवाहा व उसके 5 साल के मासूम बेटे की उसके घर पर अज्ञात हत्यारों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने माधौगंज चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

**ट्रक ड्राइवर-हेल्पर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर**



**इंदौर।** 15 लोगों को कुचलने वाले ट्रक ड्राइवर गुलशेर खान और हेल्पर शंकर को बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। दोनों का पांच दिन का रिमांड मांगा। इसे मंजूर करते हुए अदालत ने दोनों आरोपियों को 21 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब पुलिस दोनों से विस्तृत पूछताछ करेगी। एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा ने बताया कि गुलशेर और शंकर को सुबह 11 बजे कोर्ट में पेश किया गया।

### आम उपभोक्ता पर डील का कोई असर नहीं होगा, सरकार ने रेड लाइन (कृषि और डेयरी) तय की हैं और अभी तक मेंटेन की है और आगे भी रखेगी

# भारत-यूएस ट्रेड डीलः टैरिफ 50% से घटकर हो सकता है 10 से 15 प्रतिशत

*यूएस इंडस्ट्रियल पावर नहीं है। अमेरिका एग्रीकल्चर पावर है या इंडस्ट्री में बहुत हाई-टेक चीजें बनाता है- जैसे बोइंग। लेकिन सामान्य प्रोडक्ट्स जैसे टैक्सटाइल्स, लेदर, केमिकल्स में यूएस कहीं नहीं है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ट्रेड रिप्रेज़ेंटेटिव ऑफिस के अधिकारियों की एक टीम सोमवार रात नई दिल्ली पहुंची। 16 सितंबर को नई दिल्ली में अमेरिका के मुख्य वार्ताकर ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में हुई दिनभर की बातचीत के बाद भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि चर्चाएं सकारात्मक रहीं और दोनों पक्षों ने 'पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के शीघ्र निष्कर्ष के लिए प्रयास तेज करने' का फैसला लिया है।

यह बातचीत उस दौर के बाद आगे बढ़ने के संकेत मानी जा रही है जब अमेरिका ने भारत पर 27 अगस्त से 25% अतिरिक्त टैरिफ लगा दिए थे। यह कदम भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के कारण उठाया गया था जिसके चलते अमेरिका ने व्यापार वार्ता रोक दी थी। फिलहाल भारत पर ट्रंप ने कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रेड डील पर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं।

**डील से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' पर कोई असर नहीं पड़ेगा**



**50 प्रतिशत टैरिफ लागू होने के बाद से भारत के एक्सपोर्ट पर असर पड़ा**

**कुल 20 प्रतिशत एक्सपोर्ट यूएस जाता है**

**अमेरिका की उम्मीद भारत 'फ्री फ्लो ऑफ डेटा' रखे**

दुनिया के सबसे बड़े डेटा जेनरेटर देश चीन और भारत हैं। भारत अमेरिका के लिए सबसे बड़ा डेटा सप्लायर है, उनका जितना भी डिवेलपमेंट है जैसे कि सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल, वो सब इंडिया से है और काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए वो चाहते हैं कि भारत डेटा फ्लो पर कभी भी कोई प्रतिबंध, टैक्स ना लगाए। उनकी सबसे बड़ी उम्मीद है कि भारत 'फ्री फ्लो ऑफ डेटा' रखे। आरबीआई का नियम है कि फाइनेंस डेटा देश के सर्वर में ही रखा जाए, लेकिन अमेरिका ऐसा नहीं चाहता। इसलिए भारत को अपने हित में देखना चाहिए और दोनों पक्षों की सहमति से इसका एक हल देखना पड़ेगा। 'फ्री फ्लो ऑफ डेटा' से भारत का डिवेलपमेंट नहीं हो सकेगा।

**तो हमारे प्रोडक्ट्स यूएस में ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे**

ट्रंप ने सभी देशों के ऊपर टैरिफ लगाया है। लेकिन भारत और ब्राजील पर सबसे ज्यादा 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। चीन पर 30 प्रतिशत टैरिफ ही है। और मान लीजिए कि अगर ट्रेड डील होने के बाद भारत पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगता है तो चीन समेत कई देशों पर लगा टैरिफ हमसे ज्यादा हो जाएगा।

**निर्मला सीतारमण ने कही बड़ी बात**

**जीएसटी कटौती से लोगों के हाथ में आएंगे 2 लाख करोड़**



जीएसटी में बदलाव के ऐलान के बाद से माना जा रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था में पंख लग जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि जीएसटी में बदलाव से आम लोगों के पास 2 लाख करोड़ रुपए आएंगे। इससे लोग अपनी मर्जी से ज्यादा खर्च कर पाएंगे। विशाखापत्तनम में 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स' पर एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने यह बात कही।

### स्टेट बैंक में हथियारबंद बदमाश घुसे

## कर्मचारियों को बनाया बंधक, 21 करोड़ का सोना व 1 करोड़ रु. लूटे

**बदमाश चालू खाता खोलने के बहाने बैंक में आए थे**



एजेंसी ▶▶ विजयपुरा (कर्नाटक)


तीन नकाबपोश बदमाश चालू खाता खोलने के बहाने बैंक में आए और मैनेजर, कैशियर और अन्य कर्मचारियों को पिस्तौल और चाकुओं से धमकाया।

गिरोह ने कर्मचारियों के हाथ-पैर बांध दिए। कर्नाटक में देसी पिस्तौल और चाकुओं से लैस तीन नकाबपोश बदमाशों ने विजयपुरा में एक राष्ट्रीयकृत बैंक में कथित तौर पर लूटपाट की। उन्होंने कर्मचारियों को बांधकर 21 करोड़ रुपए से ज्यादा के सोने के गहने लूटकर फरार हो गए। बुधवार को यह वारदात मंगलवार शाम लगभग 6.30 बजे विजयपुरा जिले के चाडचन कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में हुई। एफआईआर में कहा गया है कि वे एक करोड़ से ज्यादा की नकदी और लगभग 21 करोड़ रुपए मूल्य के लगभग 20 किलो सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि बैंक मैनेजर की शिकायत के आधार पर इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और संदिग्धों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए बताया कि संदिग्धों ने नकली नंबर प्लेट वाली सुजुकी ईवीए गाड़ी का इस्तेमाल किया था।

### केरल में दिमाग खाने वाले अमीबा का खतरा

## अब तक 19 लोगों की हुई मौत सीधे दिमाग पर करता है अटैक

**केरल में गंभीर बीमारी से दहशत**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल से परेशान करने वाली खबर सामने आई है, यहां प्राथमिक अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस (पीएएम) के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दिया है। यह एक मस्तिष्क संक्रमण है जिसकी मृत्यु दर बहुत अधिक है। यह संक्रमण नेगलेरिया फाउलेरी के कारण होता है, जिसे आमतौर पर 'दिमाग खाने वाले अमीबा' के रूप में जाना जाता है। इस साल, केरल में पीएएम के 61 मामले सामने आए हैं और 19 मौतें दर्ज की गई हैं।

**क्या है पीएएम?**

केरल सरकार के एक दस्तावेज के मुताबिक, पीएएम केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। इसमें कहा गया है, यह संक्रमण दिमाग के ऊतकों को नष्ट कर देता है, जिससे ज्यादातर मामलों में गंभीर मस्तिष्क सूजन और मृत्यु हो जाती है। पीएएम दुर्लभ है और आमतौर पर स्वस्थ बच्चों, किशोरों और युवा वयस्कों में होता है। दस्तावेज में गर्म, विशेष रूप से स्थिर, ताजा पानी को मस्तिष्क-भक्षी अमीबा के वाहक के रूप में चिह्नित किया गया है।

### युवक की तलाश जारी

## बालाघाट में नक्सलियों ने किया युवक का अपहरण



■ पत्र में मौत की सजा देने की लिखी बात

**बालाघाट।** जिले में नक्सलियों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। नक्सली युवक का मोबाइल और बाइक छोड़कर चले गए। साथ ही वहां लाल स्याही से लिखा खत भी छोड़ा है। इसमें उन्होंने युवक पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाया है और उसे मौत की सजा देने की बात कही है। युवक की पहचान देवेंद्र यादव (22) के रूप में हुई है, जो लांजी थाना क्षेत्र के पोसेरा गांव का रहने वाला है। देवेंद्र के साथ अवधेश यादव भी था, जो मवेशी लाने जंगल गया था।

### यूपी के आगरा में बड़ी घटना

## चार्जिंग में ई स्कूटी में धमाका बुजुर्ग पति-पत्नी जिंदा जले

■ आग ने घर को अपनी चपेट में लिया



**आगरा।** यहां एक घर में चार्जिंग के समय स्कूटी में आग लग गई। इसके बाद आग घर में फैल गई, जिसकी चपेट में आने से बुजुर्ग पति-पत्नी की मौत हो गई। यह घटना जगदीशपुरा के लक्ष्मीनगर इलाके की है। यहां चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फट गई, जिसकी वजह से घर में आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से घर के निचले फ्लोर पर सो रहे 90 वर्षीय भगवती प्रसाद और उनकी 85 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी जिंदा जल गए। हादसा सुबह लगभग 4 बजे हुआ। घर के निचले हिस्से में बुजुर्ग माता-पिता रहते थे, जबकि ऊपर की मंजिल पर उनका बेटा प्रमोद अग्रवाल अपने परिवार के साथ था। प्रमोद की 14 वर्षीय बेटी काकुल दादा-दादी के पास ही सो रही थी। तभी इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में शॉर्ट सर्किट हुआ और जोरदार विस्फोट के बाद आग फैल गई।

दादा भगवती प्रसाद ने किसी तरह पोती काकुल को जगाकर ऊपर भेजा, लेकिन वे खुद कमरे में फंस गए। आग इतनी भीषण थी कि दरवाजा खोलना असंभव हो गया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह घटना शॉर्ट सर्किट के कारण हुई लग रही है।

### अब सख्त सुरक्षा उपाय अपनाए जा रहे

## मां वैष्णो देवी यात्रा 22 दिन बाद फिर शुरू, श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल

**यात्रियों के लिए वैध पहचान पत्र और आरएफआईडी कार्ड अनिवार्य**

एजेंसी ▶▶ जम्मू



'जय माता दी' के जयकारों के बीच माता वैष्णो देवी यात्रा बुधवार सुबह एक बार फिर शुरू हो गई।

यह यात्रा पिछले 22 दिनों से भूस्खलन की वजह से स्थगित थी, जिसमें 34 लोगों की जान चली गई थी और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। श्राइन बोर्ड ने बुधवार सुबह से यात्रा को दोबारा शुरू करने का ऐलान किया, जो कि मौसम अनुकूल रहने की स्थिति में ही जारी रहेगी। यह खबर सुनते ही कटड़ा में रुके सैकड़ों श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी लौट आई। यात्रा सुबह 6 बजे से दोनों मार्गों से शुरू की गई। इससे पहले खराब मौसम और ट्रैक की मरम्मत के चलते यात्रा को अस्थायी रूप से रोका गया था।

### महाकाल सेना और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने कहा

उज्जैन में रावण दहन के विरोध में लगे पोस्टर

## सरकार परंपरा पर रोक लगाए, इतिहास या रामायण में कहीं भी रावण दहन का उल्लेख नहीं किया गया

**यह परंपरा अब मनोरंजन और राजनीति का साधन बन चुकी**

**जो वास्तव में राम की तरह हैं, वही रावण दहन करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

इस साल 2 अक्टूबर को दशहरा है। उससे पहले ही उज्जैन के कई इलाकों में रावण दहन के विरोध में पोस्टर लगाए गए हैं। महाकाल सेना और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने रावण दहन का विरोध करते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है। दरअसल, मंगलवार को परशुराम मंदिर में अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज की बैठक हुई, जिसमें देशभर में रावण दहन का विरोध करने का फैसला लिया गया।




**हाईकोर्ट ने 3 महीने में मांगा था जवाब, अभी तक नहीं दिया**

**महाकाल मंदिर में किस आधार पर हुईं पंडे पुजारियों की नियुक्तियां?**

*श्री महाकालेश्वर मंदिर में कर्मचारियों, पुजारी-पुरोहितों की नियुक्तियों पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर की गई है। याचिका को न्यायालय ने भी संज्ञान में लिया था। इस बारे में हाई कोर्ट ने मंदिर समिति से 3 माह के अंदर जवाब मांगा था, जो पूरा हो गया है। याचिकाकर्ता सारिका गुरु का कहना है कि महाकाल मंदिर में कर्मचारियों, पुजारी-पुरोहितों की नियुक्तियों को लेकर कोई सूचना मंदिर समिति ने कभी सार्वजनिक रूप से जारी नहीं। सारिका गुरु ने 16 जून को हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा था कि श्री महाकाल मंदिर मे 306 कर्मचारियों व श्री महाकाल मंदिर परिसर में ही 40 अलग-अलग मंदिर हैं, जिनके पुजारी पुरोहितों (प्रतिनिधियो) की नियुक्तियां अवैध रूप से की गईं। कभी कोई विज्ञप्ति इसके लिए जारी नहीं हुई।*

## चिंतन

# भारतवर्ष को एक बार फिर स्वदेशी आंदोलन की जरूरत

अठारह सौ सत्तावन का विद्रोह हो, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन या फिर स्वदेशी आंदोलन, भारत की आजादी की लड़ाई में सारे वो पल थे, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया। इन आंदोलनों ने न केवल आजादी की लड़ाई को तेज धार दी, बल्कि ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को हिलाकर रख दिया। आजादी की इस लड़ाई में स्वदेशी आंदोलन का अहम योगदान रहा। महात्मा गांधी ने 22 अगस्त 1921 को विदेशी कपड़ों की होली जलाकर स्वदेशी' का नारा बुलंद किया। यह घटना न केवल ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध था, बल्कि भारतीयों में आत्मसम्मान और स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्रेम जगाने का एक शक्तिशाली कदम भी था। इस ऐतिहासिक क्षण ने स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी भावना को प्रज्ज्वलित करने का काम किया। गांधीजी का मानना था कि स्वदेशी की भावना का पालन करने वाले व्यक्ति को केवल अपने निकटवर्ती पड़ोसियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए और उन उद्योगों को कुशल बनाकर उनकी सेवा करनी चाहिए, और उन क्षेत्रों में उन्हें मज़बूत करना चाहिए जहां उनकी कमी है। इससे न केवल गरीबी से मुक्ति मिलेगी बल्कि सहकारिता का भाव भी जागृत होगा। आज देश को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। स्वदेशी केवल वस्तु नहीं, अपितु एक विचार है। आजादी से पहले विदेशी दासता के विरुद्ध संघर्ष का माध्यम बना था और अब इसे देश के विकास की धुरी बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्यप्रदेश के धार में अमेरिका के ट्रम्प टैरिफ का जवाब देते हुए स्वदेशी चीजें खरीदने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वो देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए। हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है। हमारे विदेशी प्रेम के चलते न केवल अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है बल्कि हम अनेक चीजों के लिए विदेशी ताकतों के अधीन होकर रह गए हैं। स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का सबसे आसान और कारगर तरीका यही है कि रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं में हम अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का स्वयं उपयोग करें और दूसरों को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित करें। प्रशासन, मीडिया आदि के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं का अधिक-से-अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए और स्वदेशी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जाए। अब आप जरा ध्यान से समझें कि भारत एक घर है, और अमेरिका या यूरोप दूसरा घर। यदि आप भारत वासी होकर अमेरिका के घर की दुकान से सामान खरीदोगे तो वो पैसा और उसके अंदर की कमाई अमेरिका के घर के सुधार में ही लगेगी, वो पैसा तो गया भारत से। हम अगर अपने स्वदेश की चीजों पर पैसा खर्चेंगे तो जो हमारे उत्पादक भाई बंधू हैं उन्हें और पैसा मिलेगा, इससे वो और अच्छी वस्तुओं का निर्माण करने में लगायेंगे। कुछ त्याग आप और हम करेंगे तो ही ये देश खड़ा होगा, तेज गति से विकास करेगा। विज्ञापनों पर मत जाइये अपनी अक्ल लगाइए। कोई भी वस्तु ख़रीदें तो याद रखें कि वो देश का भला करने के लिए है या नहीं। स्वदेशी अपनाकर हम देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत तो करते ही हैं। स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देते हैं, रोज़गार के अवसर बढ़ाते हैं और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। यह अपनी संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का संरक्षण भी करता है, इसीलिए जरूरी है कि स्वदेशी को आंदोलन का रूप दें।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# जीएसटी सुधार से मजबूत होंगे एमएसएमई

**ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी।**

यकीनन ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। एमएसएमई से जुड़े जीएसटी सुधार प्रमुख रूप से ऑटोमोबाइल, ड्रायफ्रूट्स उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी उत्पाद, परिधान, लॉजिस्टिक्स, हस्तशिल्प, आवास निर्माण उत्पाद क्षेत्रों की इकाइयों को भारी लाभ देंगे। एमएसएमई क्षेत्र में जीएसटी दरों को कम किए जाने की रणनीति आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने तथा विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण उद्यमियों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार को बढ़ावा देगी।

इससे खासतौर से वस्त्र, खिलौने, हस्तशिल्प, चमड़ा और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि दोपहिया वाहनों, कारों, बसों और ट्रैक्टरों पर कम जीएसटी से मांग बढ़ेगी, जिससे टायर, बैटरी, ग्लास, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के एमएसएमई को लाभ होगा। ट्रैक्टरों पर जीएसटी घटाकर 5 फीसदी (1800 सीसी) करने से भारत की वैश्विक स्तर पर ट्रैक्टर विनिर्माण में अग्रणी बनने की स्थिति मजबूत होगी। साथ ही इससे संबद्ध एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा। वाणिज्यिक माल वाहनों (ट्रक, डिलीवरी वैन) पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिए जाने से माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स लागत, महंगाई का दबाव कम होने से एमएसएमई को लाभ होगा। ऐसे में निश्चित रूप से जीएसटी की नई स्लैब से आम आदमी, छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को राहत मिलेगी। चाहे आम आदमी के इस्तेमाल की चीज हों, चाहे वह किसानों से जुड़ी वस्तुएँ हों, चाहे वह मध्यम वर्ग से संबंधित वस्तुएं हों, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा का क्षेत्र हो, प्रत्येक क्षेत्र में एमएसएमई को दी गई बड़ी जीएसटी राहत अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार देंगी। यद्यपि अब जीएसटी दर घटने से एमएसएमई को कर राहत जरूर मिलेगी, लेकिन इसके अलावा एमएसएमई के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं। सिडबी की रिपोर्ट के मुताबिक अभी एमएसएमई के लिए सरल कर्ज की प्राप्ति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में लगातार अपनी अहम भूमिका बढ़ाता जा रहा है। विगत 21 जुलाई को राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई




करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकर ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभर कर दिखाई दे रही हैं। निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहल शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की डगर पर आगे बढ़ रही है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। अब एमएसएमई के बढ़ावा देने की नई योजना, कारोबार में सरलता, वैश्विक बाजार में सरल पहुंच, अनुपालन बोझ में कमी, जीएसटी दरों में सरलता पर ध्यान देना। एमएसएमई को सीधे मदद और प्रक्रियाओं के माध्यम से मदद, दोनों ही डगर पर आगे बढ़ना होगा। इससे उनके व्यापक ढांचे में लचीलापन मिल सकेगा और उनके अनुपालन लागत में भी कमी आएगी। सरकार के द्वारा एमएसएमई के कारोबार करने को आसान बनाने और घरेलू खपत को बढ़ाने के तरीकों पर नए सिरे से आगे बढ़ना होगा। नई सप्लाई चेन और नए बाजारों की तलाश की जान होगी। विदेशों में वेयरहाउसिंग की सुविधा और वैश्विक ब्रांडिंग पहल से भी निर्यात का बाजार बढ़ाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जानी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों कारोबार सरलता, डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, वैश्विक बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी, नई टेक्नोलॉजी के सहयोग, स्किल डेवलपमेंट अनुपालन बोझ में कमी जैसी अहम चुनौतियों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी और इससे देश आगे बढ़ेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अभियान
विवेक शुक्ला



# दो सफल ऑपरेशन के बाद अंतिम सांसें गिनते आतंकी

बीते कुछ महीनों में, विशेष रूप से 2025 में, दो प्रमुख अभियान ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को गहरी चोट पहुंचाई है। ये अभियान आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे कुष्ठ रोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के उदाहरण हैं। इन ऑपरेशनों के सफल परिणामों ने न केवल सीमापार आतंकवादियों और आंतरिक विद्रोहियों को धूल चटा दी है, बल्कि पूरे राष्ट्र को एकजुटता और आत्मविश्वास का संदेश भी दिया है। ऑपरेशन महादेव जम्मू-कश्मीर की धरती पर एक मील का पत्थर साबित हुआ, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत प्रमाण है। जुलाई 2025 में शुरू हुआ यह अभियान, विशेष रूप से पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड्स को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। पहलगाम हमला, जिसमें निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों को निशाना बनाया गया था, ने पूरे देश को झकझोर दिया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त प्रयासों ने मात्र 14 दिनों में तीन शीर्ष पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन ने देश-विरोधी ताकतों को धूल में मिला दिया क्योंकि यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक झटका था। लश्कर जैसे संगठन, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के प्रतीक हैं, अब भारत की सीमाओं के पास सांस लेने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। पहले जहां ये तत्व घुसपैठ कर निर्दोषों का खून बहाते थे, अब वे छिपने के लिए मजबूर हैं। उधर, ऑपरेशन महादेव ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की सुरक्षा एजेंसियां किसी भी साजिश को कुचलने में सक्षम हैं। नतीजतन, जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में विश्वास बहाल हुआ है। यह सफलता न केवल स्थानीय आबादी को सुरक्षा का आश्वासन देती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करती है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'सिंदूर स्ट्राइक' का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह आतंक के आकाओं को चेतावनी है कि भारतीय नागरिकों की जान से खेलने का अंजाम विनाशकारी होगा। अब बात करते हैं ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट की, जो नक्सलवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। मई 2025 में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर शुरू हुआ यह 24-दिवसीय अभियान, करेगुट्टालु पहाड़ियों जैसे नक्सली किलों को लक्ष्य बनाया गया। नक्सलवाद, जो दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में विकास को बाधित कर रहा था, अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है।

सुरक्षा बलों ने 31 कुख्यात माओवादियों को मार गिराया, जिनमें टॉप लीडर बसवराजू जैसे नाम शामिल थे, जिन पर कुल 1.72 करोड़ रुपये का इनाम था। इसके अलावा, 214 नक्सली ठिकाने और बंकर ध्वस्त किए गए, 450 आईईडी, 818 बीजीएल शेल और 899 कोडेक्स बंडल जब्त किए गए। यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दृष्टि से सफल रहा, बल्कि यह नक्सलवाद के 'यूनिफाइड कमांड' को तोड़ने में भी कारगर साबित हुआ। देश-विरोधी ताकतों को धूल चटाने का यह अभियान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नक्सली लंबे समय से 'रेड टेरर' फैला रहे थे। वे विकास परियोजनाओं को नष्ट करते, निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बनाते और सरकार को कमजोर दिखाने का प्रयास करते। लेकिन ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने इन तत्वों की कमर तोड़ दी। 27 से अधिक विद्रोहियों की मौत, जिसमें शीर्ष कमांडर शामिल थे, ने नक्सल नेटवर्क को विखंडित कर दिया। अब करेगुट्टालु पहाड़ियों पर तिरंगा लहरा रहा है, जो माओवादी किले से शांति का प्रतीक बन गया है। सीआरपीएफ महानिदेशक ने इसे 'नक्सलवाद के अंत की शुरुआत' बताया, जो सही मायने में सत्य है। इन परिणामों से न केवल आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई, बल्कि आदिवासी समुदायों में विकास का द्वार खुला है। स्कूल, अस्पताल और सड़कें अब बिना डर के बन सकेंगी, जो नक्सलियों की सबसे बड़ी हार है। इन दोनों अभियानों की सफलता का श्रेय निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। ऑपरेशन महादेव और ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को पूरी तरह धूल में मिला दिया है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियां अब इतिहास का हिस्सा बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और गृह मंत्री शाह की रणनीतिक कुशलता ने इन सफलताओं को संभव बनाया। यह विजय न केवल सुरक्षा बलों की बहादुरी का सम्मान है, बल्कि पूरे राष्ट्र की एकता का प्रतीक भी। भविष्य में, ऐसे अभियान जारी रहेंगे, और भारत एक सुरक्षित, समृद्ध राष्ट्र के रूप में चमकेगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाए, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत की कैसी ऋण प्रणाली

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है। लेकिन ये बड़े कारोबारी हमेशा सरकारों और बड़े नेताओं के करीबी होने का फायदा उठाते हैं और इन पर वाजिब कार्रवाई भी नहीं हो पाती। *- सतीश एक्का, कांकेर*

## ट्रेंड

### चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



एक समय कहा जाता था कि विकास और इकोनॉमी के कार्य एक साथ संभव नहीं हैं। मोदी जी ने यह दिखाया कि कैसे गरीबों का कल्याण और अर्थव्यवस्था का उत्थान समानांतर संभव है। उनके नेतृत्व में भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### सिकल सेल एनीमिया



हमारे जनजातीय बहुल इलाकों में सिकल सेल एनीमिया एक बहुत बड़ा संकट होता है। हमारी सरकार जनजातीय भाई-बहनों को इस बीमारी से बचाने के लिए राष्ट्रीय मिशन चला रही है। आज मध्यप्रदेश में ही सिकल सेल स्क्रीनिंग का 1 करोड़वां कार्ड वितरित हुआ है।
**- जेपी नड्डा, सीएम, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार



'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार है। आज केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में दिल्ली में भी इस अभियान का शुभारंभ किया।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बेहद निंदनीय



सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आजीवन कार्य करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले के चैप्टर को राजस्थान यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस पाठ्यक्रम से हटाया जाना बेहद निंदनीय है।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# दुनिया संकट के कगार पर शांति पर निवेश करना होगा



वैश्विक सुरक्षा संकेतक स्पष्ट रूप से बताते हैं कि शांति और स्थिरता की स्थिति में गंभीर गिरावट आई है। अधिकांश रिपोर्टों के अनुसार, आज की दुनिया हाल के इतिहास में कहीं अधिक हिंसाग्रस्त और खतरनाक बन चुकी है। साल 2024 में, विश्वभर में राज्य-आधारित संघर्षों की संख्या 1946 के बाद अपने सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। लगातार दस वर्षों से सैन्य खर्च बढ़ रहा है और यह अब वार्षिक 2.7 खरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। सशस्त्र संघर्षों के पीड़ित बच्चों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जबकि महिलाओं के अधिकारों पर भी वैश्विक स्तर पर खतरा है। विश्व आज कई जटिल संकटों का सामना कर रहा है। सितंबर 2024 में, संयुक्त राष्ट्र ने 'समिट फॉर द फ्यूचर' का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य शीत युद्ध के बाद बहुपक्षीय प्रणाली के पतन, बढ़ती संघर्ष स्थितियों और मानवीय आपदाओं से निपटने पर चर्चा करना था। ये सभी संकट जलवायु परिवर्तन के युग में उभर रहे हैं। ये संकट आपस में जुड़े हुए हैं, क्योंकि बढ़ती गर्मी और सूखे की स्थितियों के कारण हिंसा की आशंका बढ़ जाती है। इसके साथ ही, सैन्य बल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और पर्यावरणीय क्षति में भी बड़ी भूमिका निभाते हैं, जो कभी-कभी पर्यावरणीय अपराध के रूप में देखा जाता है।

## ऑफ बीट

# अपच आम बात है पर ये कभी-कभी चिंताजनक भी



मानव शरीर में पाचन तंत्र को दो भागों में बांटा जाता है- ऊपरी और निचला। ऊपरी पाचन तंत्र में मुंह, ग्रसनी, इसोफेगस (अन्ननली), पेट और छोटी आंत का पहला भाग डिओडेनम शामिल होता है। इन हिस्सों से जुड़ी समस्याओं में आमतौर पर डिस्पेप्सिया (अपच) शामिल है, जिसमें पेट फूलना, डकार आना, मतली और भारीपन जैसी शिकायतें देखी जाती हैं। यह स्थिति अम्लता, रिफ्लक्स या वॉटरब्रेश यानी गले में कड़वाहट के रूप में भी सामने आ सकती है। बाजार में अपच से राहत देने वाली कई दवाएं उपलब्ध हैं जैसे कि पेप्टो-बिस्मोल, गैविस्कॉन (जो पेट की अम्लीय परत पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है), और रैनी जैसी चबाने वाली टैबलेट। ओमेप्राजोल जैसी एसिड-घटाने वाली दवाएं भी बिना डॉक्टर के पर्चे के मिलती हैं, लेकिन लंबे समय तक इनका इस्तेमाल गंभीर बीमारियों की पहचान में देरी कर सकता है। अपच के संभावित कारण: तेज मसालेदार भोजन, पेट का संक्रमण, हाइटस हर्निया, गर्भावस्था, मोटापा, धूम्रपान और कुछ दवाएं (जैसे कि आईबुप्रोफेन, एंटीडिप्रेसेंट्स, आयरन टैबलेट्स) अपच का कारण बन सकती हैं। कुछ मामलों में यह हेलिकोबैक्टर पाइलोरी नामक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण भी होता है, जो पेट की परत में रहकर अल्सर का कारण बन सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## 2 हजार 124 यूनिट रक्त का संग्रह

# सेवा पखवाड़ा के पहले दिन जिले में तेरह स्थानों पर लगाये गये रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर से शुरू हुये सेवा पखवाड़ा पर जबलपुर जिले में लगाये गये सभी तेरह रक्तदान शिविरों में 2 हजार 124 यूनिट का संग्रह हुआ है। पीड़ति मानवता की सेवा के इस महायज्ञ में जिले के नागरिकों खासतौर पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। शिविरों में तय समय सुबह दस से पहले रक्तदान शुरू हो गया था। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जबलपुर शहर में छह और जिले में एक साथ तेरह स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाये गये थे। जबलपुर शहर में जिला अस्पताल (विक्टोरिया), सिविक सेंटर मढाताल स्थित गुजराती मंडल, सिविल अस्पताल राँझी, तिलवारा रोड स्थित ज्ञानगंगा इंजियनियरिंग कॉलेज, आईटीआई के समीप कटंगी रोड स्थित श्रीराम इंजियनियरिंग कॉलेज एवं सिविल लाईन स्थित महाकौशल कॉलेज में तथा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सिहोरा, पाटन, मझौली, पनागर, शहपुरा, कुंडम और बरगी में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया था।रक्तदाताओं का स्वागत करने सभी रक्तदान शिविरों की आकर्षक साज-सज्जा की गई, प्रवेश द्वार को लाल और सफेद गुब्बारों से सजाया गया था और रंगोली भी डाली गई थी। रक्तदान शिविरों में सेल्फी स्टैंड भी लगाए गये थे। शिविरों में रक्तदाताओं को रक्तदान करने के तुरंत बाद प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये।रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने विधायक श्री अजय विश्नोई ने पाटन और मझौली, विधायक अशोक रोहाणी ने सिविल अस्पताल राँझी, विधायक सुशील तिवारी इंदु ने पनागर, विधायक नीरज सिंह ने शहपुरा एवं विधायक संतोष वरकड़े ने कुंडम में लगाये गये रक्तदान शिविर पहुँचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और प्रमाणपत्र प्रदान सम्मानित किया। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शहर में लगाये गये सभी रक्तदान शिविरों का भ्रमण करते रहे। उन्होंने रक्तदाताओं से चर्चा भी की और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान भी किया।बरगी विधायक नीरज सिंह ने शहपुरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रक्तदान किया। महाकौशल कॉलेज में नेत्र दिव्यांग युवक शमसुद्दीन ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सेवा पखवाड़ा के पहले दिन लगाये गये रक्तदान शिविरों में सेंट अलॉयसिस कॉलेज में 319, श्रीराम कॉलेज में 522, ज्ञानगंगा कॉलेज में 247, महाकौशल कॉलेज में 118, गुजराती मंडल में 205, जिला अस्पताल में 121, पाटन में 206, सिहोरा में 74, पनागर में 45, शहपुरा में 77, बरगी में 17, कुंडम में 77 और मझौली में लगाये गये शिविर में 96 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ।



### कलेक्टर ने किया रक्तदान शिविरों का भ्रमण

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सेवा पखवाड़ा के तहत शहर में लगाये गये आयोजित रक्तदान शिविरों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढाया और रक्तदान कर चुके रक्तदाताओं का प्रमाण पत्र देकर सम्मान भी किया। रक्तदान शिविरों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने रक्तदान कर चुके युवाओं से चर्चा की और उनके साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई। उन्होंने युवाओं से वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा, रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुनील मिश्रा एवं श्रीराम कॉलेज से राजुल करसोलिया भी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने जताया रक्तदाताओं का आभार

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने रक्तदान शिविरों के आयोजन में सहभागी बनी सामाजिक संस्थाओं, शहर के सभी नागरिकों तथा रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाचार माध्यमों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री सिंह ने रक्त संग्रह में लगे मेडीकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं एल्गिन अस्पताल के चिकित्सकों, ब्लड बैंक प्रभारियों, ब्लड कलेक्शन टीम, पैरा मेडीकल एवं तकनीकी स्टॉफ की भी जमकर सराहना की तथा दिनभर मुस्तैदी से रक्त संग्रहण करने के लिये उनका भी आभार व्यक्त किया।

# वोकल फॉर लोकल मेला में सजे महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पाद

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पूरे देश-प्रदेश में वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की मुहीम चलाई जा रही है। इस दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भी स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है तथा इसके लिए शासन स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाएँ भी संचालित की जा रही है, जिसके कारण महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भी वोकल फॉर लोकल विषयों पर विशेष फोकर किया गया है और इसके अंतर्गत पूरे प्रदेश के साथ-साथ जबलपुर में भी मेला आयोजित करने तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के निर्देश दिये गए। शासन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम जबलपुर द्वारा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित मेले का आयोजन किया गया। जिसमें महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों से मेला सजा रहा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित वोकल फॉर लोकल मेले का शुभारंभ आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', सांसद आशीष दुबे, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, वरिष्ठ पदाधिकारी अखिलेश जैन, रजनीश यादव, पंकज दुबे, योगेन्द्र राजपूत, जय सचदेवा, प्रमोद चौहटेल, अश्विनी परांजपे, पार्षद अतुल जैन दानी, श्रीमती वर्षा मनोज सेन, श्रीमती प्रतिभा भापकर, श्रीमती सोनिया रंजीत सिंह, श्रीमती मधुवाला सिंह, श्रीमती लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, पंकज मिश्रा, जागेश समुद्रे, एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, श्रीमती अंकिता जैन, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, सहायक यंत्री सुनील दुबे, सिद्धार्थ दुबे, स्मार्ट सिटी के प्रशासनिक अधिकारी रवि राव आदि के द्वारा फीता खोलकर मेले का उद्घाटन किया।

**प्रधानमंत्री की पहल पर सेवा पखवाड़ा अभियान का हुआ शुभारंभ**




# सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा के 75 वर्ष

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर 17 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं वार्ड स्तर पर पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया. उपरोक्त कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, स्थानीय जनों की उपस्थिति रहे।कार्यक्रमों में भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश मंत्री सांसद आशीष दुबे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व विधायक शरद जैन, जिला महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, दीपांकर बैनर्जी के साथ पार्टी पदाधिकारी, पार्षद, मंडल अध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्त्ता एवं स्थानीय जनों ने सहभागिता की।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, भारत को विकसित और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पित हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 75वाँ जन्मदिवस है इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के आह्वान पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमे विभिन्न सेवा प्रकल्पों को पार्टी द्वारा जिला, मंडल, वार्ड एवं बूथ स्तर पर किया जायेगा इसीलिए तारताम्य में आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमे बड़ी संख्या में लोगो ने सहभागिता की।सोनकर ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने देश को केवल आर्थिक और राजनीतिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त बनाया है, वह हम सभी कार्यकर्ताओ के प्रेरणा पुंज है और आज उनके जन्मदिवस सेवा कार्यों के माध्यम से हमने उनके द्वारा पीड़ति मानवता की सेवा के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दिया है।**रक्तदान शिविर-** संगठन द्वारा दो स्थानों गुजराती मंडपम सिविक सेंटर में रक्तदान शिविर लगाए गया जिसमे 780 पंजीयन हुए और 230 युवाओं ने रक्तदान किया, इसी के साथ इंडियन कॉफी हॉउस के कर्मचारियों ने भी शिविर में आकर रक्तदान किया।

**रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन**

# गोंडवाना साम्राज्य के शहीदों का बलिदान दिवस आज

## मुख्यमंत्री मोहन यादव देंगे श्रद्धांजलि

जबलपुर।

गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद शंकर शाह और रघुनाथ शाह के 168वें बलिदान दिवस का आयोजन आज जबलपुर में किया जाएगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहर पहुंचेंगे और बलिदान स्थल पर दोनों शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद द्वारा गोंडवाना चौक रेलवे स्टेशन के पास संयुक्त आदिवासी संगठनों के द्वारा श्रृध्दांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. परिषद के अध्यक्ष राजेन्द्र तेकाम ने बताया कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डॉ मोहन यादव एवं पूर्व केबिनेट मंत्री ओमकार सिंह मरकाम उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील मुन्ना मरावी, रामकुमार सैय्याम वीरेन्द्र संजू ठाकुर आदि ने की है.मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस कल्चरल सेंटर में होगा, जहां शंकर शाह–रघुनाथ शाह के साहस और बलिदान को याद करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियां होंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज, जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवी वर्ग की उपस्थिति रहेगी ।



### जिला प्रशासन और पुलिस सतर्क

मुख्यमंत्री एवं अन्य वीवीआईपी हस्तियों के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुटा है। शहर के प्रमुख मार्गों और आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं, साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अलग से प्लान तैयार किया गया है।

### सामाजिक–राजनीतिक संगठनों की सहभागिता

बलिदान दिवस को लेकर जिले भर में आदिवासी संगठन, सामाजिक संस्थाएँ और राजनीतिक दल भी अपने-अपने स्तर पर श्रद्धांजलि सभाएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से शंकर शाह और रघुनाथ शाह के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अंतर्गत "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान" का राष्ट्रस्तरीय शुभारंभ आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के धार जिले से किया। राष्ट्र स्तरीय शुभारंभ का सीधा प्रसारण वेब माध्यम से समस्त जिला मुख्यालयों के साथ प्रत्येक ग्राम स्तर तक किया गया। जबलपुर में इसका सीधा प्रसारण जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद आशीष दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कैंट विधायक अशोक रोहाणी, विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय, जिला अध्यक्ष नगर रत्नेश सोनकर, दीपांकर बनर्जी, डॉ जितेंद्र जामदार, रिंकू विज, अखिलेश जैन, श्रीमती अश्विनी परांजपे, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी, डॉ कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता व अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।




# किसान संगठनों की हुई बैठक

जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान संगठनों की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, उप संचालक कृषि श्री एसके निगम तथा किसान संघों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों से एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण प्राथमिकता से करने की बात रखी। जिनमें धान, मूंग व उड़द उपार्जन के रूके हुए भुगतान कराने, नहरों की मरम्मत, खाद की सहजता से उपलब्धता आदि शामिल थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि वे किसानों के साथ सहानूभूति के साथ कार्य करेंगे। साथ ही कहा कि उर्वरक व नहरों से संबंधित समस्याओं का भी निराकरण शीघ्र किया जायेगा। बैठक में नरवाई प्रबंधन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान नरवाई प्रबंधन के लिए कृषि अभियांत्रिकी जबलपुर द्वारा जिला स्तरीय नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें कृषि अभियंता श्री एमएल मेहरा ने नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया।

**बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित**

## चूहों द्वारा मरीजों के पैर कुतरने का मामला

# सफाई व्यवस्था, पेस्ट कंट्रोल के लिये जिम्मेदार एचएलएल इंफ्रा टेक पर 50 हजार का अर्थदण्ड

**जबलपुर। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज में पेस्ट कंट्रोल एवं सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसिस लिमिटेड पर अस्पताल अधीक्षक द्वारा 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।**

ज्ञात हो कि मेडीकल कॉलेज में मरीजों के चूहों द्वारा पैर कुतरने का मामला सामने आने के बाद कल मंगलवार की रात कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मेडिकल कॉलेज पहुँचकर मनोरोग विभाग का निरीक्षण किया था। कलेक्टर श्री सिंह ने इस मामले में अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश अस्पताल अधीक्षक को दिए थे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ अरविंद शर्मा द्वारा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार अस्पताल की सफाई व्यवस्था एवं पेस्ट कंट्रोल में लापरवाही बरतने पर अर्थदंड अधिरोपित करने के जारी आदेश में कहा गया है कि अर्थदंड की राशि कंपनी के देयक से वसूल की जायेगी।

आदेश में कहा गया है कि अस्पताल की नियमित साफ-सफाई किये जाने के पूर्व में मौखिक और लिखित निर्देश दिये जाने के बावजूद निरीक्षण के दौरान कचरा एकत्रित करने हेतु चयनित स्थान एवं मनोरोग विभाग के आस-पास गंदगी पाई गई। चूहों की रोकथाम हेतु रखी जाने वाली गम प्लेट भी केवल एक ही स्थान पर पाई गई और दवाइयां अत्याधिक कम मात्रा में मिलीं। इस लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता की वजह से चिकित्सालय की छवि धूमिल हुई है।

अस्पताल के अधीक्षक ने आदेश में एच एल एल इंफ्रा टेक के प्रबंधक को पेस्ट कंट्रोल का सुपरविजन करने वाले एवं पेस्ट कंट्रोल करने वाले कंपनियों के कर्मचारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कंपनी को तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत की हिदायत भी दी गई है।

### मेडिकल में मरीजों को चूहों ने काटा, आयोग ने लिया संज्ञान

शहर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मानसिक रोग विभाग के वार्ड में भर्ती मरीजों को चूहों द्वारा काटने का मामला सामने आया है। जिसमे भर्ती सिहोरा निवासी एक 25 वर्षीय युवती, श्रीधाम निवासी 50 वर्षीय महिला और उसका बेटा शामिल है। युवती को 09 सितंबर की रात पैर में काटा गया, इंजेक्शन देकर डिस्चार्ज किया गया, महिला की एड़ी पर और अगले दिन उसके बेटे के पैरों पर चूहों ने हमला कर दिया। इस संबंध में मरीजों के परिजनों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद कोई ठोस इंतजाम नहीं किये गये है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में जनहित में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टण्डन की एकल पीठ ने प्रथम दृष्ट्या मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर मेडीकल कॉलेज के डीन से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## जगह-जगह हुए विविध कार्यक्रम, आयोजित हुए सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम

**विश्वकर्मा समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा**

# भगवान श्री विश्वकर्मा जी के पूजन दिवस की रही धूम

भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पूजन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, विश्वकर्मा समाज के विभिन्न संगठनों के बैनर तले मानस भवन में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके साथ-साथ आयोजन में समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित भी किया गया। जिसके उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

हरिभूमि जबलपुर।

श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा ने बताया कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पूजन दिवस बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मानस भवन में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें समाज के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इसके उपरांत मानस भवन से भव्य शोभायात्रा तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक, करमचंद चौक, तुलाराम चौक, बड़ा फुहारा होते हुए मालवीय चौक से गोलबाजार होते हुए पुनः मानस भवन पहुंची। शोभायात्रा में जीवंत भगवान श्री विश्वकर्मा, राधा कृष्ण की झांकियां शोभायमान रहीं। इस मौके पर महिलाओं ने एक से परिधान पहनकर एकता का संदेश दिया और बच्चियों ने डांडिया नृत्य करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शोभायात्रा के उपरांत मानस भवन में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।






### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

आयोजन के दौरान श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, एड ओपी विश्वकर्मा, अरविन्द्र विश्वकर्मा बन्टी, अजय गोविन्द विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, दीपक संगीता विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, रामबाबू विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, बीपी विश्वकर्मा, रामराज विश्वकर्मा, निरंजन विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, हरि मासाब, प्रियंक विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, नंदू विश्वकर्मा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गढ़ा में भी मनाया गया पूजन दिवस

श्री विश्वकर्मा समाज संगठन मप्र द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन दिवस के अवसर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन में श्री विश्वकर्मा समाज संगठन मप्र के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर विश्वकर्मा, शिव विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, देवेन्द्र विश्वकर्मा, भागवत विश्वकर्मा, दशरथ विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, किशन विश्वकर्मा, गोविन्द विश्वकर्मा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गोहलपुर में भी हुआ पूजन

नवयुग मित्र मंडली गोहलपुर के द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन दिवस मनाया गया। इस दौरान अध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा, मिश्रीलाल विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, कंचन विश्वकर्मा, नितिन विश्वकर्मा अनिल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।




**रक्तदान देता है पीड़ित को जीवनदान- एस डी एम पुष्पेन्द्र अहके**

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

**सिहोरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर आज से शुरू हुये सेवा पखवाड़ा पर सिविल अस्पताल सिहोरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान शिविरों में तय समय सुबह दस से रक्तदान शुरू हुआ तथा निर्धारित समय तक 74 युनिट रक्त संग्रहित किया। रक्तदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। बड़ी संख्या में युवा रक्तदान करने शिविर में पहुँचे। युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए एसडीएम पुष्पेंद्र अहके ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इससे न केवल पीड़ित को जीवनदान प्राप्त होता है बल्कि उसके परिजनो को भी खुशी मिलती है। रक्तदान कर पीड़ति मानवता की सेवा के इस महायज्ञ में अपनी पुण्य आहुति दें। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस मनाया तथा रक्तदान में सहयोग किया। भाजपा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयोजित''सेवा पखवाड़ा'' के तहत वह रक्तदान शिविर स्वच्छता अभियान चलाएगी सेवा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य गरीबों, शोषितों, वंचितों तक पहुंच सुनिश्चित करना और उनके जीवन में गुणात्मक सुधार लाना है।



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति सेल्फी स्टैंड भी लगे

रक्तदाताओं का स्वागत करने रक्तदान शिविर की आकर्षक साज-सज्जा की गई है प्रवेश द्वार को लाल और सफेद गुब्बारों से सजाया गया है रक्तदान शिविरों में सेल्फी स्टैंड भी लगाए गये तथा रक्तदाताओं को रक्तदान करने के तुरंत बाद प्रशस्ति पत्र एवं आशा जनसेवा समिति के संचालक विनय असाटी द्वारा पोंधे भेंट कर सम्मानित किया गया । शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा की छात्राओं ने बेटी पढ़ाओ नाटक का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अर्शिया खान,सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर सुनील लटियार,मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र ओझा,श्वेता कोष्टा,वीरेंद्र मेहरा वाचस्पति रैकवार सहित प्रशासनिक अमला जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्रीराम यात्रा के 150 कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**मझौली।** नगर मझौली की समाजसेवी संस्था टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित श्रीराम यात्रा ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस यात्रा के 150 कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। यात्रा का उद्देश्य युवाओं को भक्ति और भजनों के माध्यम से नशे से दूर रखना और उनमें आध्यात्मिक एवं सामाजिक जागरूकता पैदा करना है। इस यात्रा का एक और विशेष उद्देश्य अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर के प्रति जन-जागरण करना भी है। संस्था द्वारा आयोजित हर कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, प्रवचन और सामाजिक संदेशों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया गया। संस्था के अध्यक्ष आशीष तिवारी के नेतृत्व में यह अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। उनके साथ शिवकुमार, लल्ला गोटियां, दीपक तिवारी, उमाकांत, अंकुर, शेखर, सौरभ, हिमांशु, सचिन, सत्यम, कान्हा, प्रिंस, विवेक, अनुराग, आदित्य, भरत सहित पूरी टीम इस अभियान को सशक्त बना रही है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

**मझौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए मझौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा भावनापूर्ण आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं, कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विधायक अजय बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, "रक्तदान महादान है। प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिन समाज सेवा को समर्पित करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। शिविर में मंडल अध्यक्ष मुकेश सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत मिश्रा, दिनेश चौरसिया, आशीष पटेल, रोहित साहू, उर्मिला दहिया, अनंत कुमार लाला सोनी, रमेश झरिया, रामसुजान झरिया सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशासनिक अमले की भी सहभागिता रही। तहसीलदार मझौली, बीईओ, बीएमओ, कॉलेज प्राचार्य, तथा थाना प्रभारी अमित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



## भेड़ाघाट में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

भेड़ाघाट। नगर परिषद् भेड़ाघाट में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी जी के द्वारा महात्मा गांधी जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान कार्यालय नगर परिषद् भेड़ाघाट के धुआंधार वीआईपी पार्किंग से धुआंधार जलप्रपात तक चलाया गया और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और करने की शपथ ली गई। तथा एक पेड़ माँ के नाम एवं एक बगिया मां के नाम के तहत वार्ड क्र. 04 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम और सभी अधिकारी कर्मचारी व्यापारी बंधुओ आम नागरिक एवं पर्यटको को स्वच्छता बनाए रखने की एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में अपनी सहभागिता देने हेतु जागरूक किया गया 1 कार्यक्रम में नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी पार्षद श्रीमती संध्या सिंह नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारी एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी सुनील बैरागी के निर्देशन मे कराया गया। जिसमें नगर परिषद् भेड़ाघाट के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसिडर एवं महिला स्व सहायता समूह सहित नगर परिषद भेड़ाघाट के उद्यान प्रभारी लक्ष्मी नारायण डालचंद सेन शुभम ठाकुर एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## शांति समिति की बैठक संपन्न

**बरेला।** आगामी दस दिवसीय दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण मनाने हेतु आज थाना परिसर में थाना प्रभारी अनिल पटेल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनिल पटेल द्वारा शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों को समस्त जनप्रतिनिधियों और दुर्गा उत्सवसमितियां के पदाधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनिल पटेल ने कहा कि डीजे पूर्णत प्रतिबंधित है समितियां में कम से कम तीन चार वालंटियर रहना आवश्यक है। शांति समिति की बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे सहित नगर के पार्षद गण और जनप्रति निधि गणमान्य नागरिक एवं सभी विभागों के जवाब देह अधिकारी उपस्थित थे।

**आज भी यहां पर मजदूर वर्ग झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं**

# प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से वंचित भेड़ाघाटवासी

**भेड़ाघाट।** प्रधानमंत्री की योजना हर व्यक्ति का हो अपना घर का उद्देश्य भेड़ाघाट नगर परिषद के नागरिकों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 वार्ड वासियों को नहीं मिल पा रहा है आखिरकार पंचवटी, लाम्हेटाघाट, गोपालपुर, आदि के ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हैं यहां पर ना प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान बन रहे हैं ना ही मुख्यमंत्री आवास योजना का कोई लाभ मिल पा रहा है नगरीय प्रशासन द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते यहां के रहवासी आज भी झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं यहां पर मजदूर वर्ग व्यक्ति को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हैं यहां के रहवासियों ने बताया कि आखिरकार हम लोगों को लाभ से क्यों वंचित रखा गया है प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी हमेशा टाल दिया जाता है।

### नर्मदा किनारे ग्राम पंचायत को मिल रहा है लाभ

नर्मदा किनारे लगे हुए ग्राम पंचायतों के निवासियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है जैसे ग्राम ग्वारी, इमलिया, डुडवारा, आदि कई ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है और भेड़ाघाट नगर परिषद के वासियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ से क्यों वंचित हैं।

### प्रशासनिक अधिकारी भी नहीं दे पा रही जवाब

भेड़ाघाट नगर परिषद क्षेत्र के ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ क्यों नहीं पा रहा है इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारी भी कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

### यहां के रहवासियों की पीड़ा

अधिकतर यहां मूर्ति बनाने का काम करने वाले मजदूर वर्ग के व्यक्ति रहते हैं झोपड़िया में रहकर अपना गुजर गुजर कर रहे हैं यहां प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से आवास हीन रह रहे हैं।



## राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में चमके जबलपुर के खिलाड़ी

**सिहोरा।** कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कूर्नल,आंध्र प्रदेश में आयोजित की गई जिसमे सब जूनियर,कैडेट और सीनियर वर्ग मे जबलपुर जिले के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक अपने नाम किया। पदक विजेता खिलाड़ियों में अमय ठाकुर सब जूनियर 10 वर्ष में -40 किलोग्राम फाइट एवं काता में स्वर्ण पदक, शौर्य सिंह ठाकुर सब जूनियर 11 वर्ष -35 किलोग्राम फाइट एवं काता में स्वर्ण पदक, मनेन्द्र सिंह गुर्जर 10 वर्ष -30 किलोग्राम 1 स्वर्ण पदक , कैडेट वर्ग मे वंशिका दाहिया 1 रजत पदक एवं सीनियर वर्ग मे आरती तिवारी -50 किलोग्राम मे 1 स्वर्ण पदक, सपना ठाकुर -61 किलोग्राम मे 1 स्वर्ण पदक एवं सौम्य श्रीवास्तव-60 किलोग्राम में रजत पदक जीतकर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव दिग्विजय सिंह,कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट जय सचदेवा और कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव गौरव सिंधिया ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## अश्वनी कुमार पाठक को बाल साहित्य भूषण सम्मान

**सिहोरा।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक को पंडित हर प्रसाद पाठक स्मृति अखिल भारतीय बाल साहित्य पुरस्कार समिति मथुरा द्वारा बाल साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया है।आयोजन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में पद्म भूषण डॉ.रवींद्र कुमार पूर्व कुलपति चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अध्यक्षता,डॉ.राजीव द्विवेदी,निदेशक गीता शोध संस्थान के मुख्य आतिथ्य तथा संस्थापक सचिव डॉ.दिनेश पाठक की उपस्थिति में किया गया। जिसमें बाल साहित्य शिल्पी पाठक को सम्मान पत्र,प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान राशि भेंट की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मेजर शिव दयाल पाठक, उपाध्यक्ष पंडित प्रभु दयाल पाठक, रवेंद्र पाल सिंह रसिक,अनुपमा पाठक,संध्या मिश्र उपस्थित थे।कार्यक्रम के दूसरे चरण में डॉ. राजीव पांडे की अध्यक्षता,श्री पाठक के मुख्य आतिथ्य, उमाशंकर राही,देवी प्रसाद गोंड,सी.पी.सिकरवार के विशिष्ट आतिथ्य मैं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन हुआ।



## माता पिता की स्मृति में टीन शेड निर्माण हेतु विद्यालय को भेंट की राशि

**बरेला।** वार्ड नंबर तीन के निवासीस्वर्गीय श्रीमती भगवती बाई साहू ,पति स्वर्गीय लटोरी लाल साहू की स्मृति में,उनके परिवार के सभी सुपुत्रों गोपाल प्रसाद ,मदन कुमार, सदन लाल, भगवानदास,कृष्ण कुमार ने शासकीय कन्या शाला में - छात्राओं के लिए मंच पर टीन सेड निर्माण की राशि दान की। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य आशीष पंड्या, शिक्षक रजनीश कुमार पाण्डेय , आरिफ अली के साथ स्वर्गीय श्री लटोरी लाल साहू जी के दान दाता परिवार से उनके सुपुत्र समाज सेवी भगवान दास साहू उपस्थित रहे।



**श्रीमती प्रियंका राय-** व्हीकल स्टेट निवासी श्री मनोज राय की धर्मपत्नी श्रीमती प्रियंका राय (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमर लाल खत्री-** गली नं. 10 सदर निवासी श्री अमर लाल खत्री (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शंभू प्रसाद-** ग्राम कैमोरी पाटन रोड निवासी श्री शंभू प्रसाद (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ईश्वर लाल राजपूत-** करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री ईश्वर लाल राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद पटेल-** बस्ती नं. 1, गोहलपुर निवासी श्री विनोद पटेल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केवल कृष्ण दुआ-** कालीबाड़ी गुप्तेश्वर निवासी श्री केवल कृष्ण दुआ (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर




मोक्षधाम में किया गया।

**श्री केएस पटेल-** ब्लाक नं. 7, चंद्रलोक परिसर मानेगांव रांझी निवासी श्री केएस पटेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गेश बेन-** भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री बद्री प्रसाद बेन के पुत्र श्री दुर्गेश बेन (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गंगा बाई नामदेव-** कुदवारी चौराहा खजरी खिरिया निवासी श्री सरजू प्रसाद नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई नामदेव (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कस्तूरी बाई-** वाटर वर्क्स धोबीघाट कजरवारा निवासी श्री मोती लाल की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शिवकुमारी श्रीवास्तव-** वार्ड नं. 2 सिहोरा निवासी श्री सीएल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकुमारी श्रीवास्तव (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में खुदरा महंगाई 3.8 प्रतिशत पर स्थिर



**लंदन।** ब्रिटेन में अगस्त महीने के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति 3.8 प्रतिशत पर स्थिर रही। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। इस आंकड़े के बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने का फैसला कर सकता है। अगस्त में रेपो दर को घटाकर चार प्रतिशत किया गया था।

### आयकर विभाग का मैरिको के खिलाफ सर्वेक्षण अभियान




**मुंबई।** आयकर विभाग ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको समूह के विभिन्न व्यावसायिक परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई विभाग की मुंबई जांच शाखा द्वारा की जा रही है। कर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेनदेन की जांच कर रही हैं।

### रुपया 25 पैसे की बढ़त के साथ 87.84 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर आशावाद के चलते बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे बढ़कर 87.84 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच अमेरिकी मुद्रा में व्यापक कमजोरी के कारण ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### पहली छमाही में चाय के निर्यात में मामूली वृद्धि



**कोलकाता।** भारतीय चाय बोर्ड ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 की पहली छमाही (जनवरी से जून) में भारत का चाय निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 12 करोड़ 50.1 लाख किलोग्राम हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 12 करोड़ 45.7 लाख किलोग्राम था। इस वर्ष के पहली छमाही में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात सात करोड़ 94.2 लाख किलोग्राम का हुआ।

### अर्बन कंपनी का शेयर 57% की बढ़त के साथ सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** ऐप-आधारित ब्यूटी और होम सर्विसेज मंच अर्बन कंपनी लिमिटेड का शेयर बुधवार को अपने 103 रुपये के निर्गम मूल्य से 57.52 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। कंपनी के शेयर ने बीएसई पर निर्गम मूल्य से 56.31 प्रतिशत की उछाल के साथ 161 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में, यह 73.78 प्रतिशत बढ़कर 179 रुपये पर पहुंच गया।

### देव एक्स का शेयर सपाट शुरुआती के बाद चढ़ा

**नई दिल्ली।** देव एक्सेलरेटर (देव एक्स) लिमिटेड के शेयर ने बुधवार को शेयर बाजार में सपाट शुरुआत की। हालांकि, बाद में यह 61 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले पांच प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर 61 रुपये के निर्गम मूल्य से 0.49 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 61.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। हालांकि, बाद में शेयर में तेजी लौटी और यह 5.50 प्रतिशत बढ़कर 64.36 रुपये पर पहुंच गया, जो ऊपरी सर्किट सीमा है। एनएसई में, कंपनी का शेयर 61 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर मूल्य पर सूचीबद्ध हुए।
बाद में, यह पांच प्रतिशत बढ़कर 64.05 रुपये पर पहुंच गया, जो ऊपरी सर्किट सीमा है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 578.01 करोड़ रुपये रहा।

# एसबीआई ने बेची येस बैंक में हिस्सेदारी, जापान की एसएमबीसी के साथ की डील

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक बड़ा कदम उठाते हुए जापान की एक प्रमुख वित्तीय संस्था सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) के साथ एक अहम डील पूरी कर ली है।

- बैंक ने यह हिस्सेदारी 8,889 करोड़ रुपए में एसएमबीसी को बेच दी

इस सौदे के तहत एसबीआई ने येस बैंक में अपनी 13.18 प्रतिशत हिस्सेदारी 8,889 करोड़ रुपए में एसएमबीसी को बेच दी है। एसबीआई ने येस बैंक के करीब 413.44 करोड़ शेयर एसएमबीसी को बेचे हैं। यह बिक्री 21.50 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से की गई है। इस डील को मंजूरी तब मिली जब एसएमबीसी को भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से जरूरी मंजूरी मिल गई।

## एसबीआई ने येस बैंक में अपनी 13.18 फीसदी हिस्सेदारी बेची

### एसएमबीसी की भारत में एंट्री

एसएमबीसी, जो जापान की सबसे बड़ी वित्तीय कंपनियों में से एक है, अब भारतीय बैंकिंग सेक्टर में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा रही है। येस बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एसएमबीसी ने 13,483 करोड़ रुपए की डील की है। इसमें से एसबीआई ने अपनी कुल 24 प्रतिशत हिस्सेदारी में से 13.18 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है, जिससे उसे 8,889 करोड़ रुपए की बड़ी रकम मिली है। बाकी बचे हुए 6.81 प्रतिशत शेयर अन्य प्राइवेट बैंक एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, कोटक महिंद्रा, एक्सिस, आईडीआफसी फर्स्ट, फेडरल और बंधन बैंक मिलकर 4,594 करोड़ रुपए में एसएमबीसी को बेची। यह भारत में एसएमबीसी की अब तक की सबसे बड़ी बैंकिंग डील मानी जा रही है।




*एसएमबीसी कौन है? : सुमिटोमो मित्सुई बैंकिंग कारपोरेशन (एसएमबीसी) जापान का प्रमुख वित्तीय संस्थान है और यह **SMFG** का हिस्सा है। यह जापान का दूसरा सबसे बड़ा बैंकिंग समूह है, जिसके पास लगभग 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति है। भारत में भी एसएमबीसी विदेशी बैंकों की श्रेणी में एक बड़ा नाम माना जाता है।*

### एसएमबीसी को मिली 24.99 प्रतिशत हिस्सेदारी की मंजूरी

आरबीआई ने एसएमबीसी को येस बैंक में अपनी हिस्सेदारी 24.99 प्रतिशत तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एक रिपोर्ट्स के अनुसार, एसएमबीसी बाकी हिस्सेदारी या तो एडवेंट और कार्लाइल जैसी प्राइवेट इक्विटी फर्मों से खरीद सकता है, या फिर येस बैंक द्वारा जारी किए जाने वाले नए प्रेफरेंशियल शेयरों में निवेश कर सकता है।

### दो निदेशक नियुक्त करने की अनुमति

आरबीआई ने एसएमबीसी को येस बैंक के बोर्ड में दो निदेशकों की नियुक्ति की भी अनुमति दे दी है। यह डील मई 2025 में एसबीआई के सेंट्रल बोर्ड की कार्यकारी समिति की मंजूरी के बाद हुई। इसके बाद कुछ शर्तें थीं जिन्हें अब पूरा कर लिया गया है, और शेयरों का ट्रांसफर पूरी तरह से कर दिया गया है।

## अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कार्यक्रम में बोली वित्त मंत्री

# जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था को दो लाख करोड़ मिलेंगे, लोगों के पास होगा ज्यादा पैसा

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये डाले हैं, जिससे लोगों के पास अधिक नकदी उपलब्ध हुई है। अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती।*

एजेंसी ▸▸| विशाखापत्तनम

जीएसटी सुधारों पर एक परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कर सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आने वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पांच प्रतिशत कर लगाया गया है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत स्लैब में आ गई हैं।

### कंपनियां लाभ देने आगे आ रही

वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली दिग्गज कंपनियों समेत कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है।

### नई पीढ़ी की कर व्यवस्था

सीतारमण ने कहा, ''इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था, जिसमें केवल दो स्लैब (पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत) हैं, से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आए हैं। लोगों के पास ज्यादा नकदी होगी।''

- जीएसटी सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख रुपए डाले
- अन्यथा यह राशि कर चुकाने में ही चली जाती
- 12 फीसदी जीएसटी स्लैब के 99 वस्तुओं पर पांच फीसदी कर लगाया गया






### जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़

*वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो इसके लागू होने के समय वित्त वर्ष 217-18 में 7.19 लाख करोड़ रुपये था। उनके अनुसार, करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है।*

### जीएसटी लागू करने काफी मशक्कत करनी पड़ी

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक प्रमुख उदाहरण है और कहा कि यह स्वतंत्रता के बाद से गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय है। पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने पहले के कर ढांचे को 'कर आतंकवाद' बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक कर के तहत जीएसटी को लागू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### देश में रोजगार सृजन होगा

वित्त मंत्री ने कहा कि दरों में बदलाव करने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा - गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्र जो देश में

### नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी

सीतारमण ने कहा, ''संप्रग सरकार 10 साल तक चली। आप जीएसटी नहीं ला सके। आप राज्यों को जीएसटी के बारे में समझा नहीं सके... मैं कठोर राजनीतिक जवाब दे सकती थी। लेकिन आज नहीं। नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। जीएसटी परिषद ने कर स्लैब को चार (5, 12, 18 और 28) से घटाकर केवल दो (5 और 18 प्रतिशत) कर दिया है। रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 313 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

आईटी, बैंक और वाहन शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 313 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 91 अंक चढ़ा। निवेशक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सकारात्मक बातचीत से उत्साहित हैं। बीएसई के तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 313.02 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 361.26 अंक यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 82,741.95 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 91.15 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 25,330.25 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों और प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अमेरिका-भारत के बीच सकारात्मक बातचीत से शेयर बाजारों में तेजी का माहौल रहा।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमंडल उमरिया (म. प्र.)**
फोन - कार्यालय-222217 ई-मेल - dfotumaria@mp.gov.in
क्रमांक/ई-टेण्डर/2025/3889 उमरिया, दिनांक : 15.09.2025
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
वनमंडल उमरिया अंतर्गत वन एवं वन्यप्राणी की सुरखा एवं शासकीय कार्यो के सम्पादन के लिए वर्ष 2025-26 हेतु 07 वाहनो के लिए ई-टेडरिंग पद्धति से ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा का विवरण निम्नानुसार है

| क्रं. | कार्य का विवरण | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | वनमंडल उमरिया अंतर्गत (वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा एवं शासकीय कार्यो के सम्पादन) के लिए वर्ष 2025-26 हेतु किराया के 04 नग बुलेरो वाहन एवं 03 नग बुलेरो कैम्पर हेतु निविदा | 30,000/- (तीस हजार रुपए) मात्र प्रति वाहन | 1000/- |

इस निविदा के लिए दिनांक 16.09.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे है, निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम निर्धारित तिथि 06.10.2025 समय 03.00 बजे तक रहेगी । निविदा खोलने की तिथि 07.10.2025 को समय 04.00 बजे रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की विभागीय वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर भी देखजी जा सकती है ।
G-18764/25 वनमंडलाधिकारी
"स्वच्छता ही सेवा" सामान्य, वनमंडल उमरिया (म.प्र.)

# सोना रिकॉर्ड स्तर से 1,300 रुपए फिसला, चांदी भी टूटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को, दिल्ली सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस कीमती धातु की कीमत 1,800-1,800 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,15,100 रुपये और 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। फेडरल रिजर्व के महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले से पहले मुनाफावसूली के चलते सोने में कमजोरी रही, क्योंकि प्रतिभागियों ने नतीजों से पहले जोखिम कम कर दिया। बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है, क्योंकि बाजार न केवल ब्याज दरों में कटौती का बल्कि फेडरल रिजर्व के आगे के दिशानिर्देशों का भी इंतजार कर रहे हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष रिसर्च शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''बिना किसी स्पष्ट रूपरेखा के कोई भी तटस्थ रुख या कम नरम रुख वाली टिप्पणियां सर्राफा बाजार में कुछ प्रतिशत की गिरावट ला सकती हैं।''

# अपोलो टायर्स घटाएगी 300 से 2000 रुपए तक कीमतें

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अपोलो टायर्स 22 सितंबर से प्रभावी जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए अपने उत्पादों की कीमतों में 300 रुपये से 2,000 रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों के टायरों की कीमत में 300 से 1,500 रुपये तक की कमी आएगी, जबकि ट्रक/बस रेडियल टायर की कीमतों में लगभग 2,000 रुपये की कमी आएगी। जीएसटी परिषद ने नए न्यूमेटिक टायर पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी है, और ट्रैक्टर टायर व ट्यूब पर जीएसटी की दर घटाकर पांच प्रतिशत कर दी है। अपोलो टायर्स ने एक बयान में कहा कि इस नीतिगत बदलाव के अनुरूप, वह कम कर दरों का पूरा लाभ सीधे अपने ग्राहकों को देगी।

**पूर्व रेलवे**
**खुली निविदा सूचना सं. : 21-एसडीएसटीई-एसएन-2025-26, दिनांक 16.09.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल के तहत स्टेशनों/केबिनों में डेटा लॉगर और एमएसडीएसी के लिए एनालाइजिंग सॉफ्टवेयर के साथ डायग्नोस्टिक टर्मिनल का प्रावधान"। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 1,39,79,882/-, **बयाना राशि:** रु. 2,19,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.10.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in/
ASN-187/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**कार्यालय अधीक्षक रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर म.प्र.**
पता मालगोदाम चौक के पास साउथ सिविल लाईन जबलपुर टेलिफोन नं 0761-2625622 web site www.elginhospital.com ई मेल elginhospitaljbp@gmail.com
क्रमांक/क्रय/2025/1838 || NOTICE INVITING E-TENDER || जबलपुर, दिनांक 15.09.2025
FOR
Supply of food items in hospital
Superintendent Rani Durgawati Hospital Jabalpur (M.P.) invites below mentior tenders online https://mptenders.gov.in bid from eligible service for supply of man power as given document for the period from: Schedule of Events

| S. No | Tender Reference Number: | Tender ID | Publishing & Bid Submission Start Date* | Pre Bid Meeting Date* | Bid Submission Closing Date* | Bid Opening Date* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1463 | 2025_DHS_451811_1 | 22-09-2025 | 29-09-2025 | 11-10-2025 | 13-10-2025 |

G-18756/25 "स्वच्छता ही सेवा" Superintendent
Rani Durgawati Hospital Jabalpur

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-511 Date-17/09/2025 2025_UAD_452286_1 | संभाग क्रमांक - 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड में विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण कार्य। | 02 माह<br>04.23 | 2000/-<br>4236/- | 25/09/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।
कार्यपालन यंत्री
नगर निगम जबलपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**गैर-बीजी कोचों को ART और ARME कोचों में परिवर्तित करने के लिए ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए दि. 06.10.2025 के 12:00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।
**निविदा सूचना सं.:** Mech_Cont_CONV_ART_ARME_R
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के 18 गैर-बीजी कोचों को टर्नकी आधार पर ART व ARME कोचों में परिवर्तित करना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 2,34,59,521/- (रु. दो करोड़ चौंतीस लाख उनसठ हजार पांच सौ इक्कीस मात्र), **बयाना राशि:** ₹ 2,67,300/-, **अनुबंध की अवधि:** 09 महीने, **निविदा प्रपत्र की लागत:** ₹ 0.00 (शुन्य) ।
**निविदा दस्तावेज़ IREPS वेबसाइट पर उपलब्ध है:** दिनांक **08.09.2025** से,
**ई-निविदा जमा करने की तिथि और समय:** दि. **06.10.2025** को या उससे पहले **12:00** बजे तक, केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन,
**ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक **06.10.2025** को **12:00** बजे।
मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है व प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता,
FL/24-119 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा
निम्नलिखित कार्य के लिये ई निविदा- भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डीआरएमडब्ल्यू-जेबीपी-141-2025 दिनांकः 15/09/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** बीना-कटनी लिमिटेड हाईट सबवै काः नाली, पंप, नाबदान और जोड़ो की ग्राउटिंग द्वारा बायीं ओर के जल निकासी में सुधार का कार्य एवं जल निकासी। लिमिटेड हाईट सबवै क्रमांक 53,64,66,68 और 72 पर।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 3,65,01,939/-, **बयाना राशि रुपये :** 332500/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक :** 10/10/2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तक :** 10/10/2025, उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक, (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला - छिन्दवाड़ा (म. प्र.)**
PHONE No. 07162-243214 E-mail:- pwdpiu12cwa@gmail.com
एनआईटी नं.- 23/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/भवन/व.ले.लि. छिन्दवाड़ा दिनांक 09.09.2025
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी । | 90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_PWPIU_451820_1 | ग्राम- पलटवाड़ा, तहसील - परासिया. जिला - छिन्दवाड़ा के सीनियर आदिवासी छात्रावास में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य ।(प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 18.00 | 18000.00 | 2000.0 | 04 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| 2 | 2025_PWPIU_451822_1 | कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग छिन्दवाड़ा के अंतर्गत जोनल निविदा बाबत्। (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 100.00 | 100000.00 | 12500.0 | 12 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | - |
| 3 | 2025_PWPIU_451824_1 | तह. परासिया, जिला - छिन्दवाड़ा शास. पंचव्हेली महाविद्यालय में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य । शेष कार्य (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 43.32 | 50000.00 | 5000.0 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| | | योग | | 161.32 | | | | | |

1 - निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे 1 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 12.09.2025 समय 09.00 से दिनांक 26.09.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है ।4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
कार्यपालन यंत्री (भवन)
G-18780/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" लोक निर्माण विभाग, जिला - छिन्दवाड़ा (म. प्र.)

**कार्यालय क्षेत्रसंचालक, सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम, म.प्र.**
Phone No. 07574-254394 (O) Fax, 07574-252133 E-mail:fdsatnp.hbd@mp.gov.in
7509 **सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना ई-निविदा विज्ञप्ति** 12/09/2025
सतपुडा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वर्ष 2025 - 26 विभिन्न योजना अंतर्गत परिक्षेत्रों में विभागीय कार्य में उपयोग हेतु Range Finder क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से ई - निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 26.09.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 37,500/- रुपए (सेतीस हजार पांच सौ रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 26.09.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 29.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

(ऋषिभा सिंह नेताम ) भा.व.से.
उपसंचालक
G-187598/25 "स्वच्छता ही सेवा" सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम

चीता परियोजना के सफल तीन वर्ष

# चीता परियोजना की सफलता से मध्यप्रदेश बना एशिया का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पालपुर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बढ़ते चीतों के परिवार के साथ मध्यप्रदेश एशिया का गौरव बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 3 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश को चीता परियोजना की सौगात मिली थी। प्रधानमंत्री ने 17 सितम्बर 2022 को अपने जन्म दिवस पर पहले पालपुर कूनो में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। आज चीतों के परिवारों में वृद्धि हो रही है। 'प्रोजेक्ट चीता को 'इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार हाल ही में नई दिल्ली में आईएफएस एसोसिएशन और इंडियन मास्टरमाइंड्स द्वारा आयोजित तीसरे इको वॉरियर अवॉर्ड्स कार्यक्रम में प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अवॉर्ड मिलने पर चीता परियोजना से जुड़ी प्रबंधन टीम को बधाई दी है।

## "17 सितम्बर 2022 को पीएम मोदी ने अपने जन्म दिवस पर कूनो में चीते छोड़कर प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी

### प्रोजेक्ट चीता को 'इनोवेटिव इनिशिएटिव्स अवॉर्ड'



### चीते फर्राटे भर रहे

प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से आठ चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाकर हुई। इसने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तत्काल ध्यान आकर्षित किया। कई शंकाएँ भी उठीं कि भारतीय वातावरण चीता के लिए उपयुक्त नहीं है। इस अवधारणा को तोड़ते हुए कूनो पालपुर और गांधी सागर अभयारण में चीते फर्राटे भर रहे है और उनकी संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### चीतों को भायी मप्र की आबोहवा

चीता ने भारतीय वातावरण को आश्चर्यजनक रूप से तेजी से अपना लिया है। पिछले तीन वर्षों में पाँच चीता मादाओं द्वारा 6 बार शावकों को जन्म देना इस परियोजना की सफलता और लचीलापन का परिचायक है। वे भारतीय शिकार जैसे चीतल के प्रति अच्छी अनुकूलता दिखा रहे हैं। शुरुआत में डर था कि तेंदुओं से संघर्ष होगा, लेकिन प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र ने खुद को संतुलित किया, और शिकारी प्रजातियाँ अपने-अपने क्षेत्र में सीमित हो गईं।

### तीन वर्षों की सीख और सफलता

प्रोजेक्ट चीता की टीम के अथक प्रयासों के परिणाम सामने हैं। चीते न केवल जीवित रहे बल्कि सफलतापूर्वक अपना परिवार भी बढ़ाया। उनकी उपस्थिति ने घास के मैदानों और खुले जंगलों की ओर फिर से ध्यान आकर्षित किया। ऐसे परिस्थितिकी तंत्र पहले उपेक्षित थे। कूनो में घास के मैदानों में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और स्थानीय समुदायों को पर्यटन के माध्यम से लाभ पहुँचना इस चीता परियोजना की बड़ी उपलब्धियाँ हैं। चीतों की पुनःस्थापना से पारिस्थितिकी को कोई नुकसान नहीं हुआ। हर चीते की बारीकी से निगरानी, पेशेवर पशु चिकित्सकों द्वारा देखभाल, और सुरक्षित वातावरण ने चीता परियोजना को वैश्विक मानकों के बराबर खड़ा कर दिया है।

### नवाचार, संकल्प और आशा का प्रतीक प्रोजेक्ट चीता

*प्रोजेक्ट चीता की तीन वर्ष की यात्रा चुनौतीपूर्ण होने के साथ प्रेरणादायक भी रही है। यह परियोजना अब और अधिक प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। पिछले तीन वर्षों में चीता परियोजना प्रबंधन टीम ने कभी हार नहीं मानने का पाठ सीखा। चीता प्रबंधन के हर पहलू से ऐसी मूल्यवान जानकारियाँ मिलीं हैं, जिससे अनुभव रखने वाले और नए दोनों पेशेवरों की समझ में वृद्धि हुई है। किसी जीवित प्राणी के साथ काम करते समय जोखिम अनिवार्य होते हैं। पिछले तीन वर्षों में केंद्र और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों, फील्ड मैनेजर्स, पशु चिकित्सकों और फ्रंटलाइन स्टाफ का आत्मविश्वास मजबूत हुआ। इन वर्षों में यह भी साबित हो गया कि मध्यप्रदेश आपात स्थितियों और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम है। प्रोजेक्ट चीता की सफलता टीमवर्क का प्रतीक है जहाँ सभी पेशेवर एक ही उद्देश्य के लिए प्रतिबद्धता और कौशल के साथ कार्य कर रहे हैं।*

### चीता की लगातार बढ़ती संख्या

*चीता परियोजना की सबसे उत्साहजनक उपलब्धि रही है कि भारत में शावकों का जन्म हुआ। वर्तमान में 25 चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में हैं। दो नर गांधी सागर सेंचुरी में सफलतापूर्वक पुनर्वासित हो चुके हैं। इस प्रकार कुल 27 चीते है। कूनो के परिदृश्य में एक आत्मनिर्भर और मुक्त विचरण करने वाली चीता आबादी स्थापित करना निकट भविष्य का लक्ष्य है। तीन वर्षों की सफलता के साथ प्रोजेक्ट चीता का यह संदेश है कि यह केवल एक प्रजाति की वापसी नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रकृति संरक्षण में भारत के समर्पित नेतृत्व का प्रतीक है। चीता की वापसी यह सिद्ध करती है कि विलुप्ति अंतिम नहीं होती और दूरदृष्टि तथा संकल्प के साथ खोई विरासत को वापस लाया जा सकता है।*

## खबर संक्षेप

### पैनल में नामांकन के लिए आमंत्रण

**भोपाल।** केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के 8 सितम्बर को जारी अधिसूचना के अनुसार सीपीएसई, सांविधिक निकायों की ओर से विद्युत मंत्रालय प्रशासनिक नियंत्रण में लागू की जा रही परियोजनाओं के संविदात्मक विवादों के निपटान के लिए समझौता समितियों के गठन के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों के पैनल में नामांकन के लिए अभिरूचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट https://powermin.gov.in/en में उपलब्ध है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग का कार्यकाल 6 माह बढ़ाया

**भोपाल।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के कार्यकाल में छह माह की वृद्धि कर दी है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार आयोग का कार्यकाल सितंबर 2025 से बढ़ाकर अब फरवरी 2026 तक कर दिया गया है।

### 50 विद्यार्थी उद्यमशीलता का प्रशिक्षण लेंगे

**भोपाल।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 50 मेधावी विद्यार्थी 22 सितम्बर से उद्यमशीलता रोमांच शिविर में शामिल होंगे। यह शिविर भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित एनसीईआरटी परिसर के पं. सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान में 26 सितम्बर तक आयोजित होगा। इन विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर पर आयोजित वोकेशनल स्किल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

### लापरवाह वेंडरों को चयन सूची से हटाया

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र स्थापना में लापरवाही करने वाले वेंडरों को चयन सूची से हटाने की कार्रवाई की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सूर्याय नमः एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, प्रतिष्ठा एंटरप्राइजेज, भगवती कृपा सोलर पावर प्राइवेट लिमिटेड, इक्विपोलेंट एनर्जी सॉल्यूशंस कंसल्टेंसी ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड, लाभ ग्रीन एनर्जी, सेंटौर पॉवर्स एंड सोलर एनर्जी, स्पार्कल एनर्जी सॉल्यूशन, मां रीवा एंटरप्राइजेज, बटेश्वर सोलर प्राइवेट लिमिटेड आदि को हटाया है।

## दिल्ली हाट के रूप में विकसित होगा भोपाल हाट: डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने कहा, तीज-त्यौहारों के दृष्टिगत भोपाल हाट का स्वदेशी मेला महत्वपूर्ण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक सबका साथ-सबका विकास के भाव से जन भागीदारी, स्वच्छता और कल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। भोपाल हाट में लगा स्व-सहायता समूहों का 'स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग' इन गतिविधियों की शुरूआत है। मेले में 40 स्व-सहायता समूह भाग ले रहे हैं। इससे लगभग 3 हजार 600 से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे।

आगामी तीज-त्यौहारों के दृष्टिगत यह स्वदेशी मेला महत्वपूर्ण है, इससे भोपाल वासी स्वदेशी उत्पादों की आत्मीयता का अनुभव ले सकेंगे। इसके माध्यम से गांवों में घर-घर में बनने वाली वस्तुओं को बाजार और प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। स्वदेशी उत्पाद आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को 'स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग' का भोपाल हाट में शुभारंभ किया। उन्होंने घोषणा की कि भोपाल हाट को दिल्ली हाट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल, मंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति भी मौजूद रहे।

'स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग' का शुभारंभ



### दशहरे पर धूमधाम से होगा शस्त्र पूजन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरे पर प्रदेश में धूम-धाम से शस्त्र पूजन किया जाएगा। यह सौभाग्य का विषय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। स्वतंत्रता से पहले सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने कल्पना कर ली थी कि आजादी तो मिलेगी, लेकिन इसके बाद देश को आजाद रखने के लिए सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में देश भक्त नागरिकों की आवश्यकता होगी। वर्तमान में जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी के भाव के साथ सनातन संस्कृति और विरासत से विकास के पथ पर देश अग्रसर है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान की बदौलत भारत ने दुनिया में अलग पहचान बनाई है।*

### पीएम मोदी ने लिया सेवा का संकल्प



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रदेश की धरती पर 17 सितम्बर को शुभागमन हो रहा है। वे पीएम मित्र पार्क की नींव रखेंगे। उन्होंने अपने जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े में माताओं-बहनों के लिए सेवा का संकल्प लिया है। 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान में प्रदेश भर में महिलाओं की सभी प्रकार की जांच होंगी, महिला के स्वस्थ होने से परिवार सशक्त होंगे।

### सीएम के नेतृत्व में हर जिले में उद्योग: शर्मा



विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश के हर जिले में उद्योग केंद्र की स्थापना हो रही है। गरीब कल्याण हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन स्वदेशी अभियान को समर्पित है। इस स्वदेशी बाजार में हुजूर विधानसभा के 40 स्व-सहायता समूहों की बहनों ने यहां अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीएम मोदी की प्रशंसा की

# पीएम मित्र पार्क से करीब तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा रोजगार: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को धार जिले के ग्राम भैंसोला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन और सेवा पखवाड़ा के शुभारंभ को लेकर मीडिया से चर्चा की। खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के अवसर पर मध्यप्रदेश आ रहे हैं। यह हम सबसे के लिए सौभाग्य की बात है। वे दुनिया के एक मात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो अपने जन्मदिन पर आदिवासी अंचल में लोगों को रोजगार का उपहार देंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रधानमंत्री द्वारा पीएम मित्र पार्क के रूप में दी जा रही सौगात मध्यप्रदेश के लिए बहुत बड़ी सौगात है। आदिवासी अंचल में इतने बड़े पार्क की स्थापना से जनजातीय श्रमिकों के साथ हुनरमंद महिलाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। इस पार्क से करीब तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा, जिससे लोगों का जीवन खुशहाल होगा और आदिवासी अंचल के साथ समूचे मालवा और मध्यप्रदेश में समृद्धि आएगी। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मध्यप्रदेश में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हो रहा है।

### छह लाख कपास उत्पाद किसान होंगे लाभान्वित

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधाननमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पीएम मित्र पार्क को टैक्सटाइल का हब बनाने के लिए कार्य कर रही है। इस पार्क से धार, मालवा सहित आसपास के क्षेत्र के करीब 6 लाख कपास उत्पादक किसान लाभान्वित होंगे। पार्क में आदिवासी अंचल के धार, झाबुआ, आलीराजपुर और बड़वानी जिले के आदिवासी श्रमिकों व हुनरमंद महिलाओं को रोजगार मिलेगा।

### हेमंत और हितानंद वरिष्ठ नेता विक्रम वर्मा से मिलने पहुंचे

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने धार में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता विक्रम वर्मा के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

## दिशा की बैठक में सांसद शर्मा, विधायक सबनानी, अकील ने कहा

# सड़कों पर खड़े हो रहे पार्किंग के वाहन सड़कों से हटाएं बिजली के खंभे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मकानों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों से 70 फीसदी से ज्यादा बिजली के बिल बढ़े हुए आ रहे हैं। ऐसी शिकायतें आम जनता द्वारा की जाती है। जहां पर जाते हैं। ये ही बात सुनने को मिलती है। ऐसा क्यों हो रहा है। लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए चेक मीटर क्यों नहीं लगाए जा रहे हैं।

ये बातें मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में सांसद आलोक शर्मा और कांग्रेस के उत्तर से विधायक आतिफ अकील ने बिजली कंपनी के अफसरों से कही। जिस पर अफसरों ने बताया कि शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।



### गली-मोहल्लों में बिक रही शराब, सड़क पर खुले बार

महपौर मालती राय और कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने कहा कि शहर में फ्लाय ओवर, रहवासी क्षेत्रों में शराब की दुकानें खुलवा दी हैं, जो कि लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई हैं। इन दुकानों के बाहर सड़क पर ओपन बार बन गए हैं।

### इन मुद्दों पर चर्चा

*सांसद ने बैठक में कहा कि शहर में पार्किंग को ठेके पर देने के बाद भी वाहन पार्किंग में खड़े करवाने की बजाए, सड़कों पर लगवाए जाते हैं। जिससे सड़कों पर जाम के हालात बनते हैं। इस समस्या का समाधान स्थाई रूप से किया जाए। बैठक में बिजली, सड़क, पानी, पार्किंग, यातायात, मेट्रो, अतिक्रमण, स्वास्थ्य सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि शहर की सड़कें चौड़ी हो गई हैं लेकिन इन पर लगे बिजली के खंभे जानलेवा बनते जा रहे हैं।*

## होटल रेसिडन ब्लू में आयोजन

# मिसेज इंडिया एशिया में डॉ. श्वेता मिश्रा

## एलीगेंट कैटेगरी की प्रथम रनर-अप बनीं

**जबलपुर।** प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया एशिया 2025 का आयोजन हाल में ही होटल रेडिसन ब्लू नई दिल्ली में हुआ जिसमें देश-विदेश से ब्यूटी पेजेंट जीतने के लिए अलग-अलग कैटेगरी में लेडीज ने भाग लिया। यह आयोजन फैशन मेराकी द्वारा किया गया, जिसमें भोपाल की डॉ. श्वेता मिश्रा ने एलीगेंट कैटेगरी की फर्स्ट रनर-अप का खिताब जीता। इसके साथ ही उन्हें बॉडी ब्यूटीफुल का टाइटल भी मिला। डॉ. श्वेता ने बताया कि कैटेगरी उन महिलाओं के लिए है जो परिपक्वता, सौम्यता और गरिमा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। पूरे एशिया में आयोजित कठिन ऑडिशन प्रक्रिया के बाद 90 फाइनलिस्ट इस मंच तक पहुंचे। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने ग्रूमिंग सेशन टैलेंट राउंड और विभिन्न राउंड्स के माध्यम से अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। वे जबलपुर की बहू हैं। उनने ससुर वीबी मिश्रा एमपीईबी के रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे हैं।




### बेटे, भाई और पति ने किया मोटिवेट

डॉ. श्वेता कहती हैं, मेरे मन में हमेशा से कहीं न कहीं ब्यूटी पेजेंट्री में भाग लेने का सपना था, जो तमाम जिम्मेदारियों के बीच पूरा हुआ। मेरे पति आशीष मिश्रा, बेटे आदि और भाई मौलिक अग्निहोत्री ने मुझे मोटिवेट किया कि मुझे ब्यूटी पेजेंट्री के लिए जरूर तैयारी करना चाहिए क्योंकि मुझ से ज्यादा उन्हें यकीन था कि मैं जीत सकती हूं। ऐसा इसलिए क्योंकि मैं सालों से योग ट्रेनर और न्यूट्रीशनिस्ट हूं तो मुझे सबसे ज्यादा फोकस वाले इस एरिया को लिए एक्स्ट्रा एफर्ट नहीं करने थे, बस कैटवॉक और क्वेश्चन-ऑन्सर राउंड के लिए ज्यादा समय देना था। मैंने बहुत कम समय में तैयारी पूरी की। जिसमें क्वेश्चन-ऑन्सर राउंड के लिए मेरे पति आशीष मिश्रा ने गाइड किया। हम घर पर ही प्रैक्टिस करते थे। मेरे पापा शरद अग्निहोत्री मेरी जीत के बाद बहुत भावुक हो गए।

## पुलिस ने आरोपी पिता को किया गिरफ्तार, पत्नी से किया था प्रेम विवाह

# वहशी बना पिता, मासूम को पटक-पटक कर मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम करजी में मंगलवार सुबह शराबी पिता ने अपने ही 2 साल के मासूम बेटे हर्षित को बेरहमी से पटक-पटककर मौत के घाट उतार दिया। मासूम की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आरोपी पिता जुगलाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### मौसी के घर से खींच कर लाया था



16 सितंबर की सुबह मासूम हर्षित अपनी मौसी रहमेन के घर खेल रहा था। तभी आरोपी गुस्से में वहां पहुंचा और बेटे का हाथ पकड़कर खींचते हुए अपने घर ले गया। दरवाजे के पास उसने बच्चे को कई बार जमीन पर पटका और लात-घूंसों से घायल कर दिया। गंभीर चोट लगने से बच्चा वहीं बेहोश हो गया। परिजन और ग्रामीण तुरंत बच्चे को जिला अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में मातम छा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दरिमा पुलिस ने आरोपी जुगलाल सिंह को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शराब की लत ने सब बर्बाद कर दिया

*पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जुगलाल सिंह ने 3 साल पहले ग्राम कमलेश्वरपुर निवासी विनीता से प्रेम विवाह किया था। शुरू में सब ठीक रहा, लेकिन जल्द ही शराब की लत और आए दिन के झगड़ों ने रिश्ते को जहरीला बना दिया। पत्नी एक साल पहले मायके मैनपाट के रोपाखार चली गई थी। आरोपी ने कई बार बेटे को अपने पास रखने की जिद की। बेटे को अपने पास लेने के बाद उसने ही उसकी जान ले ली।*

### वारदात से पहले पत्नी को दी थी धमकी

घटना से कुछ घंटे पहले ही आरोपी ने अपनी पत्नी विनीता सिंह को फोन पर कहा कि तेरे बेटे हर्षित को मार डालूंगा। पत्नी ने इसे मजाक समझा, लेकिन कुछ देर बाद ही उसके पास फोन आया कि बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा। इस खबर ने मां को गहरे सदमे में डाल दिया।

## लक्षनपुर चौक के पास की घटना, ड्राइवर गिरफ्तार

# तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर में पुलिस जवान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के लक्षनपुर चौक के पास तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में पुलिस जवान आरक्षक प्रहलाद दिनकर की मौके पर ही मौत हुई है।

घटना मंगलवार की रात करीबन 10 बजे की है। वही ट्रेलर वाहन चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार चांपा थाने में पदस्थ आरक्षक प्रहलाद दिनकर जोकि मंगलवार की रात 9 बजे को थाने में ड्यूटी खत्म कर घर जाने के लिए बाइक से निकाला था। इस बीच पर लछनपुर चौक के पास पहुंचा था कि जांजगीर की ओर से जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए कुचल दिया। जिससे आरक्षक प्रहलाद दिनकर का सिर बुरी तरह से क्षतिग्रत हो गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



## जर्जर भवन में किसी भी स्थिति में न लगे शाला-सांसद

# स्कूल भवन का गिरा छप्पर

*** जिला शिक्षा केन्द्र भवन को नहीं मान रहा जर्जर।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

तीन दिन पूर्व ही जिले के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने समीक्षा बैठक के दौरान जिले के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये थे कि किसी भी स्थिति में जर्जर या खतरनाक शाला भवनों में शाला न लगाई जाये अन्यथा कोई भी घटना होती है तो फिर दोषी बख्से नहीं जायेंगे लेकिन जिले के अधिकारियों को शायद सांसद महोदय की चेतावनी का कोई असर होता दिखाई नहीं दिया यही कारण है कि न तो उनकी बात को गंभीरता से लिया गया और न ही इस दिशा में कोई प्रयास किये गये और नतीजा यह हुआ कि जिला मुख्यालय से महज 06 किलोमीटर दूर स्थित एक जर्जर शाला भवन का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया वह तो ऊपर वाले की कृपा रही कि घटना ऐसे समय हुई जब शाला बंद थी लिहाजा कोई हताहत नहीं हुआ अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता था।

### जिला शिक्षा केन्द्र का अनोखा जबाव

शाला भवन के स्टोर रूम के छप्पर के गिर जाने पर जिला स्त्रोत समन्वयक अरविन्द विश्वकर्मा का कहना है कि हमारे इंजीनियर श्री सनोडिया द्वारा बताया गया था कि यह भवन जर्जर नहीं है लिहाजा हमनें इस हेतु कोई प्रयास नहीं किया। अब जबकि छप्पर गिरने की घटना हो ही चुकी है तो अब डीएमएफ मद से मरम्मत की राशि स्वीकृत कराने का प्रयास किया जायेगा स्कूल को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने पर भी विचार हो रहा है।



### पिछले 11 वर्षो से की जा रही मरम्मत की मांग

प्राथमिक शाला खुड़िया की शिक्षिका का कहना है कि उनके द्वारा पिछले 11 वर्षो से इस शाला भवन के मरम्मत की मांग की जा रही है लेकिन आज दिनांक तक इस हेतु न तो जिला शिक्षा केन्द्र से न ही पंचायत स्तर से और न ही जिला प्रशासन से किसी तरह का सहयोग प्राप्त हुआ जैसे-तैसे अपने स्तर से और पालकों के सहयोग से किसी तरह छोटी-मोटी मरम्मत कराकर शाला संचालित की जाती रही है पूरा शाला भवन इस स्थिति में है कि कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। कल जब स्टोर भवन का छप्पर गिरा तो कम से कम यह गनीमत रही कि उस दौरान कोई छात्र उस कमरे में नहीं था नहीं तो छप्पर का क्षतिग्रस्त हिस्सा और इतने भारी भरकम खपरेल की चोट से कोई भी गंभीर रूप से घायल हो सकता था।

### जिला प्रशासन को क्यों नहीं होती जानकारी

शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही बड़ी-बड़ी बैठकों में यह बताया जाता है कि शाला भवनों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की गई, बरसात पूर्व ही मरम्मत के निर्देश दिये गये, जर्जर भवनों में शाला न लगाने के आदेश जारी किये गये और इन निर्णयों की बड़ी-बड़ी विज्ञप्तियाँ मीडिया को जारी की जाती है बावजूद इसके हकीकत ठीक इससे उलट होती है जब कहीं कोई घटना-दुर्घटना होती है तब जाकर जिला प्रशासन को इस बात की जानकारी हो पाती है कि उक्त भवन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में था या जर्जर था लेकिन जिले के अधिकारियों ने वास्तविकता से जिला प्रशासन को परिचित नहीं कराया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का पूरा फोकस सिर्फ और सिर्फ नियम विरूद्ध काम कर पैसा कमाना रह गया है इन्हें न तो छात्रों के भविष्य से कोई मतलब है और न ही उनकी सुरक्षा इनके लिये कोई मायने रखती है। इन अधिकारियों को न तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लिये निर्देशों की इज्जत है और न ही जिला प्रशासन का कोई खौफ, न तो प्रदेश स्तर से जारी निर्देशों के पालन का कोई डर है और न ही बदहाल होती शिक्षा व्यवस्था की कोई चिंता। इनके लिये तो यही पंक्ति सही फिट बैठती है कि "अपना काम बनता भाड़ में जाये जनता।"

# दिनदहाड़े महिला से चेन स्नेचिंग, बाइक सवार बदमाशों के साथ थी नकाबपोश युवती



रीवा । शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेन टोला इलाके में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब तीन अज्ञात बदमाशों ने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। यह वारदात दिनदहाड़े करीब 2 बजे उस समय हुई, जब बुजुर्ग महिला संजय गांधी अस्पताल से आंखों का इलाज करवा कर पैदल अपने घर लौट रही थी। जानकारी के अनुसार, पीड़िता कुसुम नामदेव पति ताराचंद्र, निवासी पांडेन टोला, संजय गांधी अस्पताल से लौटते समय जैसे ही अपने मोहल्ले के पास पहुंचीं, पीछे से एक युवक आया और अचानक उनके गले से सोने की चेन झपटकर दौड़ पड़ा। महिला ने शोर मचाया और पीछा करने की कोशिश भी की, लेकिन बदमाश पहले से तैनात अपने साथियों की बाइक पर सवार होकर कुछ ही सेकंड में मौके से फरार हो गए। बता दे जिस बाइक से बदमाश भागे उसमें तीन लोग सवार थे बाइक चला रहा युवक, चेन झपटने वाला युवक, और सबसे पीछे बैठी एक नकाबपोश युवती। युवती नीले चेकदार सूट में थी और उसने गमछे से अपना चेहरा ढक रखा था। वारदात के तुरंत बाद तीनों बदमाश तरहटी की ओर भागते देखे गए।बुजुर्ग महिला किसी तरह घर पहुंचीं और परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की लेकिन बदमाश तंग गलियों का फायदा उठाकर फरार हो गए। पांडेन टोला जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों की पहचान के लिए फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## बिछिया पेसा ग्राम पंचायत भीमा में शांति और विवाद निवारण समिति में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



पैसा नियम 2022 के तहत शान्ति एवं विवाद निवारण समिति भीमा द्वारा ग्राम में शांति सौहाद्र बनाए रखने के तहत किसी भी विवाद का निवारण, करने ग्राम पंचायत की सभा के द्वारा किया जाता है इसी के तहत चौपाल लगाकर ग्राम के समारू यादव पिता मंगल यादव उम्र 47 डूमर टोला भीमा ने आए दिन गाली गलोच असहनीय भाषा का उपयोग कर मनसुख यादव पिता मंगलू के परिवारो को गाली गालोच एवं सीता बाई के परिवार को गाली गलौच करता था तथा अपने बहु बेटा पत्नि को भी कई प्रकार से प्रताड़ित करता था अपने ही परिवार वालों को परेशान करता था,जिससे डूमर टोला भीमा में अशांति का माहोल फैला हुआ था मनसुख यादव ने शान्ति एवं विवाद निवारण समिति को जानकारी दी बैठक बुलाई जिसमें उपस्थित समस्त पंच गण एवं सदस्य, तथा बुजुर्ग गढ़ भूतपूर्व पंच चमरा यादव, सुखचेन कुलस्ते, राकेश सैयाम परसराम यादव , राजकुमारी यादव बुद्धो बाई यादव, रामली, ग्राम कोटवार, रामानंद पड़वार, ओम नरेश सैयाम, सीता बाई, गिरानो बाई, राम यादव, भारत यादव, सतीष यादव, दुर्गेश, अजय, पुष्पा यादव, पेसा मोबिलाइजर किशोर कुमार यादव एवं समस्त उपस्थित सदस्यो द्वारा विवाद का निवारण किया गया जिसमें समरु यादव सभी सदस्यों के सामने दोनों हाथ जोड़कर माफी मांगा और कहा है कि आज दिनांक केबाद कोई प्रकार से किसी भी के साथ विवाद नाही करेगा और ना असहनीय शब्दों का प्रयोग जिस पर सभी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर प्रकरण का निवारण किया।



# कुएँ से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

डिंडौरी ।

गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरखपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने गांव के पास बने एक कुएँ के अंदर अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। शव की हालत क्षत-विक्षत बताई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।

सूचना मिलते ही गाड़ासरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएँ से बाहर निकलवाने की कार्यवाही शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव को कुएँ में फेंका गया है। मृतक की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह कुएँ से बदबू आने पर लोगों ने झांककर देखा तो अंदर शव पड़ा हुआ था। यह खबर फैलते ही मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा। साथ ही आसपास के थानों को भी सूचित कर अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

## फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला

### स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से लोगों की जान पर संकट



शहडोल। जिले के ब्यौहारी मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों में फर्जी झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना डिग्री और बिना योग्यता के ये लोग निजी क्लीनिक, छोटे अस्पताल और दवा दुकानों को अस्पताल का रूप देकर ग्रामीणों का बेधड़क इलाज कर रहे हैं। सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली और जिम्मेदारों की चुप्पी ने ग्रामीणों को इन फर्जी चिकित्सकों के भरोसे मरने-मिटने के लिए छोड़ दिया है। ग्राम पंचायत मऊ में बंगाली झोलाछाप डॉक्टर अमित सरकार मकान किराए पर लेकर अस्पताल जैसी सुविधा चला रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, उसके गलत इलाज और इंजेक्शन लगाने से कई मरीजों की जान जा चुकी है। शिकायतों के बाद भी प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करना ज़रूरी नहीं समझा। इसी तरह नगर के बीच बिछिया टोला स्थित मोती मेडिकल ने मेडिकल दुकान को अस्पताल का रूप दे दिया है। यहाँ दवाइयों की बिक्री के साथ-साथ मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। सबसे खतरनाक स्थिति पोड़ी कला गांव में है, जहां एक बंगाली डॉक्टर ने जमीन खरीदकर दो मंजिला अस्पताल बना लिया है। यहाँ दर्जनभर बिस्तरों पर मरीज भर्ती होते हैं और हर मर्ज का इलाज किए जाने का दावा किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इन झोलाछापों की लापरवाही से कई मौतें हो चुकी हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग का अमला कार्रवाई करने के बजाय सांठगांठ कर अपनी जेब गर्म कर रहा है। सवाल यह उठता है कि जब जिले के प्रभारी मंत्री खुद स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री हैं, तब भी शहडोल जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की यह दुर्दशा क्यों है?

## उमरियापान सुविधाओं का अभाव, यात्रियों की खासी फजीहत

हरिभूमि न्यूज: उमरियापान

उमरियापान में स्थायी बस स्टैंड का निर्माण न हो पाने से यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि बसें कहीं भी सड़क पर खड़ी हो जाती हैं, जिससे यात्री परेशान और यातायात अवरुद्ध होता है। गर्मी के दिनों में यात्री झुलसती धूप में, बरसात में पानी और कीचड़ में खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। बस स्टैंड पर बैठने की सुविधा तक न होने से महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग खासे परेशान रहते हैं।पीने के पानी की व्यवस्था न होने से यात्री दुकानों में जाकर पानी पीते हैं। बरसात के दिनों में अस्थायी बस स्टैंड कीचड़ में तब्दील हो जाता है। खुले में बसों का संचालन न केवल अव्यवस्था फैलाता है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बढ़ा देता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई वर्षों से बस स्टैंड निर्माण की मांग उठ रही है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।



## खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मेडिकल दुकानों में की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय को रोकने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन मप्र के औषधि नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य के निर्देश पर उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन कटनी डॉ. राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में औषधि निरीक्षकों द्वारा जिले की मेडिकल स्टोर्स की जांच कर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। औषधि निरीक्षक किरण कुमार मगरे, मनीषा धुर्वे एवं प्रवीण कुमार पटेल के जांच दल द्वारा मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। निरीक्षक दल ने बहोरीबंद में पंकज मेडिकल स्टोर्स एवं आजाद मेडिकल स्टोर्स, कुआं में ओम मेडिकल स्टोर्स एवं गुप्ता मेडिकल स्टोर्स, सिलौंडी में शिवम मेडिकल स्टोर्स, सचिन मेडिकल स्टोर्स, श्रीराम मेडिकल स्टोर्स, न्यू अजय मेडिकल स्टोर्स एवं स्लिमनाबाद स्थित विनायक मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, सागर मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, मनोज मेडिकल स्टोर्स एवं जैन मेडिकल स्टोर्स की जांच की। इसके अलावा सिलौंडी स्थित राय मेडिकल स्टोर्स, आरोग्य ड्रग स्टोर्स एवं सचिन फार्मेसी दुकान बंद पाए जाने पर 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया जाएगा। जांच के दौरान इन सभी मेडिकल स्टोर्स में नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड की जांच की गई। साथ ही रिकॉर्ड दो दिवस में औषधि प्रशासन कार्यालय जिला कटनी में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के नियमानुसार लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी ।

## 40 घंटे बाद तलैया से मिला गुमशुदा युवक का शव


छतरपुर। चंदला नगर की तलैया में बीते दो दिनों से चल रहे रेस्क्यू अभियान के बाद आखिरकार गुमशुदा युवक का शव बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान चंदला के वार्ड 7 निवासी छोटे लाल साहू के पुत्र हर्ष साहू के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हर्ष साहू 15 सितंबर की शाम घर से बिना बताए अचानक लापता हो गया था। परिजन जब देर रात तक युवक का कोई सुराग नहीं लगा पाए तो 16 सितंबर को चंदला थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही थानाप्रभारी उदयवीर सिंह ने साइबर सेल की मदद से युवक के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करवाई, जिसमें पता चला कि मोबाइल थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर सक्रिय है। पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी के दौरान युवक का मोबाइल और जूते बरामद किए। इसके बाद पुलिस ने तत्काल एसडीईआरएफ टीम को सूचित किया। टीम ने देर शाम करीब ढाई घंटे तक तलैया में रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। वहीं बुधवार सुबह गोताखोरों की टीम ने एक बार फिर तलाशी अभियान शुरू किया और जाल में फंसा युवक का शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए चंदला स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घटना से नगर में शोक का माहौल व्याप्त है।

# ग्रामीण युवक को नक्सलियों ने किया अगवा लांजी थाने के ग्राम चौरिया की घटना


## मलाजखंड एरिया कमेटी कम्युनिस्ट पार्टी ने फेंके पर्चे, पुलिस बल और हॉकफोर्स का सर्चिंग अभियान तेज़

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र लांजी के चौरिया से ग्रामीण युवक देवेन्द्र यादव के नक्सलियों द्वारा अपहरण किये जाने की जानकारी सामने आ रही है। यहां, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के मलाजखंड ऐरिया कमेटी के नाम से मिले पर्चे से अंदेशा जताया जा रहा है कि नक्सलियों ने देवेन्द्र नाम के ग्रामीण का अपहरण किया है। आईजी संजय कुमार ने ग्रामीण के मिसिंग और नक्सली पर्चे मिलने की पुष्टि करते हुए बताया है कि ग्रामीण देवेंद्र के मिलने के बाद ही घटना की वास्तविकता से पता चल पाएगा कि उसका अपहरण, नक्सलियों ने किया है या और कोई घटना है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जानकारी अनुसार देवेंद्र के साथ अवधेश यादव भी थाए जो मवेशी लाने जंगल गया था। जब अवधेश वापस आयाए तो उसने दहियान में देवेंद्र की मोबाइल और बाइक खड़ी देखी। वहां दो कागजों पर लाल स्याही से लिखा हुआ एक पत्र भी मिलाए जिसमें देवेंद्र पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है और मौत की सजा दिए जाने की बात कही गई है। पत्र में मलाजखंड एरिया कमेटी भाकपा माओवादी जिंदाबाद लिखा हुआ है। इसमें यह भी कहा गया है कि पुलिस लोगों को एक दूसरे से लड़वाकर मरवाने का काम करती हैए सामंतवादी साम्राज्यवादियों की रक्षा करती हैए गरीबों को लूटती हैए विस्थापित और विनाश करती है। इसलिएए लोगों से पुलिस से दूर रहने की अपील की गई है। देवेंद्र के साथ दहियान गया युवक अवधेश बहुत मुश्किल से घर लौटा है तथा बहुत ही डरा हुआ है। जिले में



बालाघाट पुलिस मिशन-2026 तक नक्सलियों के खात्मे को लेकर लगातार दबाव बनाए हुए है। जंगल में नक्सलियों से लेकर लोगों के मन में व्याप्त नक्सली विचारधारा को खत्म करने जुटी बालाघाट पुलिस, नक्सलियो के साथ उनके नेटवर्क को तोडऩे में लगी है, इसी के बीच, नक्सलियों द्वारा ग्रामीण को अगवा करने की खबर सामने आई है। सूत्र बताते है कि, ग्रामीण युवक देवेंद्र तीन बहनों में इकलौता भाई है। जिसके माता-पिता नहीं है। जिसके मिसिंग होने के बाद नक्सलियों के दो पत्र मिले है, जिसमें उसके अपहरण का जिक्र किया गया है।



### क्या लिखा है लाल स्याही से पत्र में

नक्सलियों के लाल स्याही से मिले पहले पत्र में लिखा गया है कि यह आदमी देवेन्द्र यादव पुलिस मुखबिर था। माओवादी पार्टी दल का समाचार 3-4 बार दिया था और पतासाजी करने डेरा को ढूंढता था और पुलिस को खबर देता था। इसको पुलिस ने ही जंगल में दहान के नाम से बैठाया था। पितकोना पुलिस चौकी वालो को दही-दूध पहुंचाता था। यह सभी जांच करने के बाद यह मौत का सजा दिया गया था। बाकी और कोई भी पुलिस मुखबिर बनकर जनविरोधी काम पर नहीं जाना है। इनके जैसा कोई मुखबिर न बनें। बनने पर हर ग्रामवासियों को अपने-अपने गांव में सुधारे। जबकि दूसरे पत्र में लिखा है कि पुलिस हमारे ही गरीब लोगों से एकदूसरे से लड़वाकर मरवाने का काम करते है, पुलिस सामंतवादी-साम्राज्यवादियो की रक्षा करती है। गरीबो को लुटती हैं विस्थापित और विनाश करती है, इसलिए पुलिस से दूर रहिए।

# अनियंत्रित होकर रोड किनारे नाली में जा घुसी यात्री बस



### लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर देर शाम तक आवागमन में होती रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर एक निजी ट्रेवल्स की यात्री बस अचानक ही रोड किनारे नाली में जा घुसी। हालांकि इस दौरान कोई भी बस के सामने नहीं आयाए जिससे गंभीर हादसा होते.होते रह गया। जानकारी अनुसार, बस नगर के वीरांगना अवंतीबाई स्टेडियम के सामने से मोडऩे के दौरान अनियंत्रित होकर रोड किनारे नाली में जा घुसी। वाहन चालक ने बताया कि बस का ब्रेक पायडल फ्री हो जाने और प्रेशर नहीं होने के कारण बस में ब्रेक नहीं लगा और वह नियंत्रण से बाहर हो गई। बस के नाली में फंस जाने के कारण शाम 5 बजे तक आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं बस को निकालने के लिये जेसीबी भी लाई गई थीए जिससे भी बस निकाली नहीं जा सकी थी।

## मकानों पर चला बुलडोजर, रेलवे लाईन के दोहरीकरण में बन रहे थे बाधक

हरपालपुर। राजस्व और रेलवे प्रशासन ने संयुक्त रूप से बुधवार को हरपालपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसेड़ के चपरन गांव के 18 मकानों को ध्वस्त कर दिया। ये मकान उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मानिकपुर रेल लाइन के दोहरीकरण में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। नौगांव तहसीलदार रमेश कोल ने बताया कि इन घरों में रहने वाले ग्रामीणों को शासन की ओर से नियमानुसार मुआवज़ा राशि का वितरण किया जा चुका था साथ ही कई बार नोटिस देकर मकान तोडऩे छोडऩे को कहा गया था। चपरन गांव में 35 मकानों को तोड़ा जाना है जो रेलवे लाइन के दोहरीकरण में बाधक बन रहे हैं। इसमें से कुछ ग्रामीणों ने अपने मकानों को तोड़ लिया है। अभी मकान तोडऩे की कार्यवाही चल रही है। अभी करीब 12 मकानों को मशीनों की मदद से ध्वस्त किया गया है।

## गोविंदगंज रामलीला में राम जन्म का आनंदोत्सव

# बालरूप राम की गूंजी किलकारी

**जबलपुर।** जैसे ही प्रभु श्रीराम, अनुज लक्ष्मण-भरत-शत्रुघन के जन्म की किलकारी गूंजी, वैसे ही दर्शकों की भीड़ ने जयश्रीराम क उदघोष किया। अवसर था गोविंदगंज रामलीला के प्रथम दिन की लीला का। नारद मोह के बाद रामजन्म की लीला हुई। व्यास पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि राम जन्म के अनेक हेतुओं में से एक नारद मोह भी है। इसी की भावपूर्ण लीला का मंचन बुधवार को हुआ। राम जन्म के साथ ही रावण-मेघनाद-कुंभकरण की तपस्या, कामदेव की लीला, इंद्र का घबराना और फिर विश्वमोहिनी संवाद की लीला से दर्शक रूबरू हुए।

### सभी ने मनाया आनंदोत्सव

रामलीला मंच पर राम के जन्म का उत्सव सभी ने मनाया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि ये अवसर सभी के लिए खास होता है। हर वर्ष इस अवसर पर प्रसाद, लड्डू हरीरा आदि वितरित किया जाता है। आज मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण को महाभोग लगाया गया।

### आज ताड़का वध की लीला

अनिल तिवारी ने बताया कि रामलीला मंच पर आज ताड़का वध, मारीच सभा और अहिल्या उद्धार की लीला होगी। ताड़का के प्रकटीकरण के लिए समिति की एक्सपर्ट टीम मेहनत कर रही है। मायावी मारीच सभा का मायाबी चित्रण होगा, तो वहीं अहिल्या उद्धार की भक्तिपूर्ण लीला होगी।

## धनुष यज्ञ रामलीला में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा, सदर बाजार बना अयोध्या धाम



**जबलपुर।** धार्मिक आस्था और भक्ति से परिपूर्ण धनुष यज्ञ रामलीला कार्यक्रम का आयोजन सदर बाजार में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समस्त देवताओं के आवाहन, मुकुट पूजन, श्रीगणेश पूजन तथा नवग्रह पूजन के साथ हुई। सूर्य, चंद्रमा, जननी गौ माता, गंगा, यमुना, नर्मदा और सरयू नदियों का आवाहन कर दिव्यता का संचार किया गया। श्रीराम कथा के माध्यम से बताया गया कि संस्कृति ही जीवन है, और तुलसीदास व वाल्मीकि द्वारा वर्णित रामचरित का सार यह है कि राम में ही राम को खोजना चाहिए। कार्यक्रम में भजन, आरती, कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता सीता एवं श्रीहनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पत्रों को तिलक कर, उनका पूजन कर भगवान का स्वरूप प्रदान किया गया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वातावरण भक्तिमय हो गया।गुरुवार, 18 सितंबर की रात 8 बजे से नगर भ्रमण एवं मुकुट पूजन का आयोजन किया जाएगा। सदर की गलियों को अयोध्या नगरी के रूप में सजाया जाएगा। इस दौरान पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़े, अखाड़ा नृत्य, और रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी। घर-घर श्रीराम की आरती व पूजन के साथ श्रद्धालु दर्शन करेंगे।सीताराम कुरचानिया, अभिषेक चौकसे, मधुर तिवारी, संदीप चौकसे, प्रमाण अवस्थी, राहुल रजक, दिलीप रजक, डॉ. शंकर पांडे, नरेश तिवारी, शिवदत्त चौबे, मनोहर अग्निहोत्री, दिनेश शुक्ला, विजय ठाकुर, संजय शुक्ला, संतोष तिवारी, रवि महावर, प्रकाश पंडित, आदेश दीक्षित, पहलाद श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, प्रकाश सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर पर कंपनी का पक्ष भ्रामक : शर्मा

जबलपुर।

स्मार्ट मीटर के डाटा को लेकर उठ रहे सवाल पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी किये गये बयान पर कांग्रेस ने आपत्ति उठाते हुये कहा है की कंपनी का यह बयान उपभोक्ताओं की आंख में पर्दा डालने का प्रयास है. बिजली कंपनी का पक्ष भ्रामक है. कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा है की सवाल यह नहीं है की उसका डाटा भारत में सुरक्षित है. सवाल यह है कि कंपनी विदेश मूल की है या नहीं. सौरभ शर्मा ने कहा है की कंपनी ने अपने बयान में बार-बार यह कहा कि "भारत में डाटा सुरक्षित है। परंतु यहाँ सवाल भारत की नहीं, बल्कि उस कंपनी की पृष्ठभूमि का है, जिसके विदेशी मूल और पाकिस्तानी मूल के कर्मचारियों की संलिप्तता को लेकर शंका व्यक्त की जा रही है। उदाहरणस्वरूप, आज भी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पाकिस्तानी मूल के निवासी इस कंपनी में कार्यरत हैं। अतः केवल "भारत में डाटा सेंटर" कह देने से उपभोक्ताओं की चिंताएँ समाप्त नहीं होतीं।

**असल सवाल ठेका कंपनी विदेशी मूल की है या नहीं**

### इंदौर में आयोग्य क्यों घोषित की गई कंपनी

कंपनी ने यह बताने की कोशिश की कि इंदौर में अल्फ़ानार केवल समय पर स्पष्टीकरण न दे पाने के कारण अस्वीकृत हुई। जबकि सच्चाई यह है कि मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्वयं तीन बार नोटिस जारी किए और पर्याप्त अवसर दिए।

इसके बावजूद जब दस्तावेज़ अपूर्ण पाए गए तो कंपनी को अयोग्य घोषित किया गया। यदि वही दस्तावेज़ उस समय अधूरे थे, तो बाद में उसी कंपनी को अन्य क्षेत्रों में ठेका (कॉन्ट्रैक्ट) कैसे दे दिया गया – यह गंभीर प्रश्न है, जिस पर जनता को स्पष्ट जवाब चाहिए।

### दस्तावेज़ों को सार्वजनिक किया जाए

कांग्रेस की यह मांग है कि जिन दस्तावेज़ों और योग्यताओं के आधार पर अल्फ़ानार को इंदौर में अयोग्य घोषित किया गया और पूर्व एवं मध्य क्षेत्र में योग्य घोषित किया गया, वे सभी दस्तावेज़ तथा पात्रता मानदंड जनता के सामने सार्वजनिक किए जाएं। पारदर्शिता ही उपभोक्ताओं का विश्वास बहाल कर सकती है।कांग्रेस तकनीक के विरोध में नहीं है, लेकिन तकनीक के नाम पर नियमों की अनदेखी, विदेशी कंपनियों को विशेष संरक्षण और उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस का यह स्पष्ट कहना है कि उपभोक्ताओं की आँखों पर पर्दा डालने और सत्य को छिपाने की कोशिशें बंद होनी चाहिए।

# रेल मंडल में दिलाई गई स्वच्छता की शपथ




जबलपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के जन्मदिन पर बुधवार से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जगह जगह स्वच्छता अभियान चलाया गया। जबलपुर रेल मंडल प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर, सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, जे पी सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक। मुनव्वर खान, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी, रजनीकांत साहू, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, स्वप्निल पाटिल, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता के साथ ही सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। पश्चिम मध्य रेलवे स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने स्वच्छता के संदेश पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। सभी विभागों के कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इसी तरह मंडल के सभी स्टेशनों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।




## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत जबलपुर के सिविक सेंटर स्थित गुजराती मंडपम में एक विशाल मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसेवा की भावना से प्रेरित सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया।कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद, लोकसभा सांसद, विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने स्वयं भी रक्तदान कर आमजन को प्रेरित किया और सेवा के इस कार्य को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## आयुर्वेद महाविद्यालय में 410 बच्चों को दिया गया स्वर्ण प्राशन

**जबलपुर।** सकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, ग्वारीघाट में आज बुधवार को स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवजात शिशुओं से लेकर 16 वर्ष तक के कुल 410 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना, उन्हें संभावित बीमारियों से सुरक्षित रखना और उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एल.एल. अहिरवार, शिशु एवं बाल रोग विभाग की डॉ. गरिमा पाण्डेय एवं डॉ. सुनील कुमार जैन ने किया। बच्चों की स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें आयु अनुसार स्वर्ण बिन्दु दिया गया। यह औषधि स्वर्ण भस्म, गौ घृत और शहद के मिश्रण से तैयार की जाती है। प्रत्येक बूंद में 1.6 मिली ग्राम स्वर्ण भस्म सम्मिलित होता है।

# ईवीएम हटाने व बैलेट पेपर लागू करने की मांग पर धरना प्रदर्शन



**जबलपुर।** बहुजन कांति मोर्चा, भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर चौक पर ईवीएम हटाने व बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक धरने पर बैठे और जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।अन्य प्रमुख मांगों में ओबीसी की जातिवार जनगणना, एससी-एसटी-ओबीसी कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण, आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों का विरोध, एवं मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध समुदायों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा शामिल रही। प्रदर्शन के दौरान ₹ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओ₹ जैसे नारे गूंजते रहे। कार्यकर्ताओं ने 25 सितम्बर को ₹जेल भरो आंदोलन₹ की चेतावनी दी। प्रमुख उपस्थित लोगों में इंजी. प्रवीण गजभिये, अनिल बंशकार, रमन पटेल, विनय भगत, राहुल बौद्ध, एड. परमानंद साहू, डॉ. आनंद, अज्जू रजक, मोहित पटेल, मलिक अंसारी, मृदुल अर्खल, सतीश लोधी, सुनील कोरी, भोले मदू सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।



## विश्वकर्मा जयंती पर विद्युत यांत्रिकी विभाग में हवन का आयोजन

**जबलपुर।** विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश विद्युत यांत्रिकी भारी मशीनरी विभाग, बरगी हिल्स, जबलपुर में धार्मिक और सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत हवन व विश्वकर्मा भगवान की पूजन-अर्चना की गई। पूजन के उपरांत भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के कर्मचारियों और आमजन को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के उपयंत्री श्री विजय विश्वकर्मा, श्री पीयूष वर्मा, श्री अनिल कुशवाहा, श्री जे.एन. दुबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा जयंती पर भव्य पूजन हवन और महाआरती का आयोजन

जबलपुर।

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर तुलाराम चौक स्थित प्राचीन श्री छकोड़ी राम जानकी बाई गुरु विश्वकर्मा मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन और हवन से हुई, जिसके बाद महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रवीन्द्र विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, जय विश्वकर्मा, अजय शर्मा, और कृष्ण कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस पावन अवसर पर



विश्वकर्मा समाज के प्रमुख सदस्य रमेश विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, रामपत विश्वकर्मा, तथा अर्जुन विश्वकर्मा सहित अन्य श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## यूका के जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण की राख की सीलबंद टेस्टिंग समीक्षा रिपोर्ट पेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण से निकली राख की सीलबंद टेस्टिंग समीक्षा रिपोर्ट पेश कर गई। साथ ही अवगत कराया गया कि राख के अन्य टेस्ट भी कराए जाने हैं। इसलिए लिए समय मांगा गया। प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने आग्रह स्वीकार करते हुए आठ अक्टूबर तक का समय दे दिया।

**राज्य से दूसरे टेस्ट कराने समय मांगा, कोर्ट ने आठ अक्टूबर तक का दिया समय**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण की मांग करते हुए हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। जनहित याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाई कोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रही थी। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनष्टीकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। एमपीपीसीबी से सीटीओ मिलने के बाद अलग लैंडफिल सेल में उसे नष्ट किया जाएगा। इस दौरान हाई कोर्ट में एक अन्य जनहित याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है। रखा में मरकरी है, जिसे नष्ट करने की तकनीक सिर्फ जपान व जर्मनी के पास है। हाईकोर्ट ने इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद मुख्य याचिका के साथ सुनवाई के आदेश जारी किए थे। मामले पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान एमपीपीएससी की तरफ से राख की पहली टेस्टिंग की समीक्षा रिपोर्ट पेश करते हुए अन्य टेस्टिंग के लिए समय प्रदान करने का आग्रह किया गया।

# विश्वसनीयता के साथ खड़ी है हिंदी भाषा

## विद्युत परिवार हिन्दी महोत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में हिन्दी महोत्सव 2025 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय जबलपुर केन्द्र के उपनिदेशक डा. विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि जब पूरे विश्व में भाषाओं पर खतरे की घंटी बज रही है उस समय हिन्दी विश्वसनीयता, सुदृढ़ता व अडिगता के साथ खड़ी हुई है। इसका कारण करोड़ो लोगों का हिन्दी के अपनत्व है और वे इसका सभी तरह से उपयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन एवं हिन्दी समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश कुमार अग्रवाल, हिन्दी समिति के उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, हिन्दी समिति के संयोजक दीपक निगम सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे। समारोह में डा. विवेक श्रीवास्तव को हिन्दी में दिए गए अविस्मरणीय योगदान के लिए हिन्दी समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

विद्युत कंपनियां हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध-हिन्दी के समिति के अध्यक्ष पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भागीदारी का संकेत है कि कार्मिकों का हिन्दी के प्रति लगाव व रूझान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विद्युत कंपनियां हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं।



### विद्युत हिन्दी सेवी हुए सम्मानित

हिन्दी महोत्सव में योगदान देने वाले विद्युत कार्मिकों मनीषा झारिया, सुहास कोरडे, अजय उशेकरवार, राकेश यादव, राकेश स्वामी, साहिल बिरहा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। हिन्दी महोत्सव में पुस्तक प्रदर्शनी का संयोजन करने वाले अजय यादव व उनकी पुत्री मधु यादव को उनकी निःस्वार्थ हिन्दी सेवा के लिए सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। हिन्दी महोत्सव के अवसर पर जबलपुर पर केन्द्रित छायाचित्र प्रदर्शनी के लिए छायाकार अजय धाबर्डे को सम्मानित किया गया। हिन्दी समिति के पूर्व महासचिव राजेश पाठक प्रवीण को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश त्रिवेदी ने किया।

सभी प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार-हिन्दी महोत्सव में चार प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इन प्रतियोगिताओं के सभी प्रतिभागियों को हिन्दी समिति द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शॉलेय विद्यार्थीयों की चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में प्रीतम मेहता, तुषार बेन, सृजन कुशवाहा, सानवी सिंह, अवनी दुबे, समृद्धि बोरिया, अनविका अग्रवाल, निवेदिका पटेल, अथर्व कुशवाहा व एतिक उइके। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आकृति अग्रवाल व सुहेल मोहम्मद, द्वितीय मधुरेन्द्र कुमार, तृतीय स्थान आदर्श कुमार शर्मा व मनोज पशीने रहे। कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता में प्रथम फरेश खरे, द्वितीय लोकेश उपाध्याय, तृतीय अंजू नीखरे को मिला। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लोकेश उपाध्याय व अंकिता सिंह, द्वितीय धनश्री लोधी व संजय पोल और तृतीय स्थान पर प्रतीक कुंटे रहे।

# महाकौशल कॉलेज में 120 यूनिट रक्त संग्रह

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय, में सेवा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 120 विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अशोक रोहाणी ने किया। जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष राव, डॉ. जितेंद्र जामदार, एसडीएम रांझी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा प्रो पी आर चंदेलकर, पूर्व आयुक्त निशक्तजन दीपंकर बनर्जी,संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. आभा पांडेय एवं डॉ. समता नायडू ने भी मंच साझा किया।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 06, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /सं.अधि./सं.क्र.-06/2025-26/एम/123
दिनांक:- 17/09/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सालिनी गुप्ता पति श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने खसरा नं. 99/1 प्लाट नं. 11 वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय पिन नं.- 1000352739 क्षेत्रफल 750 भूतल 750 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-06, दमोह नाका में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.06
नगर निगम, जबलपुर

**जाहिर सूचना**
(सामान्य नमूना)
माननीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश साहब, मलकापुर न्यायालय, मलकापुर
प्रकरण क्र. कि दि. अर्ज. नं. 12/2015
कमल ज्ञानदेव शेजोळे (पाटील) मृतक के वारस
अर्जदार। आवेदक):
उत्तम ज्ञानदेव शेजोळे एवं अन्य
विरुद्ध
गैर-अर्जदार (प्रत्यर्थी):
मिर बिस्मिल्ला मिर जंगू एवं अन्य
बनाम: ई. फर्जाना बेगम जाफर अहमद
निवासी- हुसैन कॉलोनी, मोहम्मद अली रोड, जबलपुर, जिला- जबलपुर, मध्यप्रदेश

अर्जदार द्वारा हमारे इस माननीय न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है, जिसके अनुसार इस याचिका के विरुद्ध आपको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के अनुसार आपको निर्देश दिया जाता है कि आप इस याचिका के संबंध में उचित कारण प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 28/10/2025 को प्रातः 10:30 बजे न्यायालय में स्वयं उपस्थित हों या अपने द्वारा नियुक्त वकील के माध्यम से हाजिर हों। यदि आप निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो आपकी अनुपस्थिति में ही निर्णय लिया जाएगा, और आपकी याचिका पर सुनवाई नहीं की जाएगी। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निर्देशित तिथि या उससे पहले उपस्थित नहीं होते हैं, तो आपकी अनुपस्थिति में ही निर्णय लिया जाएगा और आपकी रक्षा में कोई विचार नहीं किया जाएगा। यह आदेश दिनांक 08 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया है।

अधिकारी
वि अति जिला व सत्र न्यायाधीश
न्यायालय, मलकापुर, जिला बुलढाणा

फ्री मेडिकल चैकअप एवं योग व हैल्थ कैम्प का संचालन करेगा पतंजलि

**क्रोनिक लीवर डिजीज, फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस की निशुल्क औषधि वितरण एवं उपचार कैम्प का संचालन**

# पतंजलि द्वारा देश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया जाएगा पुरस्कृत

दिल्ली।

देवतुल्य राष्ट्र ऋषि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव पर पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज ने दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि देश के देवतुल्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिमालय जैसे व्यक्तित्व में स्वदेशी, स्वधर्म, राष्ट्रधर्म व सनातन धर्म सन्निहित है। स्वामी जी ने उनके वैश्विक नेतृत्व, व्यक्तित्व व चरित्र को प्रणाम करते हुए देश की नीतियों व नीयती को दिशा देने में बड़ी भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री मोदी जी की दीर्घायु की कामना की। प्रेस वार्ता में पूज्य स्वामी जी ने "स्वदेशी से आत्मनिर्भर और विकसित भारत" का निर्माण करने में पतंजलि की भूमिका व योगदान पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव व अग्रणी भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। प्रेसवार्ता के दौरान पतंजलि योगपीठ की ओर से राष्ट्रीय स्तर की सेवाओं की घोषणा की गई।

**भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए चलाएंगे स्वदेशी आंदोलन**




## प्रधानमंत्री प्रतिभा पुरस्कार

देश के सभी जिलों में सीबीएसई, बीएसबी (भारतीय शिक्षा बोर्ड) व स्टेट बोर्ड के प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन व गौरव देने के लिए पतंजलि द्वारा 11 से 51 हजार रुपयों से पुरस्कृत किया जाएगा।

## हेल्थ चैकअप एवं निशुल्क लीवर उपचार

देशभर में 750 स्थानों पर फ्री मेडिकल चैकअप एवं योग व हैल्थ कैम्प लगाए जाएंगे। देश में 750 से अधिक स्थानों पर क्रोनिक लीवर डिजीज, फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस की निशुल्क औषधि वितरण एवं उपचार कैम्प लगाए जाएंगे। आज देश में करोड़ों लोग हार्ट व लीवर के रोगी हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में जिन असाध्य रोगों का इलाज नहीं है, पतंजलि ने योग-आयुर्वेद एवं स्वस्थ दिनचर्या तथा रिसर्च एण्ड एविडेंस बेस्ड औषधियों से ऐसे हजारों रोगियों को स्वस्थ किया है।

## विकसित भारत अभियान

भारत प्राचीनकाल से ही अर्थव्यवस्था के शिखर पर रहा है। 250 सालों में इस्ट इण्डिया कम्पनी से लेकर अनेकों कम्पनियों ने भारत की 100 ट्रिलियन से ज्यादा आर्थिक लूट केवल दो दशकों में की है। भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व में सर्वोपरि बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान 'वोकल फॉर लोकल' व स्वदेशी के आंदोलन को गाँव-गाँव व घर-घर तक जनांदोलन के रूप में चलाया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत अभियान को साकार करने के लिए संपूर्ण देश भर में स्वदेशी का अभियान चलाकर, भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए तथा राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में स्वदेशी को गौरव प्रदान करने के लिए व विदेशी ताकतों से देश की लूट को बचाएंगे तथा भारत को परम वैभवशाली बनाएंगे। स्वामी जी ने दैनिक जीवन में शून्य तकनीकी की अमेरिकी व विदेशी कम्पनियों के बहिष्कार का आह्वान किया। विकसित भारत का सपना केवल प्रधानमंत्री जी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का है। हमें अपने संकल्प व जुनून से भारत को विश्व का महानतम देश बनाना है।

मैकाले के षड्यंत्र से वैचारिक दरिद्र व गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को बदलने के लिए भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से प्रथम चरण में 1 लाख, फिर 3 लाख विद्यालयों को स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था से जोड़कर देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालकर ऐसे आदर्श व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण करना है, जो पूरे विश्व का नेतृत्व कर सकें। भारत को केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक शक्ति बनाना है। भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.पी. सिंह जी ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन व वैधानिक स्वरूप के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया।

## डाबर को मिला 'डेंटिस्ट मोस्ट ट्रस्टेड ओरल केयर ब्रांड' का अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** हाल ही में दांतों की देखभाल पर एक खास सेमिनार हुआ, जिसमें पूरे भारत से 300 से ज़्यादा डेंटिस्ट शामिल हुए। इस कार्यक्रम में, डाबर रेड पेस्ट को इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए)-आगरा की ओर से डेंटिस्ट्स मोस्ट ट्रस्टेड ओरल केयर ब्रांड का अवॉर्ड मिला। यह सम्मान दिखाता है कि यह ब्रांड लोगों को अच्छी क्वालिटी के और भरोसेमंद उत्पाद देने के लिए कितना समर्पित है। डाबर रैड पेस्ट को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना, पारम्परिक आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान पर आधारित प्रभावी एवं भरोसेमंद ओरल केयर समाधान उपलब्ध कराने की डाबर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड में ओरल केयर के मार्केटिंग हैड श्री प्रशांत अग्रवाल ने कहा, "हमें गर्व है कि हमें इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

## मोटोरोला ने स्मार्टफोन्स के फेस्टिव लाइन-अप की घोषणा की

**जबलपुर।** मोटोरोला ने आज फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल 2025 के लिए प्रीमियम और मिड-रेंज स्मार्टफोन्स के अपने सबसे बड़े फेस्टिव लाइन-अप की घोषणा की। ये सभी स्मार्टफोन अविश्वसनीय दामों पर उपलब्ध होंगे। दुनिया के सबसे शानदार एआई-पावर्ड motorola edge 60 PRO और motorola edge 60 FUSION से लेकर बेस्टसेलिंग moto g series स्मार्टफोन्स तक, और आइकॉनिक motorola razr 60 series तक, मोटोरोला इस सीजन में त्योहारी शॉपिंग को आनंददायक बनाएगा। यह सेल केवल फ्लिपकार्ट पर 23 सितंबर से रात 12 बजे से अर्ली एक्सेस कस्टमर्स के लिए और 22 सितंबर से सभी उपभोक्ताओं के लिए लाइव होगी। सभी डिवाइसेस सेल की अवधि के दौरान आकर्षक बिग बिलियन डेज दामों पर उपलब्ध होंगे।




## एंडोस्कोपी सर्जरी से रेज़र ब्लेड निकालकर मरीज की जान बचाई

**जबलपुर।** मिडास हॉस्पिटल के सीनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ मुकेवार तथा उनकी विशेषज्ञ टीम ने मिलकर एक मरीज जटिल एंडोस्कोपिक सर्जरी सफलतापूर्वक की। इस सर्जरी में मरीज की अन्ननली (इसोफैगस) में फंसा हुआ रेज़र ब्लेड निकाला गया। मरीज ने यह रेज़र ब्लेड इलाज के लिए आने से लगभग दो हफ्ते पहले निगल लिया था। 15 वर्षों से स्किज़ोफ्रेनिया से पीड़ित एक 40 वर्षीय पुरुष मरीज को लगभग एक सप्ताह से भोजन निगलने में कठिनाई की शिकायत के साथ मिडास अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एंडोस्कोपी से जाँच के बाद मरीज की अन्ननली में एक पूरी मोटाई का छिद्र (फुल-थिकनेस पर्फोरेशन) पाया गया। डॉ. मुकेवार और एंडोस्कोपी टीम ने 8 मार्च को एक नाजुक सर्जरी की। इस सर्जरी में एंडोस्कोप को भोजन नली में डालकर रेज़र ब्लेड को सावधानीपूर्वक निकाला गया, जो मरीज के शरीर में दो सप्ताह से अधिक समय तक था। ब्लेड पूरी तरह से अन्ननली से बाहर निकाला गया और अन्ननली के छेद को मेटल स्टेंट से बंद कर दिया गया।

आई4सी के आंकड़ों में भी दिखा उल्लेखनीय असर

# एयरटेल की धोखाधड़ी विरोधी मुहिम से ग्राहकों के वित्तीय नुकसान में 70 फीसदी की कमी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**एयरटेल के धोखाधड़ी-रोधी उपायों ने ग्राहकों के वित्तीय नुकसान को लगभग 70 फीसदी कम किया है, क्योंकि यह एआई-आधारित तकनीक का उपयोग करके स्पैम और धोखाधड़ी कॉल को रोकता है। कंपनी ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी और स्पैम कॉल और संदेशों से बचाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है।**

भारती एयरटेल ने घोषणा की है कि उसके द्वारा शुरू की गई एंटी-फ्रॉड पहलों के चलते साइबर अपराध की शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इस प्रभाव की पुष्टि हाल ही में गृह मंत्रालय (एमएचए) के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से भी हुई है। गृह मंत्रालय-आई 4 सी के अनुसार, एयरटेल नेटवर्क पर वित्तीय नुकसान के मूल्य में 68.7 फीसदी की भारी गिरावट और कुल साइबर अपराध मामलों में14.3 फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि साइबर अपराधों पर रोक लगाने और ग्राहकों के लिए सुरक्षित नेटवर्क उपलब्ध कराने में एयरटेल का फ्रॉड डिटेक्शन समाधान बेहद असरदार साबित हुआ है। गृह मंत्रालय-आई4सी द्वारा किए गए विश्लेषण में




सितंबर 2024 और जून 2025 के बीच साइबर अपराध से जुड़े प्रमुख संकेतकों की तुलना की गई है। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन व प्रबंध निदेशक गोपाल विट्टल ने कहाकि हमारा मिशन अपने ग्राहकों को स्पैम और वित्तीय धोखाधड़ी से पूरी तरह मुक्त करना है। पिछले एक वर्ष में, हमारे एआई-आधारित नेटवर्क सॉल्यूशंस ने 48.3 बिलियन से अधिक स्पैम कॉल्स की पहचान की और 3.2 लाख धोखाधड़ी वाले संदिग्ध लिंक्स को ब्लॉक किया। हम साइबर अपराध और धोखाधड़ी के ख़तरों को समाप्त करने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करते रहेंगे। कंपनी ने भारत का पहला नेटवर्क-आधारित एआई-पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन लॉन्च किया। इस पहल ने स्पैम कॉल्स और मैसेजेस की बढ़ती समस्या को हल करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मणिपाल हॉस्पिटल में दुर्लभ टीबी हृदय जटिलता से मिली नई जिंदगी

**कोलकाता।** मणिपाल हॉस्पिटल साल्टलेक में हृदय से जुड़ी टीबी की एक दुर्लभ जटिलता वाले मरीज को बचाया गया है, जहां एक युवा मरीज को हृदय में टीबी से संबंधित दुर्लभ जटिलताओं के कारण जीवन-घातक स्थिति का सामना करना पड़ रहा था, जिसका सफल इलाज मणिपाल के डॉक्टरों ने किया। हावड़ा की 32 वर्षीय महिला, जो अपनी चौथी गर्भावस्था में थीं और जिनकी 3 पूर्व की डिलीवरी बिना किसी जटिलता के हुई थी, को 1 सितम्बर 2025 को मणिपाल हॉस्पिटल साल्टलेक लाया गया। उन्हें डॉ. नंदिनी चक्रवर्ती, कंसल्टेंट ऑब्स्टेट्रिशियन, मणिपाल हॉस्पिटल साल्टलेक की देखरेख में भर्ती किया गया, जब उन्हें अचानक और गंभीर श्वसन-कष्ट (डिस्प्निया) की समस्या हुई। हालाँकि वह नियमित रूप से एक सरकारी अस्पताल में फॉलो-अप कर रही थीं, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मणिपाल हॉस्पिटल में तत्काल उन्नत हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ी।

सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन -2025 कल

# शामिल होंगे वरिष्ठ नीति निर्माता, वैश्विक राजनयिक और उद्योग जगत के दिग्गज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक व्यापार एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव, डिजिटल व्यापार में तेज़ी, उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाएं और स्थिरता की अनिवार्यताएं अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य को नया आकार दे रही हैं। भारत के लिए, यह एक निर्णायक समय पर आ रहा है, क्योंकि भारत सरकार मुक्त व्यापार समझौतों, लचीले विनिर्माण और रणनीतिक क्षेत्रों में नेतृत्व पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। इस पृष्ठभूमि में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), पश्चिमी क्षेत्र, गुरुवार 18 सितंबर को ताज प्रेसिडेंट, मुंबई में बदलावों का सामना, भविष्य को परिभाषित करना विषय पर अपने वैश्विक व्यापार परिदृश्य शिखर सम्मेलन के छठे संस्करण की मेजबानी कर रहा है। इस शिखर सम्मेलन में नीति निर्माताओं, राजनयिकों, व्यापार विशेषज्ञों, अर्थशास्त्रियों और उद्योग जगत के प्रमुखों की एक प्रतिष्ठित टीम शामिल होगी, जो नई व्यापार



व्यवस्था को आकार देने में भारत की भूमिका पर विचार-विमर्श करेगी। सीआईआई वैश्विक व्यापार परिदृश्य 2025 के छठें संस्करण के प्रमुख सत्रों में भू-राजनीतिक पुनर्संरेखण और भारत की रणनीतिक स्थिति, स्वच्छ ऊर्जा, अर्धचालक, डिजिटल सेवाएँ और दुर्लभ मृदा खनिज सहित वैश्विक व्यापार में रणनीतिक क्षेत्रों का उदय, नई व्यापार व्यवस्था और ऑस्ट्रेलिया व यूके के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से अवसरों के द्वार खोलने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला जाएगा।

### प्रमुख वक्ताओं में यह होंगे शामिल

संजय सेठी, आईएएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव, परिवहन और बंदरगाह, महाराष्ट्र सरकार), नितिन बोरवणकर (सीईओ, एसईजेड, जेएनपीए), अमित शर्मा (संयुक्त डीजीएफटी, मुंबई), चेओंग मिंग फूंग (सिंगापुर के महावाणिज्य दूत), वीर आडवाणी (अध्यक्ष, सीआईआई वैश्विक व्यापार परिदृश्य 2025 और सीएमडी, ब्लू स्टार लिमिटेड), इप्सिता दासगुप्ता (वरिष्ठ वीपी और एमडी, एचपी इंडिया, बांग्लादेश और श्रीलंका), डॉ.सच्चिदानंद शुक्ला (समूह मुख्य अर्थशास्त्री, एलएंडटी), मार्क बेरेल (व्यापार सलाहकार, ब्रिटिश उप उच्चायोग), साथ ही राजरतन समूह, पॉलीकैब इंडिया, पीरामल एंटरप्राइजेज, ब्रोकमैन लॉजिस्टिक्स, ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस, केमट्रोल्स इंडस्ट्रीज, आईआईएम और कई वैश्विक व्यापार निकायों के वरिष्ठ प्रतिनिधि।

## फोनपे के एप स्टोर ने बनाई 10 करोड़ डिवाइस में अपनी जगह

**नई दिल्ली।** भारत के अपने एंड्रॉयड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने एक शानदार उपलब्धि की घोषणा की है। इसने 10 करोड़ से अधिक डिवाइस पर अपनी जगह बना ली है। इसकी सफलता का एक बड़ा कारण इसकी स्थानीय भाषा में होना है, जो यूजर्स को अंग्रेजी के साथ-साथ 12 भारतीय भाषाओं में भी ऐप्स खोजने की सुविधा देती है। इसकी सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसके 40 फीसदी यूजर्स, ऐपस्टोर को किसी ना किसी क्षेत्रीय भाषा में उपयोग करते है। , जिनमें हिंदी, मराठी, तमिल और गुजराती सबसे पॉपुलर हैं।

## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457 (रायपुर /19/सितम्बर/25)

आवश्यकता है - NATRAJ पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा। भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको। नौकरी की जरूरत हो तो संपर्क करें +919241054300 +9188737 62120 (रायपुर /19/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# आईएमसी पहली बार स्टार्टअप वर्ल्ड कप आयोजित कर स्टार्टअप्स को देगी गति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 पहली बार स्टार्टअप वर्ल्ड कप इंडिया के इंडिया संस्करण की मेजबानी करने को तैयार है। नई दिल्ली के यशोभूमि कनवेंशन सेंटर में 8-11 अक्टूबर तक होने वाली यह वैश्विक प्रतिस्पर्धा, स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों को सशक्त करने के लिए समर्पित आईएमएसी के अग्रणी स्टार्टअप प्रोग्राम एस्पायर का एक सेंटरपीस होगा। आईएमसी एस्पायर को 300 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं जिनमें से 15 स्टार्टअप्स का चयन एक क्यूरेटेड जूरी द्वारा किया जाएगा। यह प्रतियोगिता इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 10 अक्टूबर होगी जिसमें चयनित 15 स्टार्टअप्स हिस्सा लेंगे। इस वर्ल्ड कप के इंडिया संस्करण के विजेता का चयन सैन फ्रांसिस्को में होने वाले वर्ल्ड कप ग्रैंड फिनाले के लिए किया जाएगा जहां विश्वविजेता को 10 लाख डॉलर का निवेश पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के सीईओ रामकृष्ण पी. ने कहाकि आईएमसी एस्पायर के साथ हम स्टार्टअप्स को ना केवल एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बढ़ने का एक रास्ता भी दे रहे हैं। पहली बार स्टार्टअप वर्ल्ड कप इंडिया की मेजबानी करना, भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक नवप्रवर्तन अर्थव्यवस्था की अग्रणी पंक्ति में लाने की आईएमसी 2025 की प्रतिबद्धता रेखांकित करता है। पैनल में आईसीआईसीआई वेंचर में वेंचर कैपिटल के निदेशक तेज कपूर, फंडामेंटम में सह संस्थापक और जनरल पार्टनर आशीष कुमार, इंडिफि टेक्नोलॉजीज के सह संस्थापक और टीआईई दिल्ली-एनसीआर गवर्निंग काउंसिल सदस्य आलोक मित्तल, योरनेस्ट वीसी फंड के कार्यकारी निदेशक और फंड मैनेजर गिरीश शिवानी, दूरसंचार विभाग के डीडीजी (एसई) अनिल कुमार भारद्वाज और सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डाक्टर एसपी कोचर शामिल हैं। जूरी के इन सदस्यों को वेंचर कैपिटल, स्टार्टअप को आगे बढ़ाने, डीपटेक और डिजिटल नीति में गहरा अनुभव है और ये इस प्रतियोगिता को संस्थापकों के लिए एक असाधारण अवसर में तब्दील करेंगे।

## विंजो ने यूएस के मार्केट में किया प्रवेश

**नई दिल्ली।** घरेलू डिजिटल एंटरटेनमेन्ट प्लेटफॉर्म विंजो ने यूएस में अपने आधिकारिक लांच की घोषणा की है। यह भारतीय टेक्नोलॉजी एवं गेमिंग इनोवेशन को निर्यात करने, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी और प्रतिभा को विश्वस्तरीय यूजर्स तक पहुंचाने के कंपनी के मिशन में निर्णायक उपलब्धि है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5992



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5991 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ज्ज | त | दा | र | ■ | क | र | त | ब |
| म | त | ■ | क | ■ | ज | टि | ल | ■ | वा | र |
| न | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | य | ■ | ग |
| भा | गी | दा | र | ■ | प | ल | ■ | म | द | द |
| व | ■ | चा | ■ | अ | ट | ल | ■ | ■ | रा | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | मी | ■ | ■ | र | न | र | ■ | इ | ■ | म |
| अ | न | ल | ■ | क | र | ■ | अ | क | ब | र |
| म | ■ | ता | क | ■ | क | त | र | ना | ■ | ख |
| रू | ह | ■ | ह | ल | वा | ■ | दा | ■ | आ | ना |
| द | म | दा | र | ■ | स | न | स | ना | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6002

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6001 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |



अनेक वजहों से आज के दौर में बहुत से लोग कब्ज की समस्या से ग्रस्त रहते हैं। इसके कारणों को जानकर आप कुछ उपायों पर अमल करके इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। इनके बारे में जानिए।

# तब कब्ज नहीं करेगा परेशान

**ट्रीटमेंट**

शिखर चंद जैन



वर्तमान समय में कब्ज की समस्या लोगों में काफी बढ़ गई है। इसके कई कारण हैं। मुख्य रूप से हमारी आधुनिक जीवनशैली, बिगड़ा खान-पान और पर्यावरण में बदलाव इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**अनहेल्दी डाइटः** फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड की बढ़ती हुई आदत, फाइबर युक्त भोजन (जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज) की कमी और और कम पोषक तत्वों वाले आहार का अधिक सेवन हमारी आंतों को नुकसान पहुंचाते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से मल नरम नहीं रहता और पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है। साथ ही अत्यधिक चीनी, वसा और रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन का सेवन भी नुकसानदायक है।

**बदलती जीवनशैलीः** शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे लंबे समय तक बैठे रहना, व्यायाम न करना आदि से आंतों की गतिशीलता कम होती है। नींद पर्याप्त न लेना भी पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। व्यस्तता या सुविधाओं की कमी के कारण शौच की इच्छा को बार-बार दबाना भी एक बड़ी वजह है।



**मानसिक स्वास्थ्यः** आधुनिक जीवन का तनाव, चिंता और अवसाद पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। तनाव आंतों की गतिशीलता को कम कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आंत-मस्तिष्क संबंध को प्रभावित करती हैं।

**चिकित्सीय कारणः** कुछ दवाएं जैसे दर्द निवारक, एंटासिड, एंटी-डिप्रेसेंट और आयरन सप्लीमेंट्स कब्ज का कारण बन सकती हैं। मधुमेह, थायरॉइड और अन्य पुरानी बीमारियां भी पाचन तंत्र को प्रभावित करती हैं।

**आयु और हार्मोनल बदलावः** उम्र बढ़ने के साथ आंतों की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसके अलावा गर्भावस्था, मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति जैसे हार्मोनल बदलाव भी कब्ज को बढ़ा सकते हैं।

**समाधान के उपायः** कब्ज से बचाव के कई उपाय हैं।

**चोकरयुक्त आटाः** डायबिटिक डाइटीशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट्स कहते हैं कि यदि 3 मुट्ठी आटे में एक मुट्ठी चोकर डालकर गूंधा जाए तो इस आटे से बनी चपाती अधिक संतुष्टि देती है। चोकरयुक्त आटे का इस्तेमाल किया जाए, तो रोटियां पौष्टिकता देने के साथ-साथ वजन भी कम करेंगी और पेट भी साफ रहेगा।

**ओट्सः** ओट्स में मौजूद घुलनशील डाइटरी फाइबर पाचन क्रिया को सुचारु रखता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है। इससे कब्ज की शिकायत नहीं रहती। यदि नाश्ते में सुबह केवल ओट्स लेते हैं, तो साथ में सूखे फल और ताजा मौसमी फल जैसे सेब, नाशपाती, आम, स्ट्राबेरी, केला, ब्लूबेरी इत्यादि अवश्य लें। ऐसा करना पौष्टिकता देने के साथ पेट भी साफ रखेगा।

**कुदरती उपचारः** सुबह उठते ही सीधे लेट जाएं, फिर एक तौलिया ठंडे पानी में भिगोकर पेट पर रखें। उसके ऊपर गरम शॉल लपेट लें। 10 मिनट के बाद ठंडा तौलिया हटाकर उस के स्थान पर गरम पानी में भीगा निचोड़ा हुआ तौलिया पेट पर रख कर उस के ऊपर शॉल लपेट कर 10-15 मिनट लेटें। शुरू-शुरू में यह प्रक्रिया हो सके तो 2-3 बार करें। आप देखेंगे बहुत जल्द ही आप के बॉवेल सिंड्रोम और बॉवेल मूवमेंट में फर्क पड़ेगा। सर्द-गरम पेट पर पट्टी लगाने और हल्की-फुल्की कसरत से भी लाभ होगा।

### ये भी आजमाएं

- फाइबरयुक्त आहार (जैसे हरी सब्जियां, फल, ओट्स, चिया सीड्स) का सेवन बढ़ाने से लाभ होगा।
- रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं।
- नियमित किसी भी तरह का व्यायाम करें, जैसे योग या तेज चलना।
- तनाव प्रबंधन के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं।
- शौच की इच्छा को नजरअंदाज न करें और नियमित समय पर शौच जाएं।
- आवश्यक हो तो चिकित्सक से सलाह लें, विशेष रूप से यदि कब्ज पुराना हो। *

**(आयुर्वेद-यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राजन शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

स्पेशलः वर्ल्ड अल्जाइमर-डे, 21 सितंबर

ओल्ड एज में न्यूरॉन्स के डैमेज होने और अन्य कुछ कारणों से व्यक्ति अल्जाइमर की गिरफ्त में आ सकता है। इससे उसकी मेमोरी पावर वीक होने लगती है और कई तरह की मेंटल प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इससे पेशेंट को नॉर्मल लाइफ जीने में परेशानी होती है। लेकिन अगर शुरुआती लक्षणों के साथ ही कुछ बातों को लेकर सावधानी बरती जाए तो इसके प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# अल्जाइमर जब ओल्ड एज में मेमोरी पावर होने लगती है वीक

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ.(प्रोफेसर) विनय गोयल
चेयरमैन-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

डब्ल्यूएचओ के अनुसार साढ़े पांच करोड़ से अधिक लोग दुनिया भर में डिमेंशिया (जिसका एक प्रमुख प्रकार अल्जाइमर डिजीज (संक्षेप में ए.डी. है) से पीड़ित हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से ही संबंधित होते हैं।

### क्या है अल्जाइमर

जर्मनी के प्रख्यात मनोचिकित्सक एलोइस अल्जाइमर ने अल्जाइर रोग की पहचान की थी। इसलिए उन्हीं के नाम पर इस मर्ज का नाम अल्जाइमर पड़ा, जिसे अंग्रेजी भाषा में 'अल्जाइमर्स डिजीज' या ए.डी. कहा जाता है। एलोइस अल्जाइमर ने कहा था कि जब युवावस्था की दोपहर के बाद जिंदगी की शाम होती है, तब यादें ही हमारा सहारा होती है। मन दुखद यादों को भूलना चाहता है और सुखद यादों में डूबना चाहता है। उम्र बढ़ने के साथ यादें हमारी साथी बन जाती हैं, लेकिन क्या होगा अगर याद्दाश्त खुद ही फीकी पड़ने लगे और खो जाए? अल्जाइमर रोग में यही होता है।

### समय रहते हो जाएं सचेत

डिमेंशिया (मनोभ्रंश) का एक प्रमुख प्रकार है- अल्जाइमर। डिमेंशिया मस्तिष्क संबंधी विकारों का एक समूह है, जिसमें व्यक्ति की याद्दाश्त, सोच, भाषा और उसका कौशल क्षीण होने लगता है और उसके व्यक्तित्व एवं व्यवहार में नकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से संबंधित होते हैं। गौरतलब है कि अल्जाइमर की समस्या रातों-रात नहीं होती। कई सालों के बाद यह रोग गंभीर रूप धारण करता है। समय रहते इस रोग का पता चलने पर पीड़ित व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) 8-10 साल से अधिक हो सकती है, हालांकि इसके अपवाद भी संभव हैं।

### रोग के कारण

बढ़ती उम्र यानी वृद्धावस्था (आमतौर पर 60 साल से अधिक) में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के मृत होने और इनमें असामान्य रूप से प्रोटीन के संचित होने को अल्जाइमर का कारण माना जाता है, लेकिन इस रोग के कारणों पर अभी तक शोध-अध्ययन जारी हैं।

### ये हैं प्रमुख लक्षण

- चंद दिनों पहले घटी घटना भी भूल जाना।
- हाल में ही संपर्क में आए लोगों के नामों को भी भूल जाना।
- समय और स्थान के बारे में असमंजस होना।



- अत्यंत गंभीर स्थिति में मरीज अपने परिजनों तक को नहीं पहचानता या फिर उनका नाम भूल जाता है।
- बोलते समय सही शब्द का चयन और उच्चारण करने में दिक्कत।
- नित्य क्रिया और दैनिक कार्य करने में कठिनाई जैसे कमीज के बटन बंद करने में दिक्कत महसूस करना आदि।
- लोगों का चेहरा पहचानने में परेशानी।
- पीड़ित व्यक्ति के व्यक्तित्व में नकारात्मक परिवर्तन होना।
- अल्जाइमर रोगी अकसर समाज से अलग-थलग पड़ जाते हैं। इस कारण ये अवसाद से ग्रस्त हो सकते हैं। क्रोध और चिड़चिड़ापन इनके स्वभाव का अंग बन जाता है।
- आमतौर पर अल्जाइमर के लक्षण इस बीमारी की अवस्था (स्टेज) पर निर्भर करते हैं। जैसे बीमारी के शुरुआती दौर में व्यक्ति नाम या स्थान को कुछ सेकेंड या मिनट के लिए भूल सकता है, लेकिन बीमारी की तीसरी अवस्था या स्टेज में व्यक्ति अपने घर वालों का नाम भी भूल सकता है।

### एजिंग प्रोसेस नहीं है अल्जाइमर

उम्र बढ़ने (आमतौर पर 60 साल के बाद) के साथ मस्तिष्क और शरीर की कार्यक्षमता निरंतर कम होती जाती है, जिसे एजिंग प्रोसेस कहा जाता है। इस दौरान व्यक्ति की याददाश्त कम होने लगती है, लेकिन उसे बोलते समय सही शब्द का चयन करने और दैनिक कार्यों को अंजाम देने में दिक्कत महसूस नहीं होती, जबकि अल्जाइमर की समस्या में उपरोक्त लक्षण सामने आते हैं।

### डायग्नोसिस के तरीके

न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा सबसे पहले मरीज का क्लीनिक में शारीरिक और मानसिक परीक्षण (जिसमें स्मृति परीक्षण भी शामिल है) किया जाता है। इसके अलावा मस्तिष्क में स्मृति से संबंधित कौन सा भाग कितना विकारग्रस्त है, यह जानने के लिए सीटी स्कैन या एमआरआई या पीईटी स्कैन नामक परीक्षण कराए जाते हैं। कुछ मामलों में ईईजी टेस्ट भी कराते हैं।

### इलाज के बारे में

अल्जाइमर्स का कोई स्थाई इलाज नहीं है। अतीत में 'अमेरिकन ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' अल्जाइमर्स से संबंधित एक दवा को अनुमति प्रदान कर चुका है, जिसके क्लीनिकल ट्रायल जारी हैं। इस मर्ज में सिर्फ लक्षणों को कम करने के लिए कुछ विधियां और उपचार उपलब्ध हैं।

- अवसाद (डिप्रेशन) और मरीज की घबराहट को नियंत्रित करने के लिए दवाएं दी जाती हैं।
- उच्च रक्तचाप की समस्या होने पर इसे नियंत्रित करने वाली दवाएं देते हैं।
- शारीरिक और मानसिक गतिविधियां रोगी की प्रतिदिन की गतिविधियों में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जैसे योगासन, प्राणायाम शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।
- कुछ मानसिक अभ्यास जैसे सुडोकू, क्रॉसवर्ड, पहेली आदि मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने में सहायक हैं।
- कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि नई भाषाएं सीखने से मस्तिष्क का अच्छा अभ्यास होता है और सीखने की इस प्रवृत्ति से अल्जाइमर्स की रोकथाम में मदद मिलती है।

### फैमिली सपोर्ट है इंपॉर्टेंट

अल्जाइमर न केवल रोगी को बल्कि उसके परिवार को भी प्रभावित करता है। इसलिए परिवार के सदस्य पीड़ित व्यक्ति के लिए वक्त निकालें,



उनसे बात करें और उनके साथ टहलें ताकि उनके तनाव को दूर करने में मदद मिले। डॉक्टर, दोस्त और पड़ोसी के रूप में हम मरीज की मदद कर सकते हैं।

### इन्हें है अल्जाइमर का अधिक रिस्क

- 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अल्जाइमर का जोखिम सर्वाधिक होता है।
- जिन लोगों के परिवार के किसी सदस्य को अतीत में अल्जाइमर की समस्या रही है, उनमें इस रोग के होने का जोखिम ज्यादा होता है।
- किसी व्यक्ति के शरीर में कुछ जींस ऐसे होते हैं, जो अल्जाइमर रोग के खतरे को बढ़ा देते हैं।
- जिन लोगों के मस्तिष्क में किसी दुर्घटना से गंभीर आघात लगा है या किन्ही कारणों से गंभीर चोट लगी है और ऐसे लोग दुर्घटना के बाद देर तक बेहोश रहे हैं, उनमें कालांतर में अल्जाइमर होने का जोखिम बढ़ जाता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### पोषक तत्वों का सेवन लाभकारी

**अल्जाइमर की** रोकथाम या इस मर्ज की प्रक्रिया को धीमा करने में संतुलित और पौष्टिक खान-पान का भी महत्व होता है। इसके अलावा जो लोग अल्जाइमर से ग्रस्त हो चुके हैं, उन्हें और उनके परिजनों को भी मरीज के संदर्भ में संतुलित और पौष्टिक खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक और संतुलित आहार मस्तिष्क और इसकी कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के क्रियाकलाप को सही तरीके से संचालित करने में मदद करता है। जैसे अखरोट के सेवन से याददाश्त को बरकरार रखने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो मस्तिष्क के क्रियाकलापों को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद करता है।

अखरोट के अलावा विटामिन बी 12 (जो मौसमी फलों, हरी सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स में पाया जाता है), मछली, कीवी, अनार और विभिन्न रूपों में हल्दी का सेवन कमजोर होती याददाश्त को रोकने में सहायक हैं। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है, जो याददाश्त को सशक्त बनाने में सहायक है।

**सीजनल डिजीज**

डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से होने वाले वायरल फीवर से पेशेंट लंबे समय तक ग्रस्त रह सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ यहां विस्तार से बचाव के बारे में भी बता रहे हैं।

# वायरल फीवर कर रहा है लंबे समय तक बीमार



इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर के मामले बहुतायत में देखने को मिल रहे हैं। इसकी बड़ी वजह बारिश का दूसरे साल से अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होना और जगह-जगह जल-जमाव होना मानी जा रही है। बरसात के बाद के मॉयश्चरयुक्त आबोहवा में वायरस, बैक्टीरिया और मच्छर तेजी से मल्टीप्लाई करते हैं और उनके नए वेरिएंट्स भी पैदा होते हैं, जिनकी वजह से कई तरह के बुखार और बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इनमें से एक है- आजकल फैला वायरल फीवर। इस बार का वायरल फीवर एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से फैल रहा है। इसकी पुष्टि मेडिकल साइंस मे बायोफार्मा टेस्ट से हुई है।

### वायरस के नए वेरिएंट के लक्षण हैं ज्यादा गंभीर

यूं तो वायरल फीवर हर साल बदलते मौसम में फैलता है, जिसमें मरीज आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाते थे। लेकिन एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट से पीड़ित कई मरीजों का बुखार पैरासिटामॉल या क्रोसिन जैसी दवाइयों से काबू नहीं हो पा रहा है। बुखार जल्दी नहीं उतरता, उतरने के कुछ समय बाद दुबारा आ जाता है। बुखार उतरने में 10-12 दिन लग रहे हैं। कुछ मामलों में तो यह बुखार 3 सप्ताह तक बना रहता है। ऐसे मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ रही है। यही नहीं कई मरीज ऐसे भी हैं, जिन्हें ठीक होने के बाद भी लगातार खांसी, कमजोरी और भूख न लगने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कुछ डॉक्टरों ने तो इस वायरल फीवर को क्रोसिन फेल फीवर का नाम दे दिया है।

### कैसे फैलता है यह वायरस

इंफ्लूएंजा एच3एन2 वायरस, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमित मरीज जब छींकता या खांसता है, तो ड्रॉपलेट एक मीटर के दायरे तक फैल जाते हैं और आस-पास मौजूद व्यक्ति के सांस लेने पर ड्रॉपलेट उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। या फिर संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने पर वायरसयुक्त ड्रॉपलेट किसी सतह या किसी चीज पर गिरते हैं, जिसे स्वस्थ व्यक्ति के छूने पर हाथ में ट्रांसफर हो जाते हैं और आंख-नाक-मुंह के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में परिवार में एक से दूसरा व्यक्ति इसकी चपेट में आ रहे हैं।

### क्या होते हैं लक्षण

संक्रमित व्यक्ति को तेज बुखार आता है। इसके साथ ही सिर दर्द, पूरे बदन का टूटना और दर्द होना, जबड़ों-गर्दन-कमर-जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, खांसी-जुकाम होना, गले में खराश, बलगम, नाक बंद होना, सांस लेने में कठिनाई होना, भूख कम होना, पेट दर्द, डायरिया या लूज मोशन होना, बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याएं हो रही हैं।

### किन्हें है ज्यादा रिस्क

कमजोर इम्यूनिटी वाले छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं इस वायरस की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। इम्यूनो कॉम्प्रोमाइज लोग यानी टीबी, अस्थमा या पहले फेफड़ों में इंफेक्शन, किडनी, कार्डिएक डिजीज जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है।

### उपचार के तरीके



**डॉक्टर मरीज** को ऑब्जर्व करके, पूरा एगजामिनेशन करके और एच3एन2 का बायोफार्मा टेस्ट करवाते हैं। इसके साथ एहतियातन टाइफायड, डेंगू, मलेरिया का टेस्ट भी कर सकते हैं। बुखार के लिए पैरासिटामोल, विटामिन सी देते हैं। कुछ लोगों को एंटीबायोटिक दवाइयां भी देने की जरूरत पड़ती है ताकि आगे जाकर सेकेंड इंफेक्शन न हो। मरीज को पूरा आराम करने, बलगम ज्यादा होने पर स्टीम लेने, शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी भरपूर मात्रा में पीने और लिक्विड डाइट लेने की सलाह दी जाती है।

### कब करें डॉक्टर से कंसल्ट

अगर बुखार 3 दिन से ज्यादा बना हुआ है और पैरासिटामोल लेने के बाद भी काबू में नहीं आ रहा तो यह साधारण वायरल फीवर नहीं है, तब देर न करें, तुरंत डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

### कैसे करें बचाव

- अपनी इम्यूनिटी मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।
- घर का बना ताजा, गर्म, पौष्टिक और संतुलित खाना खाएं। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मौसमी और ताजी फल-सब्जियों का सेवन करें। अदरक, लहसुन जैसी चीजों को अपने आहार में जरूर शामिल करें। खट्टे फल, फ्रिज में रखा ठंडा जूस, कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम से परहेज करें। खटाई, दही जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें। ज्यादा से ज्यादा पानी और लिक्विड डाइट का सेवन करें। यथासंभव गुनगुना पानी पिएं।
- बरसात में भीगने की स्थिति में गर्म पानी से जरूर नहाएं। सिर और बाल अच्छी तरह धोकर सुखाएं। चाय-कॉफी-कहवा जैसे गर्म पेय लें। केसर वाला दूध या चाय पीने से आराम मिलता है।



- रेगुलर वर्कआउट, व्यायाम, शुद्ध-साफ हवा में सांस लें, योग करें।
- बदलते मौसम में फ्लू से बचने के लिए न्यूमोकोकल इंफ्लूएजा वैक्सीन हर साल जरूर लगवाएं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए जरूरी है।
- फ्लू होने पर अपने आपको आइसोलेट करें ताकि दूसरे लोग संक्रमित न हो पाएं। जितना जल्दी हो सके, डॉक्टर से कंसल्ट करें। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाइयां न लें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**



# ओमान के खिलाफ भारत कर सकता है प्लेइंग इलेवन में बदलाव, बुमराह को दिया जाएगा आराम!

एजेंसी ▶▶| दुबई

19 सितंबर को भारत को एशिया कप 2025 में ओमान के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलेगा। वहीं इस मुकाबले के लिए टीम इंडिया अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव कर सकती है। दरअसल, इस दौरान जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। फिलहाल, भारत सुपर-4 में 21, 24 और 26 सितंबर को अपने मैच खेलेगा।

### 28 सितंबर को फाइनल

इसके बाद 28 सितंबर को फाइनल होगा। ऐसे में टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार ये टीम अगर खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करती है तो उसे सात दिनों में चार मैच खेलने पड़ सकते हैं। टीम प्रबंधन अपने प्रमुख तेज गेंदबाज को आगे के लिए चुनौतीपूर्ण दौर के लिए तरोताजा रखने के महत्व को समझता है।

## भारत सुपर-4 में 21, 24 और 26 सितंबर को खेलेगा मैच



### अर्शदीप या राणा के खेलने की संभावना

बुमराह खुद मैच से बाहर रहना चाहते हैं या नहीं, ये तो कहा नहीं जा सकता। लेकिन ये फैसला व्यावहारिक होने की उम्मीद है क्योंकि उन्हें किसी कम महत्व वाले मैच की जगह टूर्नामेंट के आखिरी चरण के लिए पूरी तरह से तैयार रखना बेहतर है विकल्प है। ऐसी स्थिति में अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा में किसी एक के खेलने की संभावना है।

## श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान को दिखाना होगा आक्रामक खेल

**अबुधाबी।** अफगानिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को एशिया कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मुकाबले में खुलकर आक्रामक खेल दिखाना होगा। बांग्लादेश से हारने के बाद अफगानिस्तान को सुपर चार में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को हर हालत में हराना होगा। इसमें जीतने पर उसके श्रीलंका और बांग्लादेश के समान चार अंक होंगे लेकिन उसका रन रेट (2.150) बांग्लादेश (माइनस 0.270) से बेहतर है, जिसके सारे लीग मैच हो चुके हैं।




### अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी अफगानिस्तान

टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद राशिद खान की कप्तानी वाली टीम से काफी उम्मीदें हैं लेकिन एशिया कप में अभी तक वह अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी है। अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार की रात 155 रन का लक्ष्य हासिल करना था लेकिन वह नाकाम रही। राशिद ने मैच के बाद कहा था,' हम उस तरह का आक्रामक क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं, जिसके लिये हम मशहूर हैं। हमने खुद पर काफी दबाव बनने दिया। हमारे गेंदबाजों ने उन्हें 160 रन के नीचे रोक दिया लेकिन बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेले।' उन्होंने कहा,' टी20 क्रिकेट में कई बार पहले छह ओवर में ही मैच हाथ से निकल जाता है लेकिन आपको वापसी करनी होती है।'

## खबर संक्षेप




### 9 अक्टूबर से वुमेन्स इंडिया ओपन गोल्फ

**नई दिल्ली।** भारत और दुनिया की कई शीर्ष खिलाड़ी 17वें हीरो वुमेन्स इंडिया गोल्फ टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिसका आयोजन 9 से 12 अक्टूबर तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में किया जाएगा। इस 72 होल के टूर्नामेंट में 28 देशों की 114 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इस बार प्रतियोगिता की इनामी राशि में भी इजाफा किया गया है, जो चार लाख डॉलर से बढ़ाकर पांच लाख डॉलर कर दी गई। प्रतियोगिता की विजेता को 75 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। भारतीय महिला गोल्फ संघ (डब्ल्यूजीएआई) की अध्यक्ष कविता सिंह ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देखते हुए कहा, 'प्रतियोगिता की इनामी राशि चार लाख डॉलर से बढ़ाकर पांच लाख डॉलर कर दी गई है। हम बेहद रोमांचित है क्योंकि हमारी खिलाड़ियों के लिए यह काफी मायने रखता है। हमारे लिए यह बेहद गर्व की बात है लेकिन महिला टूर को जरूरी पहचान मिल रही है।'

### छह निशानेबाजों की उड़ान छूटी

**पुणे।** चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गोवा जा रहे पुणे के छह राइफल और पिस्टल निशानेबाज हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान उनके हथियारों और कारतूस को स्वीकृति देने में कथित देरी के



कारण अपनी उड़ान से चूक गए। सभी निशानेबाजों की उम्र 18 साल से कम है और उन्हें गोवा में होने वाली 12वीं पश्चिम क्षेत्र निशानेबाजी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए अकासा एयर के विमान से उड़ान भरनी थी। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अकासा एयर ने कहा कि निशानेबाज 'विशेष निशानेबाजी उपकरणों की मौजूदगी में उनके सामान से जुड़ी अतिरिक्त सुरक्षा प्रक्रियाओं' के कारण विमान में सवार नहीं हो सके। विमान कंपनी ने कहा कि उनकी टीम आवश्यक सहायता प्रदान कर रही हैं और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की जा रही है।

### लिवरपूल में नहीं जीतती तो दोबारा नहीं खेलूंगी

**नई दिल्ली।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी।



लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला। तोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने कहा ,' इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी।' उन्होंने कहा,' मैं हमेशा अपना शत प्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं।'

## वर्ल्ड एथलेटिक्स 2025 : जैवलीन थ्रो का फाइनल आज

# नीरज ने फाइनल में की जगह पक्की पहले राउंड में फेंका 84.85मी. भाला

एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारत के स्टार जैवलीन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स 2025 जैवलीन थ्रो इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। नीरज चोपड़ा ने पहले ही राउंड में 84.85 मीटर भाला फेंककर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस इवेंट का फाइनल 18 सितंबर गुरुवार को होगा।

### डिफेंडिंग चैंपियन हैं नीरज

नीरज चोपड़ा को इस इवेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए 84.50 मीटर भाला फेंकना था और उन्होंने पहले ही राउंड में इस बाधा को पार करते हुए ये उपलब्धि अपने नाम कर ली। नीरज चोपड़ा मौजूदा समय में भारतीय एथलीट विश्व चैंपियनशिप में जैवलीन थ्रो इवेंट के विजेता हैं और साल 2023 में उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। नीरज चोपड़ा इस इवेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं और वे जान जेलेजनी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) के बाद इतिहास में वर्ल्ड जैवलिन टाइटल को लगातार दो बार जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे।






सचिन यादव (भारत) **83.67** मीटर

### ग्रुप-ए से फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले टॉप-12 एथलीट

| | |
|---|---|
| जूलियन वेबर (जर्मनी) | - 87.21 मीटर |
| डेविड वेगनर (पोलैंड) | - 85.67 मीटर |
| नीरज चोपड़ा (भारत) | - 84.85 मीटर |
| जैकब वाडलेज (चेक गणराज्य) | - 84.11 मीटर |
| केशोर्न वालकॉट (त्रिनिदाद और टोबैगो) | - 83.93 मीटर |
| सचिन यादव (भारत) | - 83.67 मीटर |
| एडिस मातुसेविसियस (लिथुआनिया) | - 82.78 मीटर |
| सुमेधा रणसिंघे (श्रीलंका) | - 81.86 मीटर |
| साइप्रियन मृजीग्लोड (पोलैंड) | - 81.47 मीटर |
| लस्सी एटेलटालो (फिनलैंड) | - 81.33 मीटर |
| मार्क एंथोनी मिनिचेलो (USA) | - 80.47 मीटर |
| कीशॉन स्ट्रेचन (बाहमास) | - 80.03 मीटर |

### 2023 में 88.17 मीटर थ्रो के साथ जीता था गोल्ड मेडल

नीरज ने साल 2023 में 88.17 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे जबकि और याकुब वडलेच (86.67 मीटर थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार नीरज चोपड़ा के अलावा वर्ल्ड नंबर वन जूलियन वीबर ने दूसरे प्रयास में 87.21 मीटर थ्रो करते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। जूलियन वीबर ने पहले प्रयास में 82.29 मीटर थ्रो किया था। नीरज के साथ ग्रुप ए में भारत के सचिन यादव भी थे, जिन्होंने पहले प्रयास में 80.16 मीटर थ्रो किया। दूसरे प्रयास में भी सचिन फेल हो गए और उन्होंने 83.67 मीटर थ्रो किया। उन्होंने तीसरे प्रयास में 82.63 मीटर थ्रो किया और फाइनल में पहुंचने से चूक गए।




### नीरज बनाम नदीम

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में नीरज को पाकिस्तान के अरशद नदीम से कड़ी चुनौती मिलेगी। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम की चुनौती का सामना करेंगे। ऐसे में उनके पास पेरिस ओलंपिक में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का शानदार मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, चोपड़ा को 89.45 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा था।

### जूलियन वेबर ने दूसरे प्रयास में किया क्वालीफाई

नीरज ने लगातार 5वीं ग्लोबल चैंपियनशिप में ऐसा किया जब फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें सिर्फ एक प्रयास की जरूरत पड़ी। इससे पहले वह 2021 ओलंपिक, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक में ऐसा कमाल कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा पर अब फाइनल में लगातार दूसरी बार इतिहास रचने पर निगाहें लगी होंगी। नीरज के अलावा जर्मनी के जूलियन वेबर ने 87.21 मीटर थ्रो के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने दूसरे प्रयास में फाइनल का टिकट हासिल किया।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज

# गरजा स्मृति का बल्ला, 77 गेंद में शतक ठोककर रचा इतिहास




एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में महिला टीम इंडिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेल रही है।

इसके पहले मैच में फिफ्टी जड़ने वाली सलामी बल्लेबाज स्मृति मांधना ने दूसरे मैच में धमाल मचाया और 77 गेंद में वनडे करियर का 12वां शतक ठोका। इसके चलते महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक शतक जमाने वाली मांधना तीसरी बैटर बनी।

■ महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक शतक जमाने वाली तीसरी बैटर बनी मांधना

### मांधना-प्रतीका के बीच 70 रनों की साझेदारी

न्यू चंडीगढ़ के मैदान में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसका फायदा महिला टीम इंडिया की ओपनर स्मृति मांधना ने उठाया। मांधना ने एक छोर संभाले रखा और प्रतीका रावल के साथ मिलकर 70 रनों की साझेदारी निभाई। तभी रावल 32 गेंद में चार चौके से 25 रन बनाकर चलती बनी। लेकिन इसके बाद हरलीन देओल (10) और हरमनप्रीत कौर (17) जहां कुछ नहीं कर सकी तो स्मृति ने बल्ले से जवाब देना जारी रखा।

## चाइना मास्टर्स

# सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| शेनजेन

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए । पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया।

■ मलेशिया के आरिफ और याप को 42 मिनट में हराया

### पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त

वहीं हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गईं। महिला एकल में पीवी सिंधू प्री क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से बाहर जेमिमा



**मुल्लांपुर।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स वायरल बुखार के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी दो महिला वनडे मैच नहीं खेल सकेंगी, जिनकी जगह तेजल हसबनिस को टीम में शामिल किया गया है। रौड्रिग्स 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले फिट हो जाएंगी। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा,' महिला चयन समिति ने जेमिमा रौड्रिग्स के विकल्प के तौर पर तेजल हसबनिस को टीम में शामिल किया है।

### एशिया कप का बहिष्कार नहीं करेगा पाकिस्तान

**दुबई।** पाकिस्तान ने एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापिस ले ली है लेकिन मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को लेकर उसका ऐतराज बरकरार है और पीसीबी ने टीम के बाकी मैचों में जिम्बाब्वे के इस मैच रैफरी की जगह रिची रिचर्डसन को जिम्मेदारी देने की मांग की है। समझा जाता है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी को एक और ईमेल लिखकर पाइक्रॉफ्ट को उसके



सारे मैचों से हटाने की मांग की है, जिसे अभी तक आईसीसी ने माना नहीं है। पाइक्रॉफ्ट को पाकिस्तान और यूएई के बीच आज शाम को होने वाले मैच में भी रैफरिंग करनी है। विवाद की शुरुआत तब हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत भारतीय टीम ने रविवार को मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा मैच के बाद पुरस्कार समारोह में नहीं आए।

### मेस्सी के गोल से इंटर मियामी जीता ...



**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने सीएटल सोंडर्स को 3-1 से हराया। सोंडर्स ने लीग कप फाइनल में 31 अगस्त को इंटर मियामी को 3-0 से हराया था। मेस्सी ने 12वें मिनट जोर्डी अल्बा को पास दिया, जिन्होंने मियामी को बढ़त दिलाई।

### सेमीफाइनल में अंतिम ज्योति और राधिका बाहर

**जाग्रेब।** अंतिम पंघाल ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पांचवें दिन बुधवार को चीन की जिन झांग के खिलाफ आखिरी क्षणों में 'टेक-डाउन' (जमीन पर गिराकर अंक बनाना) करके महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और भारत की पदक की उम्मीद बरकरार रखी लेकिन राधिका और ज्योति बेरीवाल बाहर हो गईं। अपने दूसरे विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में जुटी युवा अंतिम ने अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की जब उन्होंने स्पेन की कार्ला जैम सोनेर को मात्र 23 सेकेंड में नॉकआउट कर दिया लेकिन झांग के रूप में उन्हें एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी मिली, जिसे उन्होंने 9-8 से हरा दिया। अंतिम ने दो अंक के साथ झांग को असंतुलित करके 'डबल-लेग टेक-डाउन' किया। भारतीय खिलाड़ी ने 'हेड-लॉक' मूव के साथ अपनी बढ़त दोगुनी कर दी, जिसे उन्होंने टेक-डाउन में बदल दिया।

## चैंपियंस लीग फुटबॉल : मैड्रिड ने मार्सिले को 2-1 से हराया

# 200 मैच जीतने वाली पहली टीम बनी रीयल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियान एमबाप्पे ने पेनल्टी पर दो गोल दागे, जिससे 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल के पहले दिन मार्सिले को 2-1 से हराया। इस जीत का मतलब है कि 15 बार का चैंपियन मैड्रिड 1990 के दशक की शुरुआत में प्रतियोगिता को नए सिरे से पेश किए जाने के बाद 200 जीत तक पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी जाबी अलोंसो ने इसके साथ क्लब के कोच के रूप में अपने चैंपियन्स लीग पदार्पण में जीत के साथ आगाज किया। टिमोथी वीह ने शुरुआत में ही मार्सिले को बढ़त दिला दी लेकिन एमबाप्पे ने 29वें और 81वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिला दी। एमबाप्पे के अब मैड्रिड के लिए 64 मैच में 50 गोल हो गए हैं। टोटेनहैम ने गोलकीपर लुईज जूनियर के आत्मघाती गोल से विलारीयाल को 1-0 से हराया।




तूरिन में बोरुसिया डोर्टमंड और यूवेंटस ने 4-4 से ड्रॉ खेला जबकि काराबेग ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेनफिका को 3-2 से हराया। आर्सेनल ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराया जबकि टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे बेल्जियम के यूनियन सेंट गिलोइसो ने पीएसवी आइंडहोवेन को 3-1 से शिकस्त दी।

### गोलकीपर को मारी टक्कर कार्वाजल को लाल कार्ड

चैंपियन्स लीग के मैच में मार्सिले के गोलकीपर गेरोनिमो रुली को सिर से टक्कर मारने के बाद रीयाल मैड्रिड के अनुभवी डिफेंडर दानी कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैड्रिड के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रुली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया। उस समय मैड्रिड के कप्तान कार्वाजल चोटिल ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की जगह लेने के लिए पांचवें मिनट में मैच में उतरे थे। घटना के समय मैच 1-1 से बराबरी पर था।

### जबलपुर में अनूठी पहल

# नर्मदा किनारे ग्राम सगडा झपनी में मियावाकी पद्धति से किया जा रहा 'नमो उपवन' का विकास

हरिभूमि, जबलपुर।

रधानमंत्री नरेन्द्र जन्मदिवस पर मंगलवार 17 सितंबर से प्रारंभ हुये सेवा पखवाडा अभियान के अंतर्गत जबलपुर जिले ने नवाचार के तौर पर मियावाकी पद्धति से नमो उपवन के विकास की शुरूआत कर प्रदेश भर में अनूठा और अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस नवाचार के तहत माँ नर्मदा के किनारे बसे जनपद पंचायत जबलपुर के ग्राम पंचायत सगडा झपनी में मियावाकी पद्धति से कुल 6 हजार 990 पौधों का पौधारोपण किया जाकर 'नमो उपवन' का निर्माण किया गया है।

नर्मदा परिक्रमा पथ पर परिक्रमा वासियों के आश्रय स्थल के लिये चिन्हित भूमि में से करीब 26 हजार वर्गफुट पर विकसित किये जा रहे नमो उपवन में आज सेवा पखवाड़ा के पहले दिन पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, उपाध्यक्ष श्री विवेक पटेल, जनपद पंचायत जबलपुर के अध्यक्ष चंद्र किरण गिरी, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गेहलोत तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुये।



#### क्या है मियावाकी पद्धति

मियावाकी पद्धति एक वैज्ञानिक पौधारोपण तकनीक है, जिसे जापान के प्रसिद्ध वनस्पति वैज्ञानिक डॉ। अकीरा मियावाकी ने विकसित किया। इस पद्धति का उद्देश्य प्राकृतिक वनों की तरह घने, आत्मनिर्भर और जैव विविधता से परिपूर्ण जंगल तैयार करना है। इस पद्धति में भूमि की गहरी खुदाई कर उसमें जैविक खाद, गोबर खाद और कम्पोस्ट मिलाया जाता है। फिर 3 पौधे प्रति वर्ग मीटर की घनत्व से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। नियमित सिंचाई, मल्चिंग और रखरखाव के कारण 2-3 वर्षों में पौधे पूरी तरह विकसित

#### माँ शब्द में आकार में पहाड़ी पर बनाया जा रहा नमो उपवन

ग्राम सगड़ा झपनी में नमो उपवन का निर्माण नर्मदा परिक्रमावासी के आश्रय के लिये चिन्हित आश्रय स्थल के पास पहाड़ी पर बनाया जा रहा है। कुल सात एकड़ के इस पूरे क्षेत्र में तार फेंसिंग कर दी गई है। इसमें से 26 हजार वर्ग फीट में मियाबाँकी तकनीक से कुल 6 हजार 990 पौधे रोपे किये जा रहे है। इन पौधों में सीताफल, नीम, जामुन, आम, अर्जुन, गुलमोहर, इमली, कदम, गुलर, शीशम प्रजाति के 2 हजार 330 पौधे, कचनार, झारूल, करंजी, आवंला, मौलश्री, अमलतास, कनेर (पीला), टीकोमा, बाटलब्रश, बेल प्रजाति के 2 हजार 330 पौधे तथा चांदनी, चमेली, मधुकामनी, कनेर (लाल), मोगरा, मेंहदी, गंधराज, मधुमालती, कलिंद्रा, देसीरोज प्रजाति के भी 2 हजार 330 पौधे और कुल 6 हजार 990 पौधे मियाबाँकी पद्धति से रोपित किये जा रहे हैं।

#### विपरीत परिस्थितियों में खुदाई

पहाड़ी पर ढलान और कठोर चट्टानों वाली इस भूमि पर विशेष प्रयास करते हुये सहायक यंत्री रामराज दांगी, संबंधित सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा चुनौतियां का सामना करते हुये पौधा रोपण हेतु गड्डे कराये गये। पौधा रोपण में स्थानीय स्तर पर निर्मित किये गये जीवामृत का उपयोग किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में नमो उपवन की कार्ययोजना को अमल में लाने में जनपद पंचायत जबलपुर की टीम का सराहनीय योगदान है।

#### भविष्य की योजना

भविष्य में यहां पर नर्मदा परिक्रमावासियो के लिये आश्रय स्थल का निर्माण किया जायेगा जो कि संपूर्ण सुविधायुक्त होगी। जिससे कि नमो उपवन का लाभ नर्मदा परिक्रमावासी के साथ-साथ जिले के समस्त नागरिकों को पर्यटन के रूप में लाभ मिल सके। भविष्य में इस स्थान पर आजीविका मिशन से 'होम स्टे', गौशाला आदि भी विकसित किये जायेगे।

---


अन्य हाईकोर्ट के आदेश के मद्देनजर वापस ली गई जनहित याचिका

## हाई कोर्ट ने जाली एलएलबी-थ्री मामले का किया पटाक्षेप

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अभिनेता अक्षय कुमार व अरशद वारसी अभिनीत फिल्म जाली एलएलबी-थ्री मामले में दायर जनहित याचिका वापस लिए जाने का निवेदन स्वीकार कर लिया। इसी के साथ चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने प्रकरण का पटाक्षेप कर दिया।

जनहित याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं की ओर से समान प्रकृति के मामले में अन्य हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश के आधार पर जनहित याचिका वापस लेने पर बल दिया। इस फिल्म की रिलीज डेट 19 सितंबर है।



जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता प्रांजल तिवारी की ओर से दायर जनहित याचिका में आपत्ति का मुख्य बिंदु गाने के बोल थे, जिनके जरिए वकालत जैसे नोबल प्रोफेशन को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास करने का आरोप लगाया गया था। उनका तर्क था कि रगो में तगड़मबाजी है, हर ताले की चाबी है, लगा के सेटिंग ऐसी रखी, बास भी हमसे राजी है, गाड़ी ठोंक के गोली मार, पकड़ी ड्रग चली तलवार, हर केस की पैकेज डील है, फिक्र ना कर तेरा भाई वकील है, कबीरा इस संसार में, सबसे सुखी वकील, जीत गए तो मोटी फीस, हार गए तो अपील, यह शब्दावली सर्वथा अनुचित है। जनहित याचिकाकर्ता ने भाई वकील है, गाने में अभिनेता अक्षय कुमार व अरशद वारसी द्वारा वकालत का नेकबैंड पहनकर नाचने को भी मानहानिकारक निरूपित किया था।

## सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक का निलंबन आदेश निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक का निलंबन आदेश निरस्त कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निलंबन अवधि का निर्वाह भत्ता देने के निर्देश भी दिए। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने इसके लिए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक को 60 दिन में निर्णय लेने के निर्देश दिए। जबलपुर निवासी संजय कुमार विश्वकर्मा की ओर से अधिवक्ता सुघोष भमोरे व निशांत मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता सहकारी समिति में सहायक प्रबंधक के पद पर पदस्थ था और उसे 8 मई 2024 को निलंबित कर दिया था। दलील दी गई कि नियमानुसार सामान्य तौर पर निलंबन अवधि 3 माह की होती है। इसके बाद बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की अनुमति के बाद ही निलंबन का समय बढ़ाया जा सकता है। याचिकाकर्ता एक वर्ष से भी अधिक समय से निलंबित है, जोकि विधि विरुद्ध है।

## हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा घटाकर तीन वर्ष की

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि सेशन कोर्ट ने कानून का समुचित मूल्यांकन किए बिना उम्रकैद की सजा सुनाने की गलती की है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने उम्रकैद की सजा घटाकर तीन वर्ष कर दी। मामला बैतूल जिले के मुलताई न्यायालय के आदेश से संबंधित था। कोर्ट ने पाया कि आरोपित पर नाबालिग चचेरी बहन से दुष्कर्म का आरोप लगा था। लेकिन इस मामले में अपराध दर्ज करने वाली पुलिस ने ठीक से अनुसंधान नहीं किया। स्लाइड आदि तैयार करने जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। इसी वजह से ऐसी धारा अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध हो गया, जिसमें उम्रकैद की सजा का प्रविधान है। जबकि आरोपित के विरुद्ध अधिकतम महज तीन वर्ष तक के कारावास का ही दोष सिद्ध हो रहा है।

## कृषि विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए काउंसिलिंग शुरू

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर तथा राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर ने कृषि शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत कर दी है। इन पाठ्यक्रमों में बी.एससी (कृषि), बी.एससी (उद्यानिकी), बी.एससी (वानिकी) तथा बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी) शामिल हैं। यह पहल युवाओं को आधुनिक कृषि विज्ञान से जोड़ने और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे के निर्देशन तथा कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन के मार्गदर्शन में यह प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है। काउंसिलिंग से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी जैसे काउंसिलिंग कार्यक्रम, जरूरी दस्तावेजों की सूची और दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइटों तथा एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

## मृतक के विरुद्ध दायर अपील विचारणीय नहीं : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि मृतक के विरुद्ध अपील विचारणीय नहीं है। मृतक के कानूनी प्रतिनिधियों के विरुद्ध अपील जारी रखने अपीलकर्ता ने न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने का कोई आवेदन दायर नहीं किया है। अपीलकर्ता की ओर से 15 मई, 2025 को अपील दायर की गई थी और मृत्यु प्रमाण-पत्र के अनुसार प्रतिवादी की मृत्यु सात दिसंबर, 2024 को हो गई थी। जस्टिस विशाल मिश्रा व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने अपील अस्वीकार किए जाने योग्य पाकर निरस्त कर दी। दरअसल, अपीलकर्ता जबलपुर निवासी आशा पटेल की ओर से कहा गया था कि उसका विवाह आठ जून, 1990 को अशोक कुमार वर्मा से हुआ था। कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए अप्रैल, 2015 में तलाक की डिक्री पारित की थी। जिसके विरुद्ध अपील दायर की गई है। अपील में कहा गया था कि पति की मृत्यु हो चुकी है। विवाद पति की संपत्ति से संबंधित है।

## जानलेवा हमला कर स्कूटी लेकर भागा आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत लोहिया पुल के पास लालमानी ट्रेडर्स के पीछे गोलबाजार में एक बदमाश ने एक स्कूटी सवार युवक को जबरन रोका और गालीगलौज करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चाकू व स्कूटी जब्त की है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमखेरा कुदवारी गोहलपुर निवासी 35 वर्षीय कृष्णा शर्मा गत दिवस एसएस एडवरटाईजमेन्ट गोल बाजार से अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी-20-एमजेड-0507 से अपने घर के लिये वापस जा रहा था शाम 7।30 बजे जैसे ही लोहिया पुल के पास लालमानी ट्रेडर्स के पीछे तरफ पहुंचा तभी उसकी पहचान का पिन्टू गोटिया मिला और उसकी गाडी के सामने आ कर जबरन रोक लिया और गालीगलौज करते हुए उसके सीने पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे कृष्णा स्कूटी सहित नीचे गिर पडा उसके बाद पिन्टू ने पीठ मे भी चाकू से हमला कर दिया, उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर मनोज विश्वकर्मा और साहिल खान आये तो पिन्टू उसकी गाडी लेकर वहां से भाग गया। मनोज और साहिल ने घायल कृष्णा को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस मामलें के आरोपी बीएसएनएल कालोनी घमापुर निवासी 34 वर्षीय पिंटू उर्फ अखिलश गोटिया को गिरफ्तार कर लूटी हुई एक्टीवा एमपी-20-एमजेड-0507 एवं घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर ली है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 126(2),109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है।

अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 ने रचा इतिहास

## 350 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता से 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट लगातार 350 दिन तक संचालित होने में सफल हुई। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में यह प्रथम विद्युत उत्पादन यूनिट है जिसने लगातार 350 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड स्थापित किया। इस बात की पूरी संभावना है कि अगले 15 दिन में यह यूनिट लगातार 365 दिन या एक वर्ष तक सतत व निर्बाध विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाएगी। उल्लेखनीय है कि 210 मेगावाट क्षमता की यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। इससे पूर्व इस यूनिट ने इस यूनिट ने 27 अगस्त 2023 से 22 जून 2024 तक 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया था। इस यूनिट के सतत



बिजली उत्पादन करने से प्रदेश की बिजली की आपूर्ति को विश्वसनीय बनाने के पावर जनरेटिंग कंपनी के उद्देश्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

#### विभिन्न मापदंडों में भी मिली उपलब्धि

210 मेगावाट की यूनिट ने जिस समय 350 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विभिन्न मापदंडों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। यूनिट ने 98।71 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 95।97 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 9।18 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की।

#### ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए उनकी सराहना करते हुए कहा कि समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता से लक्ष्य अर्जित करने का यह सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय उदाहरण है।

## स्मार्ट मीटर को लेकर कंपनी ने की भ्रांतियां दूर, पारदर्शी होने का किया दावा

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर फैली भ्रांतियों पर स्थिति स्पष्ट की है। कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनसे जुड़ा डाटा भारत में स्थित क्लाउड सेंटर में ही संग्रहित किया जाता है। कंपनी ने यह भी बताया कि स्मार्ट मीटर स्थापित करने वाली एजेंसी अल्फ़ानार भारत में पंजीकृत है और सभी नियमों का पालन कर रही है। सऊदी मूल की यह कंपनी भारत से स्थलीय सीमा साझा नहीं करती, इसलिए डीपीआईआईटी पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को पारदर्शी बिलिंग की सुविधा मिल रही है। यदि किसी उपभोक्ता को संदेह हो तो वे चेक मीटर लगवा सकते हैं और स्मार्ट बिजली ऐप से निगरानी भी रख सकते हैं।



*हथियारों के साथ 5 से अधिक नकाबापोश दिख रहे सीसीटीवी फुटेज में*

## 1 हफ्ते बाद भी नहीं लगा 35 लाख चोरी का सुराग

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत राजुल सिटी में एक सूने डुप्लेक्स का ताला तोड़कर चोर 35 लाख से अधिक के जेवर चोरी कर ले गए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस इस बड़ी चोरी की वारदात पर चुप्पी साधे है। जबकि घटना के दूसरे दिन ही पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाले, जिसमें 5 से ज्यादा बदमाश हथियारों के साथ कैमरे में दिखाई दे रहे हैं। सभी ने अपना चेहरा ढंक रखा हैं। बताया गया है कि गोहलपुर राजुल सिटी स्थित ड्यूप्लेक्स क्रमांक 127 में लवेश जगवानी अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। मकान उनकी मां अलका जगवानी के नाम पर है, जो अपने पति के साथ कटनी में रहती हैं। 12 सितंबर की सुबह लवेश बालाघाट गए थे और उनकी पत्नी मायके चली गई थी। इस दौरान ड्यूप्लेक्स का ताला तोड़कर चोरों ने सोने के जेवर व नगदी रुपए पर हाथ साफ कर दिया। बीती दोपहर पड़ोसी वर्षा पांडे ने फोन कर अलका जगवानी और लवेश को चोरी की सूचना दी। खबर मिलते ही अलका जबलपुर पहुंचीं और देर रात करीब 10 बजे बेटा लवेश भी लौट आया। इस बीच आसपास के लोगों ने गोहलपुर पुलिस को भी जानकारी दे दी थी।

लवेश जगवानी ने बताया कि अज्ञात चोर अलमारी तोड़कर करीब 35 तोला सोने के जेवर, नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। परिजनों का कहना है कि घटना की शिकायत दर्ज हुए कई दिन बीत चुके हैं और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंप दिए गए हैं, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वहीं पड़ोसियों का कहना है कि पॉश कॉलोनी में इस तरह की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था और गार्डों की लापरवाही को भी उजागर करता है। पुलिस का कहना है कि चोरी में शामिल पांच से अधिक बदमाश थे, जिन्होंने चेहरों को कपड़े से ढक रखा था। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं और कुछ संदिग्धों की पहचान की जा रही है।

## हत्या के प्रयास का फरार ईनामी बदमाश पिस्टल सहित पकड़ा गया

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने एक फरार ईनामी शातिर बदमाश को एक पिस्टल और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पर कई अपराधिक मामलें दर्ज है। रांझी में हत्या के एक प्रयास में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का ईनाम पुलिस अधीक्षक द्वारा घोषित किया गया। मुखबिर की सूचना पर एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास उसे गिरफ्तार कर लिया है। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि सुभाषनगर झंडा चौक रांझी निवासी 24 वर्षीय सौरभ सिंह ठाकुर को गिरफ्तार उसके पास से एक पिस्टल एवं एक कारतूस जप्त की गई है। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये मामला जांच में लिया है। उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध हत्या का प्रयास अवैध वसूली, मारपीट, आर्म्स के 1 दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है।

## पत्नी पर बका से किया जानलेवा हमला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत नर्मदानगर में दरवाजा देर से खोलने का कारण पूछने की बात पर एक पति ने अपनी पत्नी पर बका से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आई उनकी बेटी भी घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदानगर गोहलपुर निवासी 45 वर्षीय श्रीमति सोनी गुप्ता अपने मोबाईल में बैलेंस डलवाने अपनी बेटी के साथ नवीन मोबाइल सोनू किराना के पास गई थी। रात 9।30 बजे वापस घर आई तो पति जगदीश गुप्ता ने अन्दर से दरवाजा बंद कर दिए थे, दरवाजा खटखटाने पर पति ने दस मिनट बाद दरवाजा खोला तो उसने देर से दरवाजा खोलने का कारण पूछा तो पति जगदीश गुप्ता इसी बात पर से नाराज होकर तू मुझे रोज प्रताड़ित करती है कहते हुए गाली देने लगे, गाली देने से मना करने पर पति ने जान से मारने की धमकी देते हुए बका से उस पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसके पेट में, सीने में, तथा हाथ, सिर में चोटें आ गई। बेटी ने बीच बचाव किया तो उसे भी हाथ में चोट लग गई। पुलिस ने आरोपी पति जगदीश गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

*3 आरोपियों पर अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज*

## दुकान पर कब्जा करने गायब कर दिया 5 लाख का माल

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत लक्ष्मीनारायण मार्केट के समीप मेन रोड में एक किराए की दुकान पर कब्जा लेने के बहाने दुकान में रखा सामान खुर्दबुर्द कर दिया और मकानमालिक ने अपना ताला लगा दिया। किराएदार को जब अपना सामान वापस नहीं मिला तो उसने रांझी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई उसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 103 विजय टावर रांझी निवासी राम मनोहर उर्फ अभिजीत पुरोहित ने रांझी मेन रोड में वर्ष 2005 में श्रीमति श्यामाबाई यादव से 1800 रूपये प्रति माह की दर से किराये में दुकान ली थी जिसमें पतंजलि जनरल आईटम का स्टोर खोला था। श्यामा बाई के निधन के बाद उनकी नातिन कामना यादव को किराए का भुगतान करता था। बाद में कामना यादव ने दुकान खाली करने को कहा तो उसने 2 लाख पगड़ी जो थी उसकी डिमांड रखी और उसी शर्त पर दुकान खाली करने को राजी हुआ। लेकिन 30 सितंबर 2024 को कामना यादव अपने पति मनीष रजक, किराएदार आशीष विश्वकर्मा व मजदूरों को साथ लेकर उसकी दुकान पर आयी और दुकान का ताला तुड़वाने लगे, राममनोहर दुकान पर पहुंचा और उनसे बातचीत की, तो आशीष विश्वकर्मा ने कहा यह दुकान मैने किराए पर ले ली है और तीनों ने कहा कि तुम्हारा फर्नीचर, दस्तावेज व गृहस्थी का अन्य सामान तुम्हे वापस कर दिया जाएगा। तीनों ने उसका ताला तोड़कर अपना ताला लगा दिया। उसने कई बार तीनों को दुकान में रखा सामान वापस करने को कहा लेकिन उनके द्वारा आश्वसन दिया जाता रहा लेकिन सामान वापस नहीं किया गया है तीनों के द्वारा मिलकर उसकी दुकान में रखा सामान, काउंटर, फर्नीचर, होम थियेटर, दस्तावेज, काउंटर में रखे लगभग 200-250 रुपए के चिल्लर, बर्तन एवं गृहस्थी का समान कीमती करीब 5 लाख रूपये का अमानत में खयानत कर खुर्द बुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामलें में आरोपी कामना यादव, मनीष रजक व आशीष विश्वकर्मा के खिलाफ धारा-316 (2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240